सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:49

| आज का तापमान | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.5 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.0 न्यू | 17.8 अधि |
| **बाजार** | | |
| सेंसेक्स | | 76119.33 |
| निफ्टी | | 23203.20 |
| सोना 79,280 | चांदी 96,725 | |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 19 जनवरी 2025 | 6 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 22, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




स्वियातेक की राडुकानु पर आसान जीत

पृष्ठ 14 पर


WEMBLEY SINCE 1961

(An ISO 9001-2008 Certified Co.)

Wembley Paints & Chemicals

Bring Home Wide Range of Premium Interior & Exterior Paints

Winner of National Award 2015

Winner of GOLDEN PEACOCK AWARD LONDON

High Gloss Emulsion For Exterior & Interior

High Build Primer for High Gloss Emulsions

WEMBLEY

THE COMPLETE SOLUTION

For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)

JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437

Authorized Distributors For: Himachal Pradesh

Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.


## न्यूज शॉर्ट्स

### उपलब्धिः विकास लिक्विड इंजन को किया पुनः चालू




**बेंगलुरु।** इसरो ने अपने विकास तरल इंजन को पुनः चालू करने संबंधी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। विकास इंजन का उपयोग प्रक्षेपण यानों के तरल चरणों (लिक्विड स्टेज) को शक्ति प्रदान करने में किया जाता है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण प्रौद्योगिकियों के विकास में मील का पत्थर है। विभिन्न परिस्थितियों में इंजन को पुनः चालू करने के लिए कई परीक्षण किए जा रहे हैं। इस परीक्षण में इंजन को 60 सेकंड के लिए चालू किया गया, फिर इसे 120 सेकंड के लिए बंद किया गया, फिर पुनः चालू किया गया।

### छत्तीसगढ़ में पकड़ा सैफ पर हमला करने वाला संदिग्ध

**नई दिल्ली।** मुंबई पुलिस ने सैफ अली खान पर हुए हमले के मामले में एक और संदिग्ध को छत्तीसगढ के दुर्ग से हिरासत में लिया है। आकाश कैलाश कन्नौजिया नाम का संदिग्ध ट्रेन में यात्रा कर रहा था, जिसके बाद लोकल पुलिस की मदद से उसे ट्रेन से उतार लिया गया। मुंबई पुलिस ने आरपीएफ को संदिग्ध की तस्वीर और ट्रेन नंबर की जानकारी भेजी थी। फिलहाल, आकाश आरपीएफ की हिरासत में है। युवक मुंबई से बिलासपुर जा रहा था और जरनल बोगी में यात्रा कर रहा था।



### चंबा में भूकंप से डोली धरती, 3.2 रही तीव्रता



**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शनिवार दोपहर करीब 3 बजकर 51 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.2 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, जमीन के भीतर इसकी गहराई 5 किलोमीटर रही। अब तक इससे किसी भी प्रकार के जान व माल के नुकसान की सूचना नहीं है। हालांकि, झटकों की तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादातर लोग इन्हें महसूस नहीं कर पाए।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- बुजुर्गों को व्हीलचेयर पर ले जाने को मजबूर हो रहे लोग -पेज 2
- प्रदेश में अगले 6 दिनों तक बारिश-बर्फबारी की संभावना -पेज 3
- रेलवे लाइन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी -पेज 6
- नाइजीरिया को ब्रिक्स पार्टनर देश का दर्जा -पेज 13
- बैडमिंटन कोच अरुण ने राष्ट्रीय टीम छोड़ी -पेज 14


# महाकुंभः 5.51 करोड़ रुद्राक्ष से 12 ज्योतिर्लिंग की अनोखी दुनिया बसाई

एजेंसी, प्रयागराज

**महाकुंभ** में रुद्राक्ष का अलग नजारा देखने को मिल रहा है। 5 करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष के जरिए एक अनोखी दुनिया बसाई गई है। 5 करोड़ 51 लाख रुद्राक्ष के सहयोग से संगम किनारे बारह ज्योतिर्लिंग का निर्माण किया गया है। यह अनोखा संकल्प इसलिए किया जा रहा है, ताकि भारत और विश्व का कल्याण हो।

रुद्राक्ष से त्रिवेणी के किनारे द्वादश ज्योतिर्लिंग का निर्माण हुआ है। 5 करोड़ 51 लाख रुद्राक्षों से भगवान शिव का 11 फुट ऊंचा ज्योतिर्लिंग बनाया है। ज्योतिर्लिंग की चौड़ाई 9 फुट है, जो कि नौ निधियों के लिए है। ज्योतिर्लिंग के पास 11 करोड़ मंत्रों का जप पूरा किया जाएगा। हजारों दीपक जलाकर बाबा भूतनाथ से प्रार्थना की जाएगी कि देश के साथ-साथ विदेश के लोगों का भी संकल्प सिद्ध हो। इस महासाधना में तैयार शिवलिंग के चारों तरफ 11 हजार त्रिशूल स्थापित किए गए हैं।




शिवलिंग के चारों तरफ 11 हजार त्रिशूल स्थापित

### महाकुंभ में महा ऑफर, दो हजार रुपए में पूरा प्रयागराज घूमने का मौका

**प्रयागराज** को संगम नगरी महाकुंभ के रूप में जाना जाता है, लेकिन यहां हर गली और क्षेत्र अध्यात्म, इतिहास और संस्कृति की अनोखी कहानी कहता है। इन दिनों महाकुंभ के चलते यहां देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में सैलानी आ रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने 'हेरिटेज टूअर' शुरू किया है। यह टूअर 13 जनवरी से शुरू हुआ है और इसे ऑनलाइन बुकिंग के जरिए केवल 2020 रुपए में बुक किया जा सकता है। बुकिंग के www.upstdc.co.in पर जाएं।

### राजनाथ सिंह ने संगम में लगाई डुबकी



**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को संगम में डुबकी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच उन्होंने स्नान किया। उनके पहुंचने से पहले आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने कब्जे में ले लिया था। स्निफर डॉग्स और बम स्क्वायड जांच की।

### 144 साल बाद आया ऐसा महाकुंभ, सभी को जाना चाहिए : राज्यपाल शुक्ल

**हिमाचल** के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल शनिवार को रामनगरी अयोध्या पहुंचे। सबसे पहले हनुमानगढ़ी में माथा टेका और फिर रामलला के दर्शन किए। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 144 साल बाद इस महाकुंभ का अवसर आया है, सभी को जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं भी शुद्ध मन से आया हूं कि राष्ट्र हमेशा बढ़ता रहे, यह हनुमान जी से प्रार्थना है। हनुमान जी से अधिक राष्ट्र को बढ़ाने में कोई उपयुक्त नहीं हो सकते। मैं भी महाकुंभ में जाऊंगा, क्योंकि 144 वर्षों बाद आया है। स्वाभाविक है कि इस बार के बाद संभव नहीं होगा कि यह अवसर मिल सके। सबको कुंभ में जाना चाहिए।



# ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बजट में लाएंगे विस्तृत योजना : सुक्खू

## कहा- भाजपा ने लुटाया प्रदेश का खजाना, हम ले रहे कड़वे फैसले

संजय अग्रवाल, जवाली



**कांगड़ा** जिले के शीतकालीन प्रवास के दूसरे दिन सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाली में जनसभा को संबोधित करते पूर्व भाजपा सरकार पर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी बजट में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विस्तृत योजना लेकर आएगी।

उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने सत्ता का दुरुपयोग कर प्रदेश को बर्बादी की दहलीज पर खड़ा कर दिया। पांच साल में प्रदेश का खजाना भाजपा ने जमकर लुटाया, लेकिन हमारी सरकार कड़वे फैसले ले रही है। चुनावों से पहले पूर्व भाजपा सरकार ने जनता के 5000 करोड़ रुपए राजनीति के लाभ के लिए बांट दिए, ताकि चुनाव जीत सके। इसका खुलासा विभागों के साथ हुई बैठक में हुआ है। भाजपा की वजह से गुणात्मक शिक्षा में 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भाजपा ने चुनावों के दौरान 900 संस्थान खोल दिए। भाजपा सरकार ने पांच साल में शराब के ठेकों से सिर्फ 685 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया था। हमारी सरकार ने शराब के ठेकों की नीलामी से एक साल में ही 600 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में जमा कर दिए। शराब के ठेकों में घोटाला के बारे में भाजपा सरकार में रहे आबकारी मंत्री जवाब नहीं दे पाए हैं। (अनंत ज्ञान)

भाजपा ने 5000 करोड़ राजनीति के लाभ के लिए बांटे

### भाजपा ने शिक्षा के नाम पर बच्चों के साथ किया घटिया मजाक

**सुक्खू** ने कहा कि हमने उन स्कूलों को बंद किया, जहां शिक्षक ही नहीं है। ऐसे कई स्कूल हैं, जहां पाच-पांच स्कूल एक शिक्षक चला रहा है। पूर्व भाजपा सरकार ने शिक्षा के नाम पर बच्चों व उनके परिजनों से घटिया मजाक किया। पूर्व भाजपा सरकार ने आंखें बंद कर स्कूल खोल दिए, लेकिन अध्यापक तैनात नहीं कर पाई। पीएससी व अस्पताल खोले, वहां भी डॉक्टर नहीं तैनात किए। पूर्व सरकार की नाकामियों के कारण शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश देश में निचले स्तर पर पहुंच गया है।

# हिरासत में आरोपी की मौत मामले में पूर्व आईजी सहित आठ दोषी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**शिमला** जिले के कोटखाई में 2017 में गुड़िया रेप व हत्याकांड मामले में गिरफ्तार आरोपी सूरज की पुलिस हिरासत में हुई मौत के मामले में पूर्व आईजी जहूर हैदर जैदी सहित आठ पुलिसकर्मियों को चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट ने दोषी करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट में मुकदमा चल रहा था। सजा पर फैसला 27 जनवरी को होगा।

वहीं, दोषी करार देने के बाद पुलिस ने पूर्व आईजी जहूद हैदर जैदी, डीएसपी मनोज जोशी, एसएचओ राजेंद्र सिंह, एएसआई दीप चंद, एचएचसी सूरत सिंह, मोहन लाल, हेड कांस्टेबल रफीक और कांस्टेबल रंजीत स्ट्रेटा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। गवाहों के बयान व सुबूतों के अभाव में नामजद तत्कालीन एसपी डीडब्ल्यू नेगी को बरी कर दिया है। कोटखाई के एक स्कूल की स्टूडेंट 4 जुलाई, 2017 को लापता हो गई थी। दो दिन बाद जंगल से उसकी लाश बरामद हुई थी। मामले में एसआईटी ने स्थानीय युवक समेत पांच मजदूरों को गिरफ्तार किया था, जिनमें नेपाली युवक सूरज भी शामिल था।

गुड़िया रेप एंड मर्डर मामला

### 2017 को लापता छात्रा का जंगल में मिला था शव



**शिमला** जिले के कोटखाई में 4 जुलाई 2017 को लापता हुई 16 वर्षीय छात्रा का शव कोटखाई के तांदी के जंगल में निर्वस्त्र हालत में मिला था। जांच के लिए शिमला के तत्कालीन आईजी सैयद जहूर हैदर जैदी की अध्यक्षता में एसआईटी गठित की थी, जिसने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार सूरज की कोटखाई थाने में पुलिस हिरासत के दौरान मौत हो गई थी। मौत का मामला सीबीआई को सौंपा। जांच में खुलासा हुआ कि सूरज की मौत पुलिस प्रताड़ना के कारण हुई थी। वर्ष 2017 में इस मामले को शिमला जिला अदालत से चंडीगढ सीबीआई अदालत में ट्रांसफर कर दिया था।

### सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले का करते हैं सम्मान : मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हम बहुचर्चित गुड़िया दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले का सम्मान करते हैं। मैंने अभी पूरा फैसला पढ़ा नहीं है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी पुलिसकर्मी को गलत तरीके से सजा न मिले। उन्होंने कहा कि मामले का पूरी तरह से अध्ययन किया जाएगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पुलिस ने अपना दायित्व सही तरीके से निभाया है।

### 162 दिन बाद मिला न्याय, अदालत कल सुनाएगी सजा

# ट्रेनी डॉक्टर से रेप करने का आरोपी संजय रॉय दोषी करार

एजेंसी, कोलकाता

**कोलकाता** की अदालत ने आरजी कर अस्पताल में ट्रेनी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में आरोपी संजय रॉय को शनिवार को दोषी करार दिया।



सियालदह अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने कहा कि इस मामले में सोमवार को सजा सुनाएंगे। यह फैसला पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में शुरू हुई सुनवाई के लगभग दो महीने बाद और नौ अगस्त 2024 को घटित इस जघन्य अपराध के 162 दिन बाद सुनाया गया। आरोपी संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत बलात्कार और हत्या का दोषी पाया गया। वहीं, संजय रॉय ने अदालत में दावा किया कि उसे फंसाया गया है। मृतका के माता-पिता ने न्यायाधीश का धन्यवाद किया।

# पीएम मोदी ने बांटे 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड

## बोले- यूएन ने गरीबी हटाने के लिए प्रॉपर्टी राइट्स की बात कही थी, हमने सवा 2 करोड़ दस्तावेज सौंपे

एजेंसी, नई दिल्ली

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 65 लाख से ज्यादा स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन गांवों के लिए अर्थव्यवस्था के लिए अहम है। पांच साल पहले यह योजना शुरू की गई थी, ताकि गांव में रहने वालों को उनके घर का कानूनी प्रमाण दिया जा सके।



उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में प्रॉपर्टी राइट्स की चुनौती रही है। कई साल पहले यूनाइटेड नेशंस (यूएन) ने कई देशों में भू-संपत्ति पर स्टडी की थी। इसमें पता चला था कि दुनिया के कई देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के दस्तावेज नहीं है। यूएन ने कहा था कि अगर गरीबी कम करनी है तो लोगों के पास प्रॉपर्टी राइट्स होना जरूरी है। इस योजना के तहत हमने गांवों के करीब सवा 2 करोड़ लोगों को अपने घर का पक्का कानूनी दस्तावेज दिया है। पहले गांव में लोगों के पास लाखों-लाख करोड़ की संपत्ति होने के बावजूद उसकी इतनी कीमत नहीं थी, क्योंकि उनके पास कानूनी दस्तावेज होते ही नहीं थे। अब 100 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की इकोनॉमिक एक्टिविटीज का रास्ता खुल गया है। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा गरीबी उन्मूलन में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से बातचीत भी की।

**असमंजस** ट्रेजरी में पेंडेंसी, विभागों में क्लीयर नहीं हो पा रहे 5 लाख रुपए से ज्यादा के बिल वाउचर

# बड़े ठेकेदारों की पेमेंट लटकी, काम रुके

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**इंतजार** तो बहुत लंबा करना पड़ा है, लेकिन अभी भी 5 लाख के ऊपर के बिल वाउचर कई विभागों के क्लीयर नहीं हो पा रहे हैं। ट्रेजरी में चल रही यह पेंडेंसी अभी जल्दी क्लीयर हो पाएगी? ऐसा नहीं दिख रहा है। पीडब्ल्यूडी में सिर्फ छोटी राशि की पेमेंट ठेकेदारों को हो रही है। कटिंग, डंगों का निर्माण, हायर की गई जेसीबी या फिर दूसरे छोटे कामों की पेमेंट ही क्लीयर हो पा रही है। पीडब्ल्यूडी में बड़े ठेकेदार रोजाना अपने डिवीजनों और अधीक्षण अभियंताओं के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। घर से तो वे इस उम्मीद में निकलते हैं कि शायद आज शुभ दिन उनका हो सकता है, लेकिन अभी उन्हें और इंतजार करना पड़ेगा। अकेले हमीरपुर जिले में ही तकरीबन 5 दर्जन ऐसे बड़े ठेकेदार हैं, जिन्हें पेमेंट नहीं हो पा रही है। इनके काम एक करोड़ तक के हैं या फिर इससे ज्यादा की राशि के। कई जगह तो अब ऐसे कामों पर विराम लगने लगा है। वहीं, कई जगह आन गोइंग कामों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। हमीरपुर शहर के आसपास क्वार्टर्स बना रहे हैं, उनका काम भी पिछले एक महीने से बंद हो गया है। जिले के कई इलाकों में इस तरह के कई काम हो रहे हैं, जिन्हें अब स्टॉप कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

दफ्तरों के चक्कर काट मायूस लौट रहे ठेकेदार



### शिक्षा विभाग में भी बिलों का भुगतान नहीं

**शिक्षा** विभाग में भी चार या पांच लाख की राशि के बकाया बिलों का भुगतान अभी नहीं हो पाया है। यह स्थिति केवल हमीरपुर में नहीं, राज्य के कई जिलों में है। बड़सर कॉलेज के स्टाफ के भी कई बिल फंसे हुए हैं। पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग में भी यही स्थिति है। शुक्रवार और शनिवार को कई विभागों के अधिकारी ऑफिस नहीं बैठे। बताया गया अभी छुट्टी पर हैं। वजह साफ है कि ठेकेदार ऑफिस पहुंच रहे हैं और जवाब उनके पास कोई नहीं है।

### ऑनलाइन टेंडर से रुकेगा भ्रष्टाचार : ठेकेदार

बड़े ठेकेदारों की पेमेंट ट्रेजरी से भले ही रुकी हुई हो, लेकिन 5 लाख की राशि से नीचे अब एक लाख के ऊपर वाले तमाम टेंडर ऑनलाइन होने के सरकार के फरमान से ठेकेदारों में खुशी भी है। ठेकेदार मानते हैं कि इससे निश्चित रूप में भ्रष्टाचार रुकेगा, क्योंकि अभी तक एक लाख से लेकर 5 लाख की राशि तक के टेंडर ऑफलाइन हुआ करते हैं। इसमें चुनिंदा और खास छोटे ठेकेदारों को ही फायदा होता था।

# चैंपियंस ट्रॉफी : रोहित कप्तान शमी की वापसी, सिराज बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली

**बीसीसीआई** ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को टीम इंडिया का ऐलान किया। मुंबई वानखेड़े स्टेडियम में सिलेक्टर अजित अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने 15 मेंबर्स वाले भारतीय दल के नामों की घोषणा की। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक साल बाद टीम में लौटे हैं।




ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल हुए जसप्रीत बुमराह को भी टीम में शामिल किया है। स्क्वॉड में 4 ऑलराउंडर्स रखे गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च के बीच पाकिस्तान और यूएई के 4 शहरों में होगी है। इनमें लाहौर, कराची, रावलपिंडी और दुबई शामिल हैं। भारतीय टीम के सभी मुकाबले दुबई में खेले जाएंगे। पाकिस्तान से भारत का मुकाबला दुबई में 23 फरवरी को होगा। 20 फरवरी को भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। दूसरा मुकाबला 23 फरवरी को पाकिस्तान और तीसरा मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड से होगा। टूर्नामेंट के 2 सेमीफाइनल 4 और 5 मार्च को होंगे। वहीं, 9 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

### भारतीय टीम

रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव के नाम शामिल हैं। इस बार ऋषभ पंत, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर और अर्शदीप सिंह चार नए चेहरे शामिल किए हैं।

**इन्हें नहीं मिली जगहः** सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर व मोहम्मद सिराज को ड्रॉप किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बड़सर मंडलाध्यक्ष विधायक संग धूमल से मिले



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा के बड़सर मंडल के अध्यक्ष के चुनाव के बाद शनिवार को वहां के विधायक आईडी लखनपाल नवनिर्वाचित मंडलाध्यक्ष यशवीर पटियाल और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समीरपुर स्थित आवास पर उनसे मिले। उन्होंने संगठन से जुड़ी हुई गई मुद्दों पर बात भी की।

### टीहरा में बिना अनुमति निर्माण पर दिया नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल मुख्यालय सुजानपुर के साथ लगते राजस्व मुहाल टीहरा में अनुमति के बगैर किए जा रहे निर्माण कार्य का कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया है। टीसीपी विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 की धारा 39 के तहत जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को निर्माण कार्य तुरंत रोकने और 15 दिन के भीतर जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के आदेश जारी किए गए हैं। नोटिस की अनुपालना न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### भदरूं और अन्य गांवों में 31 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि 31 जनवरी को 11 केवी कश्मीर फीडर की पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा उनकी जगह नई तारें डालने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान गांव भदरूं, बैहरड़, जसाई, कश्मीर, मनसाई, प्लासी और क्षेत्र के अन्य गांवों में सुबह 10 से 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### ताल में भेड़ों की नीलामी 18 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र ताल में छंटनी की गई 38 भेड़ों की नीलामी 18 फरवरी को सुबह 11 बजे भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र के प्रांगण में की जाएगी। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक कार्यालय हमीरपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोगों को बोली आरंभ होने से पहले धरोहर राशि के रूप में पांच हजार रुपए की राशि कमेटी के पास जमा करवानी होगी। इच्छुक लोग किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 से 5 बजे तक भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र में आकर भेड़ों को देख सकते हैं। नीलामी में सफल बोलीदाता को ये भेड़ें छह घंटे के भीतर प्रक्षेत्र से बाहर ले जानी होंगी।

### शिविर में बैंक की योजनाओं की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बीड़ बगेहड़ा एवं नाबार्ड के सौजन्य से प्रायोजित वित्तिय साक्षरता शिविर एवं सक्रिय बचत आयोजन और बजट निर्माण पर एक कार्यशाला बगेहड़ा गांव में हुई। शिविर में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। शिविर मे वरिष्ठ शाखा प्रबंधक हितेंद्र ठाकुर ने लोगों को कहा कि सही वित्तीय बर्ताव करें, उसी से आपका बचाव है। उन्होंने इस दौरान विभिन्न बैंक योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर पंचायत प्रधान रजनी बाला, सचिव सुभाष कुमार, बीडीसी सदस्य जन्दडू रीता देवी व बृंदा सहायता समूह बगेहड़ा की प्रधान पिंकी देवी, ममता, मीना, नमीत व कई गणमान्य उपस्थित रहे।

### हमीरपुर के पहलवान ने जीती बड़ी माली



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** दंगल और मेले आपसी सौहार्द और संस्कृति का प्रतीक हैं। यह बात असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने लखदाता पीर कमेटी दलालड़ द्वारा आयोजित विशाल दंगल में कही। बड़ी माली के लिए हमीरपुर ब्रदर्स फेमस यू-ट्यूबर हमीरपुर से पहलवान हैप्पी व छोटी माली गोलू पहलवान भोरंज ने खिताब जीता। छिंज कमेटी में लांस नायक अश्वनी ठाकुर, कैप्टन हरनाम सिंह, प्रकाश ठाकुर, रत्न चंद, सूबेदार कश्मीर ठाकुर, सतीश कुमार, संतोष कुमार, राकेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### सरेड़ी में 27 परिवारों को बांटे भूमी स्वामित्व कार्ड



**अनंत ज्ञान, गलोड।** गलोड़ क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को सरेड़ी पंचायत के सभागार में भूमी स्वामित्व योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन संबोधित किया। इस कार्यक्रम में सरेड़ी पंचायत के 27 परिवारों को उनकी भूमी के स्वामित्व कार्ड दिए गए। तहसीलदार गलोड़ ने बताया कि केद्र और हिमाचल सरकार के दिशा निर्देशों के तहत इस योजना का मुख्य उदेश्य ग्रामीण लोगों के लिए एक एकीकृत संपत्ति सत्यापन समाधान प्रदान करना है। कार्यक्रम में तहसीलदार गलोड़ केशव कुमार, पटवारी सुरेश कुमार, राजस्व कानूनगो पवन कुमार, प्रधान सरेड़ी राजेश शर्मा, कमल शर्मा, अमर नाथ, कमलेश कुमारी, सुरजीत कुमार और अन्य कई लोगों ने शिरकत की।

### पन्साई व भूंपल में स्वामित्व कार्ड वितरित



**अनंत ज्ञान, नादौन।** संपत्ति कार्ड स्वामित्व योजना के तहत तैयार किए जाते हैं। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के रिकॉर्ड को डिजिटल तरीके से तैयार किया जाता है। इसमें लोगों को जमीन के मालिकाना हक का अधिकार दिया जाता है, जिससे भूमि विवादों को कम किया जा सके। यह बात कांगू उपतहसील के तहसीलदार बलवंत सिंह ने पनसाई गांव में आयोजित स्वामित्व कार्ड वितरण करने के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। इसके अलावा नादौन विस क्षेत्र के भूंपल में भी पंचायत इंस्पेक्टर पम्मी ठाकुर ने लोगों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए। उन्होंने इसके अलावा लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई।

### स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को दिए संपत्ति कार्ड



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आबादी देह का मालिकाना हक प्रदान करने के लिए आरंभ की गई स्वामित्व योजना के तहत शनिवार को जिला हमीरपुर की 27 पंचायतों में लगभग 1106 लोगों को संपत्ति कार्ड वितरित किए गए। हमीर भवन में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान और एसडीएम संजीत सिंह ने 38 लोगों को संपत्ति कार्ड प्रदान किए। इस दौरान तहसीलदार सुभाष कुमार, जिला पंचायत अधिकारी शशिबाला ठाकुर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अनुराग गुप्ता और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### भटेड़ कलां और फॉर्मेसी कॉलेज में आज बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर में 19 जनवरी को लाइनों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की कांट-छांट के कार्य के चलते खुड्डी, भटेड़ कलां, गौतम फॉर्मेसी कॉलेज तथा साथ लगते क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### एनएच निर्माण कार्य के चलते ब्लॉक मुख्यालय के महत्वपूर्ण कार्यालयों का टूटा लिंक

# बुजुर्गों को व्हील चेयर पर ले जाने को मजबूर हो रहे लोग

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

टौणी देवी में निर्माणाधीन एनएच निर्माण कंपनी ने तहसील, ब्लॉक, कृषि, उद्यान और आधार केंद्र जाने वाले लिंक रोड तोड़ दिए हैं। इस कारण बुजुर्गों को व्हील चेयर पर उठाकर कर इन कार्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान टूटे लिंक रोड के कारण लोग रास्तों के लिए भटक रहे हैं, वहीं पानी के लिए हाहाकार मची हुई है।

लोगों को तहसील और ब्लॉक मुख्यालय तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। शनिवार को ठाना दरोगण गांव की सरोता देवी को ई-केवाईसी के लिए अपना आधार कार्ड अपडेट करवाने आधार केंद्र पहुंचना था। ब्लॉक मुख्यालय का लिंक रोड क्षतिग्रस्त होने से परिजनों को पहले व्हील चेयर का इंतजाम करना पड़ा, तब जाकर सरोता देवी आधार केंद्र पहुंच पाई। वहीं, निर्माण कार्य के चलते पानी की मेन पाइपलाइन उहल रोड पर तोड़ दी गई है, जिससे करीब एक दर्जन गांवों के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। इस बारे में बारी पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर, पूर्व प्रधान जगदीश चंद चौहान, पूर्व प्रधान सरवन कुमार, अशोक कुमार, भूमि राज, सुरजीत, सुरेश कुमार, प्रमोद सिंह, राजकुमार इत्यादि ने बताया कि बेतरतीब एनएच के निर्माण कार्य के चलते लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। कई घरों में एक एक माह से पानी नहीं आ रहा है। अब लिंक रोड तोड़ डाले हैं, जिससे टैंकर तक मंगवाना मुश्किल हो गया है।



बुजुर्ग को व्हील चेयर पर उठाकर ले जाते युवा।

ग्रामीणों ने शीघ्र सड़क और पानी बहाल करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि नहीं तो वे निर्माण कंपनी के खिलाफ आंदोलन करेंगे। इस बारे में विकास खंड अधिकारी बमसन वैशाली शर्मा ने बताया कि निर्माण कंपनी के अधिकारियों को बुलाकर लिंक रोड को ठीक करने की बात की गई है। इस बारे उच्च अधिकारियों को भी बता दिया है। एनएच निर्माण कंपनी के सुपरवाइजर श्रीकांत ने बताया कि तहसील और ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ने वाले लिंक रोड के लिए जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। टूटी हुई पेयजल पाइपें जोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है।

## पूर्व मंडल अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी ने धूमल से की मुलाकात

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हमीरपुर मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आदर्श कांत और मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने शनिवार को समीरपुर स्थित पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से उनके आवास पर मुलाकात की। मंडल अध्यक्षों के चुनाव संपन्न होने के बाद वे वहां पहुंचे थे। इस दौरान संगठन के विभिन्न पहलुओं और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। प्रो. धूमल ने संगठन के महत्व और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर जोर देते हुए कई अहम बातें साझा कीं।

यह बैठक संगठन और कार्यकर्ताओं के बीच सामंजस्य को और मजबूत करने का प्रयास साबित हुई। दोनों नेताओं का कहना है कि इस मुलाकात ने संगठन की एकता और कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को फिर से प्रबल किया। धूमल के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलती है। (अनंत ज्ञान)

### धूमल बोले- संगठन बड़ा, पद नहीं

धूमल ने कहा कि पद बड़ा नहीं होता, बल्कि संगठन बड़ा होता है। संगठन की सफलता में कार्यकर्ताओं की भूमिका रीढ़ की हड्डी के समान होती है। धूमल ने कहा कि वे निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। मुलाकात के दौरान आदर्श कांत और विकास शर्मा ने संगठन से जुड़े मुद्दों पर सुझाव दिए और स्थानीय समस्याओं को भी उठाया। धूमल ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए उचित समाधान का भरोसा दिलाया।

### पुलिस ने युवकों से 4 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस ने एसएचओ निर्मल सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान युवकों से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नादौन पुलिस गश्त पर थी, इस दौरान पुलिस ने भूंपल गांव के सुशांत सरोच, कललर के निशांत शर्मा तथा चकंवा कालीधार की तलाशी ली तो उनसे 4 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करके छानबीन शुरू कर दी है।

## 200 युवाओं ने किया फिजिकल टेस्ट पास

### थल सेना भर्ती के दूसरे दिन 470 युवाओं ने लगाई दौड़, आज तहसील झंडूता, हमीरपुर, बड़सर के युवा लेंगे भाग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

अणू के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में थल सेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट में दूसरे दिन शनिवार को लगभग 470 युवाओं ने भाग लिया।

थल सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के निदेशक कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि शनिवार को जिला बिलासपुर की तहसील भराड़ी, नम्होल, घुमारवीं और तहसील नयना देवी, जिला हमीरपुर की तहसील भोरंज और टौणी देवी के लगभग 550 पात्र युवाओं को फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया गया था। इनमें से लगभग 470 युवा फिजिकल टेस्ट के लिए पहुंचे और लगभग 200 युवाओं ने फिजिकल टेस्ट क्लियर कर लिया है।



अग्निवीर भर्ती में भाग लेते युवा।

कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि रविवार को बिलासपुर जिले की तहसील झंडूता और हमीरपुर जिले की तहसील हमीरपुर तथा बड़सर के युवाओं का फिजिकल टेस्ट होगा, जबकि, सोमवार को जिला हमीरपुर की तहसील ढटवाल (बिझड़ी) और जिला ऊना की तहसील ऊना तथा अंब के युवाओं को बुलाया गया है। कर्नल बीएस भंडारी ने बताया कि फिजिकल टेस्ट में उम्मीदवारों के लिए 1600 मीटर की दौड़ के अलावा पुल अप्स, लंबी कूद, ऊंची कूद और जिग-जैग बैलेंस इत्यादि टेस्ट भी करवाए जा रहे हैं तथा इनकी लंबाई, वजन और छाती का माप लिया जा रहा है। फिजिकल टेस्ट क्लियर करने वाले युवाओं का मेडिकल परीक्षण तथा दस्तावेजों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार को भी उम्मीदवारों की एंट्री तड़के ही आरंभ होगी। (अनंत ज्ञान)

### व्यक्ति से 49.51 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, भोटा।** भोटा स्थित राधा स्वामी चौक पर पुलिस ने एक व्यक्ति से 49.51 ग्राम चरस बरामद की है। पकड़े गए आरोपी का नाम करमचंद पुत्र रामलाल आयु लगभग 60 वर्ष निवासी गांव सुल्हाड़ी डाकघर कुलहेड़ा तहसील ढटवाल जिला हमीरपुर बताया गया है।

भोटा पुलिस शनिवार दोपहर को इस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। पुलिस को गश्त के दौरान रेन शेल्टर के अंदर बैठे एक व्यक्ति के ऊपर शक हुआ। शक के आधार पर पुलिस ने उस व्यक्ति की तलाशी ली तो इस दौरान उक्त व्यक्ति से 49.51 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## टौणी देवी में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक (उत्कृष्ट) पाठशाला टौणी देवी में जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा छठी में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि इस परीक्षा के लिए केंद्र पर कुल 308 बच्चों ने परीक्षा देनी थी, जिनमें से 248 बच्चे परीक्षा में उपस्थित हुए। य

ह उपस्थिति परीक्षा की महत्ता और पाठशाला की सुव्यवस्थित योजना का परिचायक रही। पाठशाला प्रबंधन ने न केवल परीक्षार्थियों बल्कि उनके साथ आए अभिभावकों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा। अभिभावकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की गई, साथ ही उन्हें चाय-पान की सुविधा भी प्रदान की गई। केंद्र सुपरिंटेंडेंट हेम लाल, पर्यवेक्षक सालिम एवं ममता ने समस्त स्टाफ और स्काउट-गाइड इकाई के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना परीक्षा का संचालन व्यवस्थित ढंग से किया गया।



अभिभावकों को चाय पिलाते छात्र।

### नादौन में विकास कार्यों को लग रहे पंख : शम्मी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आशीर्वाद से विकास कार्यों को पंख लग गए हैं। नादौन में करोड़ों के विकास कार्य प्रगति पर हैं। यह बात नगर परिषद के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश प्रदूषण बोर्ड के सदस्य शम्मी सोनी ने कही।



उन्होंने बताया कि नादौन में आने वाले समय में पानी की कोई समस्या नहीं होगी। नादौन में बस स्टैंड के पास 60 करोड़ की लागत से इंटरनेशल स्तरीय मल्टीपरपज इनडोर स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। अग्निशमन केंद्र का हाल ही में मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया है नादौन में ब्यास नदी के किनारे रीवर राफ्टिंग घाट बनेगा।

## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा : जिले में 3,306 में से 2,928 छात्रों ने दी परीक्षा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जवाहर नवोदय विद्यालय (JNV) डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छठी कक्षा में प्रवेश हेतु आयोजित एंट्रेंस एग्जाम शनिवार को संपन्न हुआ। हमीरपुर जिले में इस परीक्षा के लिए 3,306 छात्रों को कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिनमें से 2,928 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 378 छात्र अनुपस्थित रहे।

जिले भर में कुल 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जहां छात्रों को सुबह 10:30 बजे तक रिपोर्ट करना था। परीक्षा का आयोजन सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया गया। दिव्यांग छात्रों को परीक्षा में 40 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया गया।

हमीरपुर जिले मुख्यालय स्थित कैप्टन शहीद मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर में 456 छात्रों को कॉल लेटर जारी किए गए थे, जिनमें से 413 छात्रों ने परीक्षा दी, जबकि 43 छात्र अनुपस्थित रहे। टौणी देवी में 308 में से 248 छात्रों ने परीक्षा दी, 60 अनुपस्थित रहे। बिझड़ी में 360 में से 336 छात्रों ने परीक्षा दी, 24 अनुपस्थित रहे। वणी में 336 में से 313 छात्रों ने परीक्षा दी, 23 अनुपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### छात्रों का परीक्षा के प्रति दिखा उत्साह

बड़ी संख्या में छात्रों की उपस्थिति ने इस प्रवेश परीक्षा की महत्ता को दर्शाया। जेएनवी में प्रवेश पाने के लिए छात्र हर वर्ष इस परीक्षा में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। परीक्षा के दौरान प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था की गई थी, जिससे छात्रों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। अब परीक्षा के नतीजों का इंतजार है, जिसके बाद योग्य छात्रों को जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में प्रवेश मिलेगा।



नवोदय विद्यालय की परीक्षा देते छात्र-छात्राएं।

### आईटीसी होटल में करियर प्वाइंट विवि के 4 छात्रों का चयन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के होटल मैनेजमेंट विभाग के प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर अक्षय ठाकुर ने बताया कि विभाग के 4 विद्यार्थियों का चयन प्रतिष्ठित आईटीसी होटल पोर्ट ब्लेयर, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में इंटर्नशिप के लिए हुआ है। 9 छात्रों ने इस चयन प्रक्रिया में भाग लिया। इंटर्नशिप के दौरान कंपनी द्वारा विद्यार्थियों को 144000 वजीफा, आवास और भोजन जैसी सुविधाएं मिलेंगी। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए यह पहली बार है कि किसी कंपनी ने इंटर्नशिप के दौरान इतनी उच्च वजीफा राशि दी है। होटल मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनित ठाकुर और सभी प्रोफेसरों ने छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

## स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के विजेताओं को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) हमीरपुर में इसके वार्षिक तकनीकी महोत्सव निम्बस 2025 के लिए भव्य ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नानोती और तकनीकी गतिविधियों के प्रभारी डॉ. राकेश शर्मा उपस्थित थे।

निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि निम्बस 2025 केवल तकनीकी नवाचारों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह छात्रों के रचनात्मकता और कौशल को निखारने का एक मंच है। मैं सभी छात्रों से आग्रह करता हूं कि इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएं और अपने विचारों को साकार करें। रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना नानोती ने अपने संदेश में कहा कि निम्बस 2025 संस्थान की तकनीकी उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह कार्यक्रम छात्रों को सीखने, नवाचार करने और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दौरान निम्बस 2025 की थीम ऑरोरा भविष्य की ओर द्वार घोषित की गई, जो प्रौद्योगिकी और नवाचार में प्रगति का प्रतीक है।



एनआईटी हमीरपुर में निम्बस 2025 के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आधिकारिक थीम सॉन्ग भी लॉन्च किया गया, जिसे छात्रों और शिक्षकों द्वारा खूब सराहा गया। कार्यक्रम में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन (एसआईएच) 2024 के विजेताओं दृ अभिषेक दुहारिया, सौमित्र टंडन, मोहित चैधरी, बित्तू कुमार, विपुजा अत्री और सुजीत आदर्शी को सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धियां छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनीं।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रथम वर्ष के छात्रों को संस्थान के विभिन्न तकनीकी और विभागीय क्लबों से परिचित कराना था। डॉ. राकेश शर्मा ने कहा, विभागीय क्लबों का हिस्सा बनना न केवल छात्रों को तकनीकी ज्ञान देगा, बल्कि नेतृत्व और टीम वर्क जैसे कौशल भी विकसित करेगा, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

**जानकारी** हमीरपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस: राहुल चौहान

## 25 जनवरी को ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर में होगा जिलास्तरीय समारोह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारत निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस 25 जनवरी को हमीरपुर में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने शनिवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह की रूपरेखा तय की।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना के हीरक जयंती वर्ष 2011 से राष्ट्रीय मतदाता दिवस को मनाने की परंपरा आरंभ की गई थी। इस वर्ष भी जिला हमीरपुर में 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष की आयु के सभी नागरिकों का मतदाता सूचियों में पंजीकरण सुनिश्चित करना और सभी पंजीकृत मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करना है।



एडीएम राहुल चौहान विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार के मतदाता दिवस का थीम 'वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम' निर्धारित किया है। राहुल चौहान ने बताया कि इस वर्ष जिला स्तरीय समारोह शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में मनाया जाएगा, जिसमें हमीरपुर शहर एवं इसके आसपास के कुल 15 मतदान केंद्रों के बीएलओ, आम मतदाता तथा शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। समारोह में मतदाताओं को शपथ भी दिलाई जाएगी। कार्यवाहक उपायुक्त ने हमीरपुर शहर और इसके आसपास के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों के अधिकारियों को जिला स्तरीय समारोह में अपने-अपने संस्थान की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागी विद्यार्थियों की सूची 20 जनवरी तक जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए।

चौहान ने बताया कि जिला स्तरीय समारोह के अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर भी यह दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने उच्चतर और प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशकों को निर्देश दिए कि वे विभिन्न स्कूलों के परिसरों के मतदान केंद्रों में मतदाता दिवस के आयोजन में सभी स्कूल प्रमुखों का सहयोग सुनिश्चित करें।

बैठक में जिला निर्वाचन कार्यालय के तहसीलदार गुरभज सिंह राणा और नायब तहसीलदार राजेश कौंडल ने सभी अधिकारियों का स्वागत किया तथा मतदाता दिवस की तैयारियों की जानकारी दी। इस अवसर पर उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक डॉ. एमआर चौहान, गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य पूनम चौहान, आईटीआई के प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा, डिग्री कॉलेज और बहुतकनीकी कॉलेज के प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

### पार्टी बदलने वाले नेताओं से जनता को काई उम्मीद नहीं : मोंटी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की धर्मशाला यात्रा को लेकर विधायक सुधीर शर्मा द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए हिमाचल पथ परिवहन निगम के निदेशक मोंटी संधू ने तीखी आलोचना की।

मोंटी संधू ने कहा कि सुधीर शर्मा ने कांग्रेस पार्टी और जनता के उस भरोसे को तोड़ा है, जो उन्होंने चुनाव के समय पाया था। कांग्रेस का दामन छोड़कर व्यक्तिगत स्वार्थ और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के लिए पार्टी बदलने वाले नेताओं से जनता को कोई उम्मीद नहीं है। वे जनता की समस्याओं को सुलझाने के बजाएकेवल खबरों में बने रहने और अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### कृषि मंत्री के बेटे नीरज भारती के साथ एक लाख की ऑनलाइन ठगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के कृषि मंत्री व जिला कांगड़ा के जवाली से विधायक चौधरी चंद्र कुमार के पुत्र तथा पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रहे नीरज भारती के साथ ऑनलाइन ठगी के मामले की घटना सामने आई है। साइबर ठगी के मामले में शिमला पुलिस ने छोटा शिमला थाना में एफआईआर दर्ज की है। नीरज भारती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गूगल सर्च करके गोवा में कारा विला नामक रिजॉर्ट की एडवांस बुकिंग के लिए एक लाख रुपए एडवांस गूगल पे किए थे। अब पता चला है कि गोवा में इस नाम का कोई रिजॉर्ट नहीं है। किसी व्यक्ति ने अपने खाते में पैसे डलवाकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने नीरज की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (अकाउंट्स) के 23 पदों का फाइनल रिजल्ट घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने एचआरटीसी में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (अकाउंट्स) पोस्ट कोड-996 के 23 पदों का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि पोस्ट कोड-996 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट अकाउंट के पदों के लिए प्रदेश भर से 16, 067 आवेदन आए थे, इनमें से 3, 334 आवेदन लिखित परीक्षा के लिए स्वीकार किए थे। इन पदों के लिए 20 नवंबर 2022 को लिखित परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें 1, 468 उम्मीदवार उपस्थित हुए जबकि 1, 866 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे। 100 अंकों की लिखित परीक्षा में 78 उम्मीदवारों को कागजातों की जांच के लिए बुलाया गया था। इनमें से 15 उम्मीदवार अनुपस्थित रहे और 9 उम्मीदवारों को आयोग ने रिजेक्ट कर दिया था। आयोग द्वारा जूनियर ऑफिस असिस्टेंट अकाउंट के पदों का परिणाम संकलित करने के बाद 23 पदों पर उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि रोल नंबर 996000315, 996000364, 996000546, 996000692, 996000967, 996001094, 996001324, 996001402, 996001517, 996001663, 996001914, 996001973, 996001986, 996002032, 996002304, 996002369, 996002416, 996002607, 996002821, 996003150, 996003157, 996003246, 996003286 के उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। इन पदों का फाइनल परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

### रोहड़ू शहर में स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को किया जागरूक




**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा के 12 स्वयंसेवकों ने शनिवार को सड़क सुरक्षा योजना के तहत रोहड़ू शहर में यातायात नियमों के बारे में वाहन चालकों को जागरूक किया। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से उपमंडल रोहड़ू, जुब्बल व डोडरा क्वार में वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में आगे भी इसी तरह से जागरूक करते रहेंगें। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस ने नशीले पदार्थ के साथ पंजाब का युवक किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पंजाब के जिला फिरोजपुर, गांव नाजू शाह मिसरी के निवासी मनप्रीत सिंह (20) को थाना प्रभारी जुब्बल चेतन चौहान व उनकी टीम ने नशीले पदार्थ की सप्लाई में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया। आरोपी मनप्रीत सिंह को एलडी एसीजेएम-1 रोहड़ू में पेश किया गया। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मादक पदार्थ निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया गया है।




### दूषित पानी पीने को मजबूर लोग : जयशिव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सीपीआईएम लोकल कमेटी कसुम्पटी सदस्य दलीप ठाकुर एवं कृष्णनंद शर्मा ने दरभोग पंचायत के पराड़ी और धाली गावों में दूषित पानी से बीमार पड़े ग्रामीणों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। कसुम्पटी के सचिव जयशिव ठाकुर ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि लोगों को दूषित पानी पीने पर मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शहर के नजदीक होने की वजह से शहरीकरण के ज्यादातर दुष्प्रभाव कसुम्पटी क्षेत्र पर पड़ रहे है। आसपास के निजी होटल, होम स्टे, व्यावसायिक संस्थान खुलने से उनसे निकलने वाले व्यर्थ पानी की निकासी का कोई उचित प्रबंध नहीं हो रहा, जिसकी वजह से स्थानीय जल स्रोत दूषित हो रहे हैं। फागु, कुफरी, मशोबरा, बलदेया, नालदेहरा, मुंडाघाट के साथ लगते गावों में इस तरह की समस्याएं अक्सर आती हैं। वहीं लोकल कमेटी ने कहा कि एक तरफ बड़े होटल वाले और व्यावसायिक संस्थानों का गन्दा पानी स्थानीय स्रोतों में जा रहा है, दूसरी तरफ ये होटल अनुचित तरीके से स्थानीय जल स्रोतों से पानी उठा रहे हैं। कमेटी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यटन विभाग और जल शक्ति विभाग से आग्रह किया है कि वे आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में बने होटलों का सयुक्त दौरा करे और इनकी पानी के प्रबंधन की व्यवस्था का निरिक्षण करे ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो।

# इंजेक्शन के अभाव में मृत्यु व्यवस्था परिवर्तन का जघन्य उदाहरण : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आईजीएमसी में इलाजरत कैंसर के मरीज देवराज की मौत को लेकर सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर हमला किया है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि इंजेक्शन उपलब्ध न होने की वजह से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। मृतक की बिटिया जाह्नवी शर्मा का जो वीडियो मीडिया के माध्यम से वायरल हुआ है, वह बहुत पीड़ादायक है।

सिर्फ सरकार के निकम्मेपन की वजह से हिमकेयर और अनिवार्य दवाओं की सप्लाई रुकी और एक बेटी के सर से पिता का साया उठ गया। मैंने वह वीडियो मुख्यमंत्री को भी भेज दिया है कि आप भी देखिए कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर कितना जघन्य काम हुआ है। आगे ऐसा कुछ न हो, इलाज के अभाव में किसी भी प्रदेशवासी की मृत्यु न हो, मुख्यमंत्री को यह सुनिश्चित करना चाहिए। यह कोई पहला मामला नहीं है, ऐसे न जाने कितने लोगों के फोन और मेसेज मुझे आते हैं कि उन्हें अस्पताल में दवाएं नहीं मिली। इलाज नहीं मिला, जांच नहीं हुई, निजी अस्पतालों में उन्हें इलाज करवाना पड़ा या फ्री दवा के लिए पात्र होने पर भी उन्हें महंगी दवाइयां बाजार से खरीद कर लानी पड़ी।

जयराम ने कहा कि सिर्फ बोलने से व्यवस्था नहीं बदल जाती है, उसके लिए जुटकर काम करना पड़ता है। जब मैं मुख्यमंत्री था तो मैंने देखा कि प्रदेश में हर दिन लोग सचिवालय आते थे, मुख्यमंत्री राहत कोष से इलाज के लिए लोग मदद मांगते थे। लोग फाइलें लेकर भटकते थे। लोगों को इलाज मिल सके इसके लिए हमारी सरकार ने हिमकेयर की शुरुआत की, जिससे आयुष्मान जन आरोग्य योजना से बच गए लोगों को शामिल किया। वहीं भाजपा के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार को हिमाचल की जनता बारे कोई चिंता नहीं है, उनकी तरफ से जनता की जान की कोई कीमत नहीं है।

### मृतक की बेटी ने लगाई न्याय की गुहार

**हिमाचल** प्रदेश सरकार की 'हिमकेयर योजना' सवालों के घेरे में है। इस योजना के तहत जहां लोगों को 5 लाख लाख रुपए का इलाज मिलना चाहिए, वहां महज 50 हजार रुपए का इंजेक्शन नहीं मिलने से कैंसर से जूझ रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की बेटी जाह्नवी शर्मा ने एक वीडियो संदेश में बताया कि उसके पिता का इलाज आईजीएमसी (शिमला) में चल रहा था। अस्पताल में कीमोथेरेपी के लिए इंजेक्शन की जरूरत थी, जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए थी। उनके पास हिमकेयर कार्ड था, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने कहा कि कार्ड में पैसे नहीं हैं और इसलिए इंजेक्शन नहीं दे सकते हैं। जब तक पैसे का इंतजाम हुआ, मेरे पापा गुजर गए। हिमकेयर योजना के तहत हमें इंजेक्शन नहीं मिल रहा था, तो हमने सीएम हेल्पलाइन नंबर पर भी कॉल किया। सीएम को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए।

# सरकार ने नकारे आरोप, कहा-आईजीएमसी में मरीज को दी बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं

## आरोप राजनीति से प्रेरित, मामले को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि मीडिया व कुछ समाचार-पत्रों के माध्यम से इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में उपचाराधीन मरीज स्व. देवराज शर्मा की मृत्यु के बारे में तथ्यहीन आरोप लगाए जा रहे हैं।

वास्तविकता यह है कि ये आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और इस मामले को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी परिवार के सदस्य का बिछुड़ जाना वेदनापूर्ण होता है। देवराज शर्मा के निधन से उनके परिवार को अपूर्णीय क्षति हुई है। प्रदेश सरकार की संवेदनाएं स्व. देवराज शर्मा के परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा कि 57 वर्षीय देवराज शर्मा का इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के ऑन्कोलॉजी विभाग में कार्सिनोमा पैलेट का उपचार चल रहा था। अस्पताल प्रशासन द्वारा लोगों को गुणवत्तापूर्ण व बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा करवाने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप देवराज शर्मा को बेहतरीन स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं और दवाइयां दी जा रही थीं। उनका कीमोरेडिएशन से उपचार किया गया और वह स्वस्थ हो गए।

दुर्भाग्यवश बीमारी की पुनरावृति होने पर पेलिएटिव कीमोथैरेपी से उनका पुनः उपचार आरंभ किया गया, लेकिन मरीज पर यह प्रभावी नहीं रहा। इसके उपरांत उन्हें इम्यूनोथैरेपी आधारित इंजेक्शन का परामर्श दिया गया।

यह इम्यूनोथैरेपी तीन चरणों में दी जानी थी। उन्होंने कहा कि मरीज को पहली इम्यूनोथैरेपी 22 अक्तूबर, 2024 को की गई, लेकिन अगली इम्यूनोथैरेपी के शैड्यूल से पूर्व ही उनका देहांत हो गया। प्रवक्ता ने कहा कि इंदिरा गाधी चिकित्सा महाविद्यालय को हिमकेयर के तहत समुचित धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है। इस वित्त वर्ष के दौरान आईजीएमसी को हिमकेयर के तहत 49.70 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। स्व. देवराज शर्मा हिमकेयर योजना के लाभार्थी थे। इस वित्त वर्ष के दौरान उनके निःशुल्क उपचार पर एक लाख 79 हजार रुपए व्यय किए गए।

इसके उपरांत उनका हिमकेयर कार्ड संख्या 02080387666071123 को 13 नवंबर, 2024 को पुनः सक्रिय किया गया। जन औषधी दुकान के फार्मासिस्ट ने मरीज के अटैंडेंट (परिचारक) से तीन या चार दिनों में इंजेक्शन नीमोटूजूमाव (बायोमाव) की उपलब्धता के बारे में पता करने का आग्रह किया था। आपूर्तिकर्ता को इसका आपूर्ति आदेश जारी किया जा चुका था, लेकिन मरीज व उनके परिजन इस दवाई की दुकान पर इंजेक्शन या दवाइयां लेने नहीं आए। यह इंजेक्शन काफी महंगा होता है इसलिए यह चिकित्सक के परामर्श पर ही वैंडर्ज से लिया जाता है।

**प्रदेश सरकार ने इस वित्त वर्ष में आईजीएमसी को हिमकेयर के तहत 49.70 करोड़ जारी किए**

### भाजपा मंडल अध्यक्ष का स्वागत



रोहड़ू। भारतीय जनता पार्टी छौहारा (चिडगांव) मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष आशा रिठवाण का चिडगांव बाजार में पहुंचने पर व्यापार मंडल चिडगांव व स्थानीय महिलाओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर नगर पंचायत चिडगांव के मनोनीत पार्षद व व्यापार मंडल के सदस्य अवतार शर्मा, नेगी राम चौहान, सुभाष, राजेश्वरी गंगाण व चिडगांव बाजार की महिलाएं मौजूद रही।

# प्रदेश के कई भागों में अगले 6 दिनों तक बारिश-बर्फबारी की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल में अगले 6 दिनों तक बर्फबारी और बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम करवट बदलेगा। वहीं राज्य के पांच स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। कई भागों में लोगों को शीतलहर का सामना करना पड़ रहा है। शिमला सहित आसपास भागों में शनिवार को सुबह से हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए रहे।

उधर बीते दिनों हुई बर्फबारी से किन्नौर चंबा व लाहौल-स्पीति जिले में अभी भी दुश्वारियां कम नहीं हुई हैं। लाहौल-स्पीति जिले में कई सड़कें अभी भी ठप हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 18 से 21 व 24 जनवरी को मध्य व उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है, जबकि 22 व 23 जनवरी को राज्य के कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी होगी। वहीं निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अगले 3-4 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है।

इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की उल्लेखनीय गिरावट आने की संभावना है। अगले 2-3 दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

इसके बाद 2-3 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने के आसार हैं। 18 जनवरी को कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने की संभावना है। जबकि 22 जनवरी को कुछ स्थानों पर शीत दिवस की स्थिति रहने की संभावना है।

# नंदपुर में हुए सड़के हादसे में युवक की मौत

**एजेंसी, अंब**



अंब-ऊना हाईवे पर नंदपुर में हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान रजत कुमार (27) पुत्र अरविंद कुमार निवासी नंदपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने हादसे को लेकर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार रात्रि लगभग 12 बजे नंदपुर-कुठियाड़ी के बीच नूरा बाबा मंदिर के पास ऊना की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने एक कार को विपटीत दिशा में टक्कर मार दी।

हादसा इतना भयंकर था कि टक्कर लगने से कार सड़क की दूसरी तरफ पहुंच गई। वहीं ट्रक चालक टक्कर मारने के बाद ट्रक छोड़कर मौके से भाग गया। सड़क हादसे के बाद घटनास्थल पर कई गाड़ियां रूक गई और लोगों ने कार में फंसे चालक को बाहर निकाला। गंभीर अवस्था में घायल हुए कार चालक को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे क्षेत्रीय अठपताल ऊना रैफर किया गया, लेकिन उसने कुछ समय बाद उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया।

ग्राम पंचायत प्रधान नंदपुर श्रवण कुमार के बताया कि रजत पेशे से ट्रैक्टर चालक था। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके सड़क हादसे में शामिल वाहनों को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को वारिसों के सुपुर्द कर दिया है, वहीं आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए 30 करोड़ जारी न होने से नहीं शुरू हुआ काम : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा है कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री कांगड़ा जिला के लंबे प्रवास पर आए है। उन्होंने कहा कि अन्याय की भी कोई सीमा होती है। केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर का काम केवल हिमाचल सरकार के 30 करोड़ रुपए न देने के कारण रूका हुआ है।

दूसरे परिसर के लिए देहरा में पैसा दे दिया, परिसर बन रहा है। धर्मशाला के लिए प्रदेश द्वारा 30 करोड़ रुपए न देने के कारण भारत सरकार से आए हुए 300 करोड़ रुपए भी खर्च नहीं हो रहे है।

शांता कुमार ने कहा कि 15 वर्ष पहले प्रदेश को केंद्रीय विश्वविद्यालय मिला। कई वर्ष से प्रदेश के नेताओं के आपसी सघंर्ष के बाद यह निर्णय हो गया कि धर्मशाला और देहरा में विश्वविद्यालय के दो परिसर होगें। भारत सरकार ने दोनों परिसरों के लिए धन स्वीकृत कर दिया। देहरा परिसर का निर्माण पूरा होने वाला है परंतु धर्मशाला का निर्माण अभी तक शुरू भी नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार ने देहरा की एक विधानसभा क्षेत्र के लिए 300 करोड़ विकास के लिए दे दिए, बाकी हिमाचल प्रदेश में भी कई जगह करोड़ों रुपए के विकास कार्य हो रहे है परंतु केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के लिए 30 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार नहीं दे रही।

उन्होंने कहा कि धर्मशाला की जनता ने इसके लिए लंबा सघर्ष किया। कई बार बहुत से नेताओं ने आवाज उठाई। आम जनता निराश होकर थक गई है। 15 वर्षो से केंद्रीय विश्वविद्यालय का धर्मशाला में अधूरा काम हिमाचल प्रदेश की बहुत बड़ी नालायकी है।

# तारादेवी-टुटू बाईपास पर नगर निगम का कूड़ा वाहन गिरा, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



शिमला में शनिवार को सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। तारादेवी-टुटू बाईपास पर नगर निगम का कूड़ा वाहन अनियंत्रित होकर 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा, जिसमें वाहन चालक की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोग गाड़ी के गिरने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। खोजबीन के दौरान वाहन से लगभग 150 मीटर नीचे चालक का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही बालूगंज पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, वाहन रोजाना की तरह कूड़ा एकत्र करने के बाद कूड़ादान संयंत्र की ओर जा रहा था। दुर्घटना में वाहन ने तीन चीड़ के पेड़ों को तोड़ते हुए मथौली की घासनी तक का सफर तय किया। अन्य चालकों के अनुसार, मृतक चालक काफी अनुभवी था और दुर्घटना वाली जगह पर सड़क भी काफी चौड़ी है। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि सूर्य की तेज रोशनी चालक की आंखों में पड़ने से यह हादसा हुआ हो सकता है। मामले को लेकर पुलिस की जांच जारी है।

# प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने जारी किया 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं का शेड्यूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 10वीं और 12वीं कक्षा की नियमित व राज्य मुक्त विद्यालय की वार्षिक परीक्षा, कंपार्टमेंट, श्रेणी सुधार व अतिरिक्त विषय की परीक्षाओं को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया है। 10वीं कक्षा की परीक्षाएं चार से 24 मार्च जबकि 12वीं की चार से 29 मार्च तक संचालित की जाएंगी। परीक्षाएं प्रातः कालीन सत्र में सुबह 8:45 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएंगी। शिक्षा बोर्ड सचिव डा. मेजर विशाल शर्मा के मुताबिक अंग्रेजी, गणित, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा संस्कृत विषयों के प्रश्नपत्र तीन सीरीज ए, बी, सी में उपलब्ध करवाए जाएंगे जबकि गणित, सामाजिक विज्ञान व विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषयों के प्रश्नपत्र ई सीरीज में केवल विशेष आश्यकता वाले परीक्षार्थियों को ही उपलब्ध करवाए जाएंगे।

नियमित व राज्य मुक्त विद्यालय के परीक्षार्थियों की प्रेक्टिकल परीक्षाएं लिखित परीक्षा से पूर्व 20 से 28 फरवरी तक संचालित होंगी।

**डेटशीट 10वीं कक्षा**

| दिनांक | विषय |
|---|---|
| 4 मार्च | हिंदी |
| 5 मार्च | म्यूजिक वोकल |
| 6 मार्च | फाइनेसियंल लिटरेसी |
| 7 मार्च | अंग्रेजी |
| 10 मार्च | गणित |
| 13 मार्च | साइंस एंड टैक्नोलाजी |
| 15 मार्च | कंप्यूटर साइंस |
| 17 मार्च | होम साइंस |
| 18 मार्च | म्यूजिट इंस्ट्रुमेंटल |
| 19 मार्च | 1. उर्दू, 2. तमिल, 3. तेलगू, 4. संस्कृत, 5. पंजाबी |
| 22 मार्च | सोशल साइंस |
| 24 मार्च | 1. आर्ट, 2. इकोनोमिक्स, 3. कामर्स, 4. आटोमोटिव, 5. प्राईवेट सिक्योरिटी, 6. रिटेल, 7. इन्फोरमेशन टैक्नोलाजी, 8. हेल्थकेयर, 9. एग्रीकल्चर, 10. टूरिज्म एंड होस्पीटेल्टी, 11. टेलीकाम, 12. फिजिकल एजुकेशन, 13. बैंकिंग, फाइनांस सर्विसज एंड इंश्योरेंस, 14. मीडिया एंड इंटरटेनमेंट, 15. पलंबर, 16. ब्यूटी एंड वेलनेस, 17. इलेक्ट्रोनिक एंड हार्डवेयर, 18. अपल्स मेड अप्स एंड होम फर्निसिंग, 19. फूड प्रोसेसिंग |

**डेटशीट 12वीं कक्षा**

| दिनांक | विषय |
|---|---|
| 4 मार्च | इकोनोमिक्स |
| 5 मार्च | फिजिक्स |
| 6 मार्च | पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन |
| 7 मार्च | फाइनेंशियन लिटरेसी |
| 8 मार्च | अंग्रेजी |
| 10 मार्च | फाइन आर्टस |
| 11 मार्च | समाजशास्त्र |
| 12 मार्च | 1. हिंदी, 2. उर्दू |
| 13 मार्च | फिलोसफी |
| 15 मार्च | गणित |
| 17 मार्च | राजनीतिक शास्त्र |
| 18 मार्च | 1. अकाउंटेंसी, 2. बायोलाजी |
| 19 मार्च | साइकोलाजी |
| 20 मार्च | इतिहास |
| 21 मार्च | फ्रैंच |
| 22 मार्च | संस्कृत |
| 24 मार्च | 1. केमेस्ट्री, 2. बिजनेस स्टडी |
| 25 मार्च | जियोग्राफी |
| 26 मार्च | हयूमन इकोलाजी एंड फैमिली साइंस |
| 27 मार्च | 1. म्यूजिक हिंदोस्तानी वोकल, 2. म्यूजिक हिंदोस्तानी इंस्ट्रुमेंटल, 3. म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल प्रसेसन |
| 28 मार्च | 1. फिजकल एजुकेशन, 2. योगा, 3. कंप्यूटर साइंस, 4. एग्रीकल्चर, 5. आटोमोटिव, 6. हेल्थकेयर, 7. इन्फोरमेशन टैक्नोलाजी 8. मीडिया एंड इंटरटेनमेंट 9. रिटेल, 10. फिजिकल एजुकेशन, 11. प्राइवेट सिक्योरिटी, 12. टेलीकाम, 13. टूरिज्म एंड होस्पीटेल्टी, बैंकिंग, फाइनांस सर्विसिज एंड इंश्योरेंस, 15. होम फर्निशिंग, 16. ब्यूटी एंड वेलनेस, 17. इलेक्ट्रोनिक एंड हार्डवेयर, 18. पलंबर, 19. फूड प्रोसेसिंग |
| 29 मार्च | डांस, कथक एवं भरत नाटयम |

**गुड न्यूज** — शहर में बनाए जाएंगे 40 जल भंडारण टैंक, बिछेगी नई पाइपलाइन, डोर-टू-डोर सर्वे पूरा

# शिमला में जल्द शुरू होगी 24 घंटे पानी की आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला के लोगों को जल्द ही 24 घंटे पीने के पानी की सुविधा मिलने वाली है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत फ्रांस की सुएज कंपनी ने अपना पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस चरण में शहर का ड्रोन और डोर-टू-डोर सर्वे किया गया, जिससे जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की योजना को नई दिशा मिली है।

पहली बार शिमला में जल वितरण की योजना बनाने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया गया है। इस सर्वे के जरिए शहर के सभी प्रमुख हिस्सों की जांच की गई है, ताकि जल भंडारण टैंकों की सही जगह और पाइपलाइनों की आवश्यकताओं को पहचाना जा सके।

ड्रोन सर्वे की यह पहल अन्य सरकारी विभागों के लिए भी भविष्य में उपयोगी साबित होगी। ड्रोन सर्वे के साथ-साथ कंपनी ने हर घर का डोर-टू-डोर सर्वे भी पूरा किया। अब इसके बाद कंपनी एनजीओ की मदद से घर घर जाकर लोगों को परियोजना के फायदे समझाएंगे और साथ ही लोगों से सुझाव भी लिए जाएंगे। इस सर्वे के परिणामों के आधार पर पानी की पाइपलाइनें और जल टैंक स्थापित किए जाएंगे। सर्वे के बाद परियोजना के अगले चरण में 40 जल भंडारण टैंक बनाए जाएंगे। इन टैंकों से शहर में 17 मीटर तक की ऊंचाई वाली इमारतों में एक समान प्रेशर के साथ पानी का समान वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा, पुरानी और खराब पाइपलाइनों को बदलकर नई पाइपलाइनें बिछाई जाएंगी।

**स्मार्ट मीटर लगाएगी कंपनी**

**जल** आपूर्ति व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए कंपनी स्मार्ट मीटर लगाएगी। वहीं पुराने पानी के मीटर को कंपनी मुफ्त में बदलेगी और स्मार्ट मीटर के जरिए बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के बिल जनरेट होगा। उपभोक्ता अपने पानी के खर्च की दैनिक सीमा भी तय कर सकेंगे। ऊंचाई वाले इलाकों में भी प्रेशराइज्ड जल वितरण होगा।


### इस योजना से शिमला के लिए क्या हैं लाभ?


- 24 घंटे स्वच्छ पानी की होगी आपूर्ति।
- पानी की बर्बादी पर नियंत्रण।
- बिलिंग में पारदर्शिता और सटीकता आएगी।
- ऊंचाई वाले इलाकों में भी सुचारु जल आपूर्ति।
- आधुनिक तकनीक से जल प्रबंधन में सुधार।
- शहर में जल संकट की समस्या हल होगी।

# हिमाचली रंग



## चंबा





## चौरासी मंदिर भरमौर

**हिमाचल** प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर शहर के बीच स्थित एक हिंदू धार्मिक स्थल है। यह लगभग 1400 वर्ष पुराना है। इसमें एक केंद्र की परिमिति पर शिवलिंग पर आधारित चौरासी मंदिर बने हुए हैं, जिनके कारण इसका नाम पड़ा। इनके बीच पारंपरिक उत्तर भारतीय शिखर वास्तुशैली में बना मणिमहेश मंदिर है। चौरासी मंदिर भरमौर का एक महत्त्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है।

माना जाता है कि भरमौर के राजा सहिल वर्मन ने मंदिर का निर्माण 84 सिद्धों के नाम पर करवाया था। यह योगीजन कुरुक्षेत्र से आए थे और मणिमहेश झील व मणिमहेश कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए जा रहे थे। रास्ते में वे भरमौर में रुके और वहां साधना की। उन्होंने निःसंतान राजा को दस पुत्रों और एक पुत्री का वरदान दिया। आस्था है कि मणिमहेश झील का तीर्थ इस मंदिर के दर्शन किए बिना पूरा नहीं होता। यह मंदिर शिव और शक्ति को समर्पित है।



## मंडी



### हनुमान की अद्भुत प्रतिमा

मंडी में पांडवकालीन त्रिलोकीनाथ मंदिर में रखी गई अति प्राचीन हनुमान की अद्भुत प्रतिमा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं।



### श्री कृष्ण की वेशभूषा में बालक

मंडी के बाबा महामृत्युंजय मंदिर में श्री कृष्ण की वेशभूषा में पहुंचा एक बालक।



### अरनियाला का महादेव मंदिर

ऊना के अरनियाला का महादेव मंदिर जो लाखों लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है।





## कुल्लू

### फागली पर्व

कुल्लू जिले के बंजार के थाटीबीड में फागली पर्व में परंपरा का निर्वहन करते लोग।




### जौ की दूब

भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह को जौ की दूब भेंट करते पुजारी।

## कुल्लू



## सोलन



### मोहन हेरिटेज पार्क

सोलन के साथ लगते हरठ में बना मोहन हेरिटेज पार्क पर्यटकों की सैरगाह बनता जा रहा है। इस पार्क में हिंदू देवी-देवताओं की भव्य प्रतिमाएं सभी को आकर्षित करती हैं।




### महानाटी

मनाली के मालरोड में विंटर कार्निवाल के दौरान होने वाली महानाटी की रिहर्सल करतीं महिलाएं।

## लाहौल स्पीति



### मशालों का त्योहार हालड़ा

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की तिनन घाटी में मशालों का त्योहार हालड़ा के दौरान परंपरा का निर्वहन करते लोग।

### भूत-पिशाच भगाने की परंपरा



मणिकर्ण घाटी के पीणी में छार दियाली के मौके पर ग्रामीण एक जगह एकत्र होकर एक-दूसरे पर राख फेंककर भूत-पिशाच भगाने की परंपरा का निर्वहन करते हुए।

# सीएम ने जवाली को दीं 184.33 करोड़ की सौगातें

## मुख्यमंत्री ने 15 विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए

**अनंत ज्ञान, जवाली**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के जवाली विधानसभा क्षेत्र में 184.33 करोड़ रुपए की 15 विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के जरोट में गज्ज खड्ड पर 86.34 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया, इस पुल के बनने से जवाली और नगरोटा सूरियां के बीच की दूरी 7 किमी कम होगी। साथ ही उन्होंने ठंगर में 5 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले राजीव गांधी-डे बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला भी रखी।

प्रथम चरण में स्कूल के प्राइमरी विंग का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 15.76 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित शहरी जलापूर्ति योजना ज्वाली का लोकार्पण किया और नगरोटा सूरियां में 36.55 करोड़ से बनने वाली जल निकासी योजना की आधारशिला भी रखी। उन्होंने बासा में 3.20 करोड़ रुपए से निर्मित वाइल्डलाइफ इन्फॉर्मेशन सेंटर का उद्घाटन भी किया। सुक्खू ने 7.26 करोड़ रुपए की राशि से विद्युत मंडल ज्वाली में नए ट्रांसफार्मर तथा विद्युत नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण कार्य, 4.91 करोड़ रूपए के अग्निशमन केंद्र एवं कार्यालय भवन ज्वाली का शिलान्यास किया। इसके बाद उन्होंने 1.48 करोड़ रुपए की चीचड़ से नाग द्रमण बडी दा बला सड़क, 2.11 करोड़ रुपए की जरयाल बस्ती झराड से बंदेरु नडन वाया प्राइमरी स्कूल एवं झराड पटवार खाना तक की सड़क, 4.08 करोड़ रुपए की खरोटा सौहरा गुडा नरगाला कुट मकराहन लब भनेई निचला कुट से प्राइमरी स्कूल समलाना तक बनी सड़क, 6.80 करोड़ रुपए से निर्मित नियाल-झलूं सड़क तथा पुल, 2.94 करोड़ रूपए से निर्मित मानव भारती पब्लिक स्कूल से गांव रपाट तक बनी सड़क, 3.66 करोड़ से बनी अपर कटोरा घेरा से बनतुंगली सड़क, 2.18 करोड़ रुपए की गिरन खड्ड नोडिकूट जरपाल से अमलेला घाडजरोट फेज-2 सड़क तथा 2.07 करोड़ रूपए की गिरन खड्ड नोडिकूट जरपाल अप्पर अमलेला से अमलेला घाडजरोट फेज-3 सड़क का लोकार्पण किया।

## हिमाचल में मुद्दाविहीन बनकर रह गई भाजपा

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने खेल स्टेडियम जवाली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा मुद्दाविहीन होकर रह गई है तथा कांग्रेस के विकास को पचा नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से भेदभाव से हटकर राजनीति की है तथा इसी का प्रतिफल है कि हर विस क्षेत्र में विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़कों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रवहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीब जनता के हित में कई योजनाएं चलाई गई हैं तथा अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि हर घर की दहलीज तक सरकारी योजना पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जो कहती है, उसको पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले हमने जनता को जो 10 गारंटियां दी थीं, उनको चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के मामले में धन की कमी को आड़े नहीं आने दिया जाएगा।

## कोटला को पुलिस स्टेशन बनाने की घोषणा

**अनिल छांगू, जवाली।** मुख्यमंत्री सुक्खू ने कोटला पुलिस चौकी को पूर्ण पुलिस स्टेशन में अपग्रेड करने की घोषणा की। उन्होंने सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिद्धपुर घाड़ और त्रिलोकपुर बारी में विज्ञान कक्षाएं और सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अमलेला और पलोदा में चिकित्सा कक्षाएं शुरू करने की भी घोषणा की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने जवाली में एक बहुउद्देशीय खेल मैदान के लिए पर्याप्त धन मुहैया कराने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने सब्सिडी को सुव्यवस्थित करने और आर्थिक रूप से सक्षम व्यक्तियों को इससे बाहर निकलने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए चल रही पहलों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 1,000 से अधिक लोग पहले ही अपनी बिजली सब्सिडी छोड़ चुके हैं और और भी लोग आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अप्रैल में गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) सर्वेक्षण फिर से शुरू करेगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सही लाभार्थियों को उनका हक मिले। (अनंत ज्ञान)

## पठानिया की भतीजी की शादी में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार देर शाम को उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया की भतीजी की शादी में शिरकत की। इस दौरान सीएम सुक्खू ने कहा कि शाहपुर के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। भविष्य में शाहपुर में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शाहपुर में करोड़ों की परियोजनाओं को शुरू किया है। उन्होंने कहा भविष्य में कांगड़ा में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने सुनीत पठानिया के घर के प्रांगण में शादी के अवसर पर बड़ी अंगीठी में आग सेंकने का आनंद लिया।



## सीएम नूरपुर में आज 7 परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

अपने जिला कांगड़ा के प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 19 जनवरी को नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। अपने नूरपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्र को कई सौगातें देकर यहां विकास की गति को आगे बढ़ाएंगे।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बताया कि मुख्यमंत्री नूरपुर में 30 करोड़ 52 लाख 85 हजार 600 रुपए की सात विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इसमें 13 करोड़ 7 लाख 66 हजार की योजनाओं के लोकार्पण और 17 करोड़ 78 लाख 19 हजार की योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री 7 करोड़ 82 लाख की लागत से बने दरड़ नाला-डमोह संपर्क मार्ग का दो पुलों सहित लोकार्पण करेंगे, वे 2 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से बने जिला फोरेंसिक यूनिट का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ 2 करोड़ 84 लाख की लागत से निर्मित खज्जियां हार लिंक रोड तथा 36 लाख 66 हजार से बने विद्युत विभाग के उपमंडलीय भवन का लोकार्पण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू नूरपुर के जाच्छ में 13 करोड़ 91 लाख 36 हजार की लागत से बनने वाले एसपी कार्यालय के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा 3 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले कंडवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बिल्डिंग तथा 86 लाख 83 हजार की लागत से निर्मित होने वाले गरेली खड्ड पुल की आधारशिला रख भूमि पूजन करेंगे। इसके उपरांत मुख्यमंत्री जाच्छ में जनसभा को संबोधित करेंगे।

## एसडीएम ने लिया तैयारियों का जायजा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** मुख्यमंत्री 19 जनवरी को नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। उपमंडल प्रशासन ने कार्यक्रम से सम्बंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। एसडीएम ने जाच्छ में कार्यक्रम स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम गुरसिमर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री 19 जनवरी को सुबह 11:45 बजे नूरपुर के खुशीनगर पहुंचेंगे जहां 2.05 करोड़ की लागत से निर्मित डिस्ट्रिक्ट फॉरेंसिक यूनिट का उद्घाटन करेंगे। 12:25 बजे जाच्छ में 2.84 करोड़ से निर्मित खज्जन से हार लिंक रोड, 36.66 लाख की लागत से निर्मित बिजली बोर्ड उपमंडल गनोह के नए भवन और 7.82 करोड़ की राशि से निर्मित दरड़ नाला से दमोह वाया जनूं लिंक रोड तथा इस पर बने दो पुलों का उद्घाटन करेंगे।

## विकास कार्यों का विरोध करना भाजपा की आदत : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, जवाली**



कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने भाजपा द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि भाजपा का काम ही विकास कार्यों में रोड़ा अटकाना है। वे विकास कार्यों का भी विरोध कर रहे हैं, क्योंकि यह उनकी आदत बन चुकी है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकार ने निचले व ऊपर के हिमाचल की खाई के दूर किया है।

मुख्यमंत्री का शीतकालीन प्रवास विकास लेकर आया है, जिसमें करोड़ों के उद्घाटन और शिलान्यास हो रहे हैं। कृषि मंत्री शनिवार को जवाली में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का पौंग डैम हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष यहां विदेशी परिंदे आते हैं, जिनको देखने के लिए देश-विदेश के पर्यटक भी यहां डेरा डालते हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की आपास संभावनाएं है, जिनके ऊपर प्रदेश की कांग्रेस सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने पहले ही कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने की बात कही है तथा सरकार इस पर करोड़ों रुपए भी खर्च कर रही है।

कृषि मंत्री ने कहा कि इससे आने वाले समय में रोजगार भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि पौंग डैम सेंक्चुरी में अच्छे नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है, ताकि पर्यटकों को यहां आने-जाने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## संघर्ष समिति के सदस्यों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** मुख्यमंत्री के शतकालीन प्रावस के दौरान शनिवार को नगरोटा सूरियां को नगर पंचायत बनाने और बीडीओ ऑफिस को स्थानांतरित को लेकर खूब हंगामा हुआ। नगरोटा सूरियां को नगर पंचायत बनाने और ब्लॉक को स्थानांतरित करने के विरोध में बनी नगर पंचायत हटाओ, विकास खंड बचाओ संघर्ष समिति को नगरोटा सूरियां की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से नहीं मिलने दिया गया। पुलिस ने वन्यप्राणी विभाग के केंद्र से एक किलोमीटर पीछे ही संघर्ष समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को हिरासत में ले लिया। सदस्यों ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने के लिए रोकना लोकतंत्र की हत्या है। वे अब कृषि मंत्री को नगरोटा क्षेत्र में घुसने तक नहीं दिया जाएगा।

## 38 ग्राम चरस आठ बोतल देसी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना पुलिस थाना के अंतर्गत नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शुक्रवार देर शाम लगभग रात टीम द्वारा लगाए गए नाके पर दो युवकों से 38 ग्राम चरस बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने कहा कि आरोपी युवकों की पहचान अमन राणा तथा अनिकेत निवासी खुंडियां जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है। वहीं, भवारना पुलिस ने ठंबा में 8 बोतलें देसी शराब संतरा की बरामद की है। आरोपी की पहचान राजेश कुमार पुत्र मस्त राम निवासी ठाकुरद्वारा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अवैध खनन करने पर एक जेसीबी तीन ट्रैक्टर चालकों पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



विधानसभा क्षेत्र द्वारा के अंतर्गत गांव डाह कुलाड़ा के पास मलोट पुल के साथ अवैध खनन के विरुद्ध स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोल दिया है। देर रात गांव निवासी जिला सिंह, रणवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, टहल सिंह आदि ने मौके पर एक जेसीबी मशीन तथा तीन ट्रैक्टर, जो कि धरले से अवैध खनन कर रहे थे, इसकी सूचना उन्होंने स्थानीय उपप्रधान राजेश कुमार को दी तथा पुलिस हेल्पलाइन पर इसकी शिकायत की गई।

इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए इंदौरा थाना प्रभारी आशीष पठानिया ने राजेश कुमार, जो कि पंचायत के उपप्रधान हैं, की शिकायत पर मलोट पुल के साथ जेसीबी मशीन को पकड़ा। आरोपी मशीन से ट्रैक्टरों में खनन सामग्री लोड करके क्रशर वालों को दे रहे थे तथा जिस जमीन से वह अवैध खनन कर रहे थे, वह सरकारी भूमि है। पुलिस ने मौके पर जेसीबी चालक को काबू किया, परंतु वह पुलिस कसे चकमा देकर भाग गया। डीएसपी संजीव यादव ने बताया कि पुलिस ने ट्रैक्टर मालिक व चालक नवतेश सिंह, छोटू, अजय सिंह उर्फ गोलू निवासी मलोट तथा जेसीबी चालक राहुल चौधरी के विरुद्ध खनन अधिनियम सहित अन्य भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न-विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज का लिया गया है। फिलहाल जेसीबी को पुलिस द्वारा जब्त करके थाना इंदौरा में लाया गया है।

वहीं माइनिंग विभाग के फ्लाइंग गार्ड सनी जसवाल द्वारा मंड क्षेत्र में अवैध खनन करने पर तीन ट्रैक्टर चालकों से 15000 रुपए वसूला तथा एक अन्य मामले में इंदौरा में एक ट्रैक्टर का चालान करके उससे भी 5000 रुपए का जुर्माना वसूला है।

## लोगों ने विधायक के सामने पंचायत प्रधान के खिलाफ निकाली भड़ास

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** विधानसभा क्षेत्र देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर शुक्रवार को अचानक ग्राम पंचायत सकरी पहुंची, जहां पर स्थानीय पंचायत के लोगों के आग्रह पर पंचायत घर में भी गईं। वहां पर लोगों ने विकास कार्यों को लेकर अपना - अपना दुखड़ा विधायक को सुनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले काफी समय से पंचायत में सभी विकास कार्य बिलकुल बंद पड़े हैं और पंचायत प्रधान द्वारा विकास कार्यों को बिना बजह रोका जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक समिति सदस्य मंजीत सिंह, उपप्रधान रामस्वरूप शर्मा व पंचायत सदस्य ने भी मौजूदा प्रधान के खिलाफ लोगों का ही साथ दिया और पंचायत घर में जमकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि प्रधान को आदेश दें कि गांव के रुके सभी विकास कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र करवाया जाए।

## कांगड़ा और चंबा के लोगों को मिलेगा प्राकृतिक मक्की का आटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा जिले में 122.05 और चंबा के गोदामों में 40.3 क्विंटल आटा पहुंचा**

जिला कांगड़ा और जिला चंबा के उपभोक्ताओं को अब राशन डिपुओं से प्राकृतिक मक्की का आटा मिलेगा। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से मिलों से आटा कुछ गोदामों तक भेज दिया गया है। नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, कांगड़ा-चंबा स्थित धर्मशाला पुरषोत्तम सिंह ने कहा कि विभाग ने आटा एक और पांच किलो की पैकिंग में पैक किया है। अब तक कांगड़ा-चंबा के गोदामों में 162.35 क्विंटल मक्की का आटा भेजा गया है। गोदामों से डिपुओं में आटे की सप्लाई की जाएगी। उपभोक्ता 50 रुपए प्रति किलो की पैकिंग खरीद सकते है। उन्होंने कहा कि जिला कांगड़ा के गोदामों में 122.05 क्विंटल तो चंबा के गोदामों में 40.3 क्विंटल आटा पहुंचा दिया गया है। जिला कांगड़ा के फतेहपुर गोदाम में 35 क्विंटल, चैतड़ू गोदाम में 16.25 क्विंटल, जसूर में 10.50 क्विंटल, कांगड़ा में 60.80 क्विंटल आटा भेजा गया है। वहीं देहरा गोदाम में जल्द ही आटा उपलब्ध करवा दिया जाएगा। इसके अलावा चंबा के सिहुंता में तीन क्विंटल, सुंडला में 20 क्विंटल और सलूणी में 20 क्विंटल आटा भेजा गया है। गोदामों से जल्द ही डिपोधारक की मांग के अनुसार आटा सप्लाई किया जाएगा। गोदामों की ओर से फतेहपुर में कुछ डिपुओं में भी सात क्विंटल के करीब आटा सप्लाई किया गया है। विभाग की ओर से एक किलो और पांच किलो की पैकिंग में आटा पैक किया गया है। जिससे उपभोक्ता आसानी से कम पैकिंग वाला पैकेट भी खरीद सकते हैं। डिपुओं में मक्की का आटा उपलब्ध हो जाने से उन उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी, जो आटा के लिए इधर-उधर भटकते थे।

## थुरल-बच्छवाई वाया गरडेड़ सड़क 2 फरवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** लोक निर्माण विभाग उपमंडल थुरल के अंतर्गत थुरल से बच्छवाई वाया गरडेड़ संपर्क सड़क यातायात के लिए बंद रहेगी। लोक निर्माण विभाग थुरल के सहायक अभियंता राजेश चोपड़ा ने बताया कि बच्छवाई स्कूल के पास सड़क पर कंकरीट बिछाने के लिए 19 जनवरी से लेकर 2 फरवरी तक 15 दिनों के लिए यह संपर्क सड़क यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगी। उन्होंने इलाके के लोगों से अपील की है कि वे थुरल से बच्छवाई वाया सोहत्तरलाहड़ संतोषी माता मंदिर सड़क का उपयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### फतेहपुर के वार्ड एक में गंदगी ही गंदगी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर में स्थानीय पंचायत व जलशक्ति विभाग की उदासीनता के कारण स्वच्छता कोसों दूर नजर आ रही है। उपमंडल मुख्यालय में फैली गंदगी व पानी की लीकेज पर स्थानीय निवासी अनिल भारती व अन्य ने शनिवार को मीडिया से रू-ब-रू होते हुए बताया कि उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर की पंचायत फतेहपुर के वार्ड नंबर एक में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है व पानी की पाइपों में हो रही लीकेज के कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ में ही बह रहा है। जहां गंदगी से निजात पाने को कई बार पंचायत को कहा गया, लेकिन कोई भी हल न हुआ तो वहीं पानी की लीकेज रोकने में लिए विभागीय जेई से भी अपील की गई, लेकिन समस्या जस के तस बनी रही। इस पर जब पंचायत उपप्रधान करनैल सिंह के साथ बात की तो उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र से गंदगी को हटाने के लिए जल्द पंचायत द्वारा सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। वहीं जलशक्ति विभाग के जेई मिस्टर बलजिंदर के साथ बात की तो उन्होंने कहा पानी की लीकेज बंद करने के कर्मचारियों को निर्देश दिए जाएंगे।

### राजेश पुलिस चौकी संसारपुर टेरेस के इंचार्ज

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पुलिस चौकी संसारपुर टेरेस में राजेश द्विवेदी ने बतौर इंचार्ज अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि यहां इलाके भर में क्राइम पर अकुंश लगाना और नशे के सौदागरों पर नकेल कसना मेरी हमेशा प्रथमिकता रहेगी। चौकी इंचार्ज राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि स्थानीय ग्रामीण यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों व नशा बेचने वालों के खिलाफ खुलकर सामने आएं और उनकी शिकायत जिला पुलिस की यातायात हेल्प लाइन पर दें, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नकेल कसी जा सके।



### दिल्ली चुनावः भारत गठबंधन ने घोषित किए प्रत्याशी



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारत गठबंधन के नौघटक दल स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील राव शिंदे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भारत गठबंधन के संयोजक मंडल के सदस्य तथा स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद ने दिल्ली प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए गठबंधन ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। गठबंधन ने 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की। इन उम्मीदवारों को भ्रष्टाचार मुक्त शासन और जन समस्याओं का प्रभावी समाधान देने के लिए चुना गया है। यह गठबंधन समावेशी और जवाबदेह शासन के अपने विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### संजय चौहान को बताई पेयजल समस्या



**राकेश डोगरा, डरोह।** हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान से बागडु, गढ़ जमुला से एक प्रतिनिधिमंडल मिला। उन्होंने तीनों पंचायतों में हो रहे प्रगति कार्यों की चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष की कार्यशैली व कार्यप्रयायणता पर संतोष जताया। इसके अलावा उन्हें अपनी ग्राम पंचायत में पेयजल और सिंचाई जल की समस्या से अवगत करवाया। संजय सिंह चौहान ने तुरंत उच्च अधिकारियों से समीक्षा करके सुलझाने के इन्हें निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों से भी वार्ता की और केदारा से कड़ाहू व पटबाग तक मरम्मत के कार्य को जल्द शुरू करवाने के लिए कहा। (अनंत ज्ञान)

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए खतरा बने बेसहारा पशु



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां उपमंडल के वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि सैकड़ों की संख्या में घूम रहे बेसहारा पशुओं के डर से घर से बाहर निकलना दुश्वार हो गया है। ये शब्द वरिष्ठ नागरिक संगठन के उपाध्यक्ष ब्रह्मा नंद की अध्यक्षता हुई बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने कहे। वरिष्ठ नागरिकों ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा है कि नगरोटा बगवां के थारू में गोसदन तैयार पड़ा है , परंतु अभी तक इस का उपयोग नहीं हो रहा है। प्रशासन इस गोसदन को शुरू करवा दे तो पशुओं से वरिष्ठ नागरिकों और बच्चों को निजात मिल सकती है।

### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में मनाया हिंदी दिवस



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल मोहतली सूरजपुर में चेयरमैन रणवीर सिंह सचिव कमलजीत सिंह और मुख्य अध्यापिका अनुमित कौर की अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नवमं की छात्रा तेजस्विनी ने हिंदी दिवस पर भाषण दिया तथा हिंदी भाषा का महत्व के बारे में बताया। इसके बाद कक्षा आठवीं और नवमीं की छात्रों द्वारा बहुत ही सुंदर-सुंदर कविताएं पेश की गई कक्षा आठवीं की छात्रा सौम्या ने एक हिंदी गीत गया, जिसका विषय था मां की गोद है हिंदी, पिता का प्यार है हिंदी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अध्यापिका श्रीमती अनुमित कौर जी ने सबको हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि हिंदी हमारी और हमारे देश की पहचान है। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस थाना नगरोटा बगवां का किया निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने पुलिस थाना नगरोटा बगवां का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस थाना प्रभारी के साथ अपराधों के संदर्भ विचार विमर्श किया। पुलिस महानिदेशक ने पुलिस थाना में तैनात कर्मचारियों को पेश आ रही समस्याओं व कल्याण के बारे में भी बातचीत की ।

## पंजीकरण शुल्क का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** व्यापार मंडल नगरोटा बगवां के अध्यक्ष नरेंद्र सिपहिया ने नगर परिषद द्वारा लगाए जाने वाले पंजीकरण कर को लेकर जोरदार विरोध किया है। उन्होंने इस बारे हिमाचल प्रदेश सरकार को भी अपना विरोध जताते हुए दो टूक कह दिया है कि यदि पंजीकरण कर जबरदस्ती दुकानदारों के ऊपर थोपा गया तो व्यापार मंडल सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी कंचन बाला को ज्ञापन सौंप कहा कि पहले ही व्यापारी वर्ग ऑनलाइन बिक्री के कारण घाटे में चल रहा है। इस तरह के टैक्स व्यापारियों को और घाटे में पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि इस पंजीकरण कर को तुरंत वापस लिया जाए, नहीं तो व्यापारी धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।




**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**

रवि कुमार पुत्र प्रीतम चन्द पुत्र चुहड़ू राम निवासी महाल टियुकर डाकघर पंजाहडा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.

....वादी

**वनाम**

**आम जनता**

...प्रतिवादी (मृत्यु पंजीकरण)

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन मृत्यु पंजीकरण ग्राम पंचायत पंजाहडा तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा

ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी रवि कुमार पुत्र प्रीतम चन्द पुत्र चुहडू राम निवासी महाल टियुकर तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसकी दादी धुप्पो देवी पत्नी चुहडू राम की मृत्यु दिनांक 29-06-2012 को गाँव टियुकर में हुई थी और उनका मृत्यु तिथि पंजीकरण 29-06-2012 ग्राम पंचायत के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सका है। अतः उनकी मृत्यु तिथी को ग्राम पंचायत पंजाहडा में दर्ज करने के आदेश पारित किया जावे ।

अतः हर आम व खास, जो प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 18-02-2025 को पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश मृत्यु तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 18-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा**

**व अदालत नायब तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता द्वितीयश्रेणी तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा ( हि. प्र. )**

अजय कुमार पुत्र रमेश कुमार पुत्र धनी राम बगैरा निवासीगण महाल उपरीहड़ मौजा कोपडा तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ।

प्रार्थीगण

**वनामः**– राजिन्द्र सिंह पुत्र श्रीमति कृष्ण देवी पुत्री भगत राम बगैरा निवासीगण महाल उपरीहड़ मौजा कोपडा तहसील नूरपुर .... प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र तकसीम भूमि खाता न 28 खतौनी न 37 खसरा 281 रकबा तादादी 00-30-34 वाकया महाल उपरीहड़ मौजा कोपडा तहसील नूरपुर

इश्तहार अखवार बनाम आम जनता उपरोक्त मुकदमा तकसीम में प्रतिवादी न0 1 राजिन्द्र सिंह पुत्र श्रीमति कृष्णा देवी 2. श्रीमति कान्ता देवी पुत्री करतार सिंह निवासीगण महाल उपरीहड़ मौजा कोपडा तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. को उक्त मुकदमा तकसीम में इस अदालत से कई बार समन जारी किये गए । परन्तु तामील समनात नियमानुसार न हो सकी। इस अदालत को यह विश्वास हो चुका है कि उक्त प्रतिवादीगण को तामील साधारण तरीके से नहीं हो सकती है।

अतः उक्त प्रतिवादीगण को इस इश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 24-02-2025 को सुबह 11-00 बजे असालतन व वकालतन अदालत में उपस्थित होकर पैरवी प्रार्थना पत्र तकसीम करें । हाजिर न आने की सूरत में उनके खिलाफ नियमानुसार एक तरफा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

आज दिनांक 18-01-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा**

**व अदालत तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.।**

श्री चरण सिहं पुत्र जिया लाल महाल समा डा. खेल तहसील नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।

....वादी

**वनाम** **आम जनता**

... प्रतिवादी

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन मृत्यु तिथी पंजीकरण ग्राम पंचायत खेल तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा

ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी चरण सिहं पुत्र जिया लाल महाल समा डा. खेल तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ने एक प्रार्थना पत्र इस अदालत में गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसकी माता श्रीमति जुलमो देवी पत्नी जिया लाल की मृत्यु तिथि 15-04-2016 को ग्राम पंचायत खेल के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः मेरी माता की मृत्यु पंजीकरण तिथी को ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे ।

अतः इश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास, सूचित किया जाता है कि कोई भी प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 18-02-2025 को पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश मृत्यु जन्म तिथी पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 18.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### 20 व 21 को करवाएं बिजली के मीटरों की ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** सहायक अधिशासी अभियंता विद्युत उपमंडल विनोद ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी विद्युत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी 20 व 21 जनवरी 2025 को की जाएगी। उन्होंने बताया कि 20 व 21 जनवरी को नीटू कुमार कल्लर पंचायत, विजय कुमार छड़ोल व मोहित अवस्थी जबली विद्युत-अनुभाग कार्यालय में ईकेवाईसी करेंगे। उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि निर्धारित तिथि को विद्युत-अनुभाग कार्यालय के सार्वजनिक कार्यालय में उपभोक्ता अपने साथ बिल व आधार कार्ड लेकर आए। उन्होंने बताया कि यदि किसी उपभोक्ता की मृत्यु हो चुकी है तो परिवार से किसी भी एक सदस्य का आधार कार्ड साथ लेकर आए। यदि कोई उपभोक्ता ईकेवाईसी नहीं करवाता है तो भविष्य में मिलने वाले उनके सभी वित्तीय लाभ (सबसिडी) बंद हो जाएगी, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेवार होगा। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9817507773, 9459978276, 8580537151 पर संपर्क कर सकते है।

### दो पंचायतें बनाने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता खंड के बलोह पंचायत की जनसंख्या लगभग 3500 है। यह पंचायत क्षेत्रफल के हिसाब से भी काफी बड़ी है। इस कारण यहां प्रशासनिक कार्यों में कई चुनौतियां पेश आती हैं। इन समस्याओं के समाधान और दो पंचायतें बनाने के लिए प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त और जिला पंचायत अधिकारी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई पूर्व प्रशासनिक अधिकारी देवराज भाटिया ने की। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुरेंद्र पाल शर्मा, सेवानिवृत्त थानेदार रामपाल शर्मा, उपप्रधान विवेक कुमार, हंसराज, महेंद्र सिंह, कर्म चंद शास्त्री, बलवंत सिंह ने उपायुक्त को लगभग 500 परिवारों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपते हुए मांगें उठाईं। कहा कि बलोह की दो पंचायतें बनाने की आवश्यकता है। इस पंचायत का क्षेत्रफल काफी विस्तृत है। इसके कारण यहां के लोग प्रशासनिक सेवाओं और सुविधाओं में काफी परेशानी महसूस कर रहे हैं। प्रतिनिधियों ने हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना के तहत पंचायतों को संतुलित करने के लिए बंटवारा करने की मांग की। कहा कि अगर पंचायत का बंटवारा किया जाता है, तो इससे स्थानीय प्रशासन को काम करने में अधिक सुविधा होगी और पंचायत के नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। बंटवारे से पंचायत के विभिन्न हिस्सों में प्रशासनिक कामों में तेजी और अधिक प्रभावशीलता आएगी, जिससे आम लोगों के काम भी जल्दी और सुलभ होंगे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इससे पंचायत में रहने वाले नागरिकों का जीवनस्तर सुनिश्चित होगा।

### वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक सभा की मासिक बैठक 21जनवरी को प्रातः 11बजे वरिष्ठ नागरिक सभागार समीप नगरपरिषद विश्रामगृह रौड़ा सैक्टर बिलासपुर में होगी जिसकी अध्यक्षता डॉ, जे, ऐन, मिश्रा करेंगे। यह जानकारी देते हुए महासचिव मस्तराम वर्मा ने बताया कि कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं से संबंध में विस्तृत चर्चा की जाएगी। 2016 से 22 के बीच सेवानिवृत कर्मचारियों व अधिकारीयों को अभी तक सरकार द्वारा लंबित वित्तीय लाभ न दिए जाने के बारे में भी चर्चा होगी। वर्मा ने समस्त सदस्यों से बैठक में भाग लेने का आग्रह किया है।

### 12 फरवरी को निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सद्‌गुरू रविदास समिति बैहना जट्टां में सदगुरू एवं संत शिरोमणी रविदास जी महाराज का 648 वां प्रकाशपर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजन प्रभारी आचार्य नंद लाल ने बताया कि 12 फरवरी 2025 को यह कार्यक्रम डोल गांव में स्थित गुरू रविदास मंदिर में भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को एक विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। जो बैहना जट्टां, ऋषिकेश, धराड़सानी, मंडी भराड़ी, नौणी, मंडी माणवां, जबली, लखनपुर, डियारा सेक्टर, रौड़ा सेक्टर स्थित गुरु रविदास मंदिर, कोठी चौक, चांदपुर, कंदरौर, भगेड़, औहर, कल्लर तथा वापिस सदगुरू रविदास मंदिर डोल पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस रूट पर विभिन्न स्थानों पर धार्मिक संगठनों द्वारा फ्रूट्स, चाय व जल पान आदि की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि शाम को आठ बजे गुरूवाणी, पाठ व सतसंग का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी को सुबह दस बजे ध्वजा रोहण कार्यक्रम होगा जबकि 11 बजे से लेकर 2 बजे तक शब्द कीर्तन और प्रवचन होंगे जबकि दो बजे से अटूट भंडारे का आयोजन होगा। नंद लाल आचार्य ने बताया कि समरता के प्रतीक संत शिरोमणी गुरू रविदास जी द्वारा बताए गए सदमार्ग पर चलने के लिए तथा उनकी शिक्षाओं का व्याख्यान करने के लिए विद्वानों को सादर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठकों का दौर चल रहा है। समितियों और उपसमितियों का गठन कर जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके।

### जीआरपी के तीन आरक्षकों की संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर में जीआरपी के तीन आरक्षकों की डेढ़ करोड़ की संपत्ति जप्त की गई है। गांजा तस्करी में काली कमाई करने वाले जीआरपी के तीन आरक्षकों का रिकॉर्ड पुलिस ने खंगाला है। जांच के बाद तीनों आरक्षकों की जमीन और वाहन सहित डेढ़ करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। मामले की प्रतिवेदन मुंबई के सफेमा कोर्ट में प्रस्तुत किया जा रहा है फिलहाल आरक्षक जेल में बंद हैं। दरअसल एसपी रजनीश सिंह ने बताया कि 23 अक्टूबर 2023 को जीआरपी पुलिस ने योगेश सोंधिया और रोहित त्रिवेदी को पड़कर उनके कब्जे से 20 किलो गांजा बरामद किया था एटीएस की टीम ने मामले की जांच की जिसमें जीआरपी आरक्षकों की संलिप्तता उजागर हुई थी। मामले मे एसपी ने जांच कर कार्रवाई करने का आदेश दिया था। उनके निर्देश पर एसीसीयू टीम ने जांच के बाद जीआरपी के आरक्षण लक्ष्मण गाईन, मन्नु प्रजापति, संतोष राठौड़ सौरभ नागवंशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसपी के निर्देश पर मादक पदार्थ में एंड टू एंड इन्वेस्टिगेशन और कार्रवाई के तहत आरोपी सभी आरक्षकों के द्वारा गांजा से कमाई की गई संपत्ति की जांच शुरू की गई थी, जिसमें आरक्षक लक्ष्मण गाईन मन्नू प्रजापति, संतोष राठौड़ के पास जमीन वाहन सहित करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति जप्त कर ली है। पुलिस मामले का प्रकरण मुंबई के सफेमा कोर्ट में पेश करेगी।

### आकर्षण का केंद्र बना मैहरी काथला का पेयजल स्रोत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मैहरी काथला गांव आजकल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। गांव में एक ऐसा प्राकृतिक जल शक्ति स्रोत विद्यमान है, जहां से प्रतिदिन तीन जिलों के लोग पेयजल आपूर्ति करते हैं। इतना ही नहीं इस स्थान पर लगभग एक दर्जन सिंचाई और पेयजल योजनाएं प्रतिदिन कई लाख लीटर पानी बलद्वाड़ा, समैला, तलयाणा, पलासी, मटायरा, हरलोग, घुमारवीं, कोठी हवान, चलैहली, तलवाड़ा, मोरसिंघी कसोहल, लद्दा व कुलवाड़ी आदि क्षेत्रों तक पीने का पानी पहुंचाने का काम करती है। बारह महीने सुबह चार बजे से रात दस बजे तक स्नान करने वाले और पानी ले जाने वालों का मेले जैसा तांता लगा रहता है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने हाईवा को मारी टक्कर, ट्रक चालक की मौत

## ट्रक चालक की लापरवाही से हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



शिमला-हमीरपुर वाया बिलासपुर उच्च मार्ग पर नवोदय स्कूल के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे एक हाईवा (टिप्पर) को टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई जबकि हाईवा (टिप्पर) चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एम्स में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। जहां पर वह उपचाराधीन है। घटना की सूचना मिलने पर थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची और ब्यान कलमबद्ध किए।

पुलिस को दिए गए ब्यान में मनीश कुमार निवासी कुईरू डाकघर नवागांव तहसील अर्की जिला सोलन ने कहा कि गत रात दाड़लाघाट से क्लींकर लेकर रोपड़ जा रहा था। जब वह कोठीपुरा के पास पहुंचा तो एक ट्रक उससे आगे तेज रफ्तार से जा रहा था। आरोप लगाया कि संबंधित ट्रक चालक ने सामने से आ रहे हाईवा को गलत दिशा में जाकर टक्कर मार दी। जिससे ट्रक चालक गगन कुमार निवासी खारसी डाकघर साई खारसी तहसील सदर जिला बिलासपुर की मौत हो गई है व हाईवा चालक देस राज निवासी गटेर डाकघर भराड़ीघाट तहसील अर्की जिला सोलन गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना गगन कुमार की लापरवाही से ट्रक चलाने के कारण हुआ है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की आगामी छानबीन की जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच कर रही है।

## जुखाला के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** शिमला-हमीरपुर सड़क पर जुखाला के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई के ब्यान के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दिए गए ब्यान में सतीश कुमार निवासी जुखाला तहसील सदर जिला बिलासपुर ने कहा है कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। ब्यान में कहा है कि गत देर रात सूचना मिली कि उसके भाई सुरेश कुमार उर्फ छोटू दुर्घटना में घायल हो गया है और उसका नागरिक अस्पताल में उपचार चल रहा है। जिस पर वह अपने ताया के बेटे रमेश कुमार के साथ नागरिक अस्पताल पहुंचा। जहां पर सुरेश कुमार का उपचार चल रहा था। सुरेश की दाएं बाजू, पीठ व आंख में चोट लगी थी तथा उसके कपड़े फटे हुए थे। नागरिक अस्पताल मार्कंड में प्राथमिक उपचार के बाद उसके भाई को चिकित्सकों ने एम्स रैफर कर दिया। जिस पर वह अपने भाई को उपचार के लिए एम्स लेकर आया। जहां पर चिकित्सकों ने उसके भाई को मृत घोषित कर दिया। संभावना जताई है कि कोई अज्ञात वाहन उसके भाई को टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थाना बरमाणा पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# निराश्रित बच्चों को मिलेगा एक्सपोजर विजिट का मौका

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



डीसी आबिद हुसैन सादिक।

मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत बिलासपुर जिले के 31 चयनित निराश्रित बच्चों को एक विशेष एक्सपोजर विजिट का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस यात्रा को प्रदेश सरकार के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्मानी 23 जनवरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह यात्रा बच्चों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक स्थलों से परिचित कराएगी, जिससे उनकी शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद मिलेगी। इस दौरान उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि इस योजना के तहत 17 निराश्रित बच्चों को अमृतसर और जालंधर की दो दिवसीय यात्रा पर भेजा जाएगा। इस यात्रा का उद्देश्य बच्चों को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख स्थल जैसे वाघा बॉर्डर, हरमंदिर साहिब और जलियांवाला बाग का दौरा कराना है। इन स्थलों पर जाकर बच्चे भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण पहलुओं से परिचित होंगे। इसके साथ ही बच्चों को कपूरथला स्थित एके गुजराल साइंस सिटी का भी दौरा कराया जाएगा, जहां वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवीनतम पहलुओं से परिचित होंगे। 14 दिव्यांग बच्चों को मां नैना देवी के दर्शन के लिए ले जाने की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर निराश्रित और अनाथ बच्चों, दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के कल्याण में सहयोग करना है।

### बच्चों को मिली नई दिशा

**मुख्यमंत्री** सुखाश्रय योजना के तहत किए जा रहे इस एक्सपोजर विजिट से बच्चों को नई दिशा मिल रही है। यह यात्रा उन्हें न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से, बल्कि उनके आत्मविश्वास और मानसिक विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। इससे बच्चों में सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोणों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी और वे जीवन में किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार होंगे। यह योजना बच्चों को उनके भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेगी।

# बच्चों ने आपदा से बचने के सीखे गुर

**अनंत ज्ञान, दधौल**



विशेष शिविर के दौरान मौजूद बच्चे व साथ हैं अन्य।

एनडीआरएफ टीम 14 वीं वाहिनी जसूर, नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में आपदा संबंधी विशेष शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें बच्चों ने आपदा से बचने के विभिन्न तरीके सीखे।

टीम कमांडर अशोक रमोला ने बच्चों को संबोधित करते हुए आपदाओं के संबंध में विभिन्न जानकारियां उपलब्ध करवाई व विभिन्न आपदाओं के समय हमें धैर्य से काम लेना चाहिए और भगदड़ से बचना चाहिए।

इस प्रकार से विभिन्न जानकारियां देते हुए उनकी टीम द्वारा विभिन्न विकट परिस्थितियों को नाटकीय ढंग से प्रदर्शित किया गया ताकि बच्चों को सही व वास्तविक जानकारी उपलब्ध करवाई जा सके । टीम में रविंद्र, सूरज ,विक्रम व 16 और अन्य जवानों ने बेहतरीन जानकारी बच्चों के साथ सांझा की ।

विद्यालय परिवार की तरफ से उपप्रधानाचार्य डॉक्टर तिलक धर्माणी ने टीम का धन्यवाद व्यक्त करते हुए बच्चों से यह आह्वान किया कि जो कुछ भी बेहतरीन जानकारी हमें एनडीआरएफ टीम द्वारा उपलब्ध करवाई गई उसे सही तरीके से समझ कर हमें विकट परिस्थितियों में उनका प्रयोग करना चाहिए।

# वेला गांव में पशुशाला में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत सुन्हाणी के वेला गांव में रात करीब 11 बजे पशुशाला में आग लग गई, जिससे उनकी पशुशाला पूरी तरह जलकर राख हो गई। पशुशाला में हजारों रुपए की इमारती लकड़ी रखी हुई थी जो जल गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड झंडूता की एक टीम राजेश कुमार की अध्यक्षता में मौके पर पहुंची और स्थानीय लोग व फायर बिग्रेड के कर्मचारियों की मदद से बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग को लगभग 4 घण्टे 12 मिनट का समय लग गया।

जानकारी अनुसार यह आग जमालीदन पुत्र अमरदीन गांव वेला डाकघर सुन्हाणी तहसील झंडूता



जिला बिलासपुर की पशुशाला में लगी थी। रात करीब 11 बजे यह सभी अपने घर पर सोए हुए थे तो इसका भतीजा मोहम्मद रफी बाहर गया तो उसने देखा कि पशुशाला में आग की लपटें निकल रही हैं जिस पर उसने शोर मचाया।

उस समय उठकर पशुशाला के पास पहुंचे जो टीनपोश तथा ऊपरी मंजिल को भी टीन पतरों से बनाया था जिसमें तुड़ी व घास आदि रखा था तथा नीचे पशु बांधे हुए थे। आग पहले ऊपरी मंजिल में लगी, इसने पशुशाला में आकर पशु बाहर निकाले। इतने में आग बहुत ज्यादा बढ़ गई। पशुशाला में एक मशीन घास काटने वाली लगी थी तथा एक छोटा सा कुत्ते का बच्चा जो लगभग एक माह का था, इस आग में जल गया और हजारों रुपए की इमारती लकड़ी जो मकान बनाने के लिए रखी थी वह आग में राख हो गई। गनीमत यह रही कि किसी भी तरह का कोई जानी नुकसान नही हुआ है । इस आगजनी में इसका लगभग तुड़ी 25 क्वांटल, टांडा 250 बंद, घास काटने की मशीन व पशुशाला बिलकुल नष्ट हो गई है।

इस पर नेफा बीबी पत्नी जमालीदन ने बताया कि आग लगने से हमारा बहुत ही ज्यादा नुक्सान हुआ। पशु बाहर निकाले गए। हमारा लगभग पांच लाख रुपए का नुक़सान हुआ है।

## पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान की मांग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश सरकार से पेंशनर्स की लंबित वित्तीय समस्याओं के समाधान के लिए आगामी बजट 2025 में विशेष प्रावधान करने की मांग की है।

प्रदेश प्रधान आत्माराम शर्मा, महासचिव ठाकुर हुकुम सिंह ने संयुक्त बयान में कहा कि 1 जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए पेंशनर्स का 15 से 20 लाख रुपए प्रति व्यक्ति बकाया सरकार के पास लंबित है।

उन्होंने कहा कि इस वित्तीय देनदारी के कारण इन पेंशनर्ज को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने सरकार की ओर से 2024 में पेंशनर्स को दिए गए आंशिक वित्तीय लाभ का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि 2025 के बजट में 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनर्स की लंबित देनदारियों का भुगतान, छठे वेतन आयोग के एरियर का एकमुश्त भुगतान, लंबित 11 फीसदी महंगाई भत्ते की तीन किस्तों का भुगतान, चिकित्सा बिलों की अदायगी के लिए विशेष बजट प्रावधान किया जाए।

# रेलवे लाइन निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार, परिवहन विभाग द्वारा भानुपल्ली बिलासपुर-बैरी रेलवे लाइन के निर्माण के लिए भूमि अर्जन की अधिसूचना 15 जनवरी, 2025 को जारी की गई है। यह अधिसूचना विशेष रूप से उन ग्रामों के लिए जारी की गई है, जिनमें भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। यह जानकारी अभिषेक कुमार गर्ग उप मंडल अधिकारी (ना) एवं भू अर्जन समाहर्ता, रेलवे बिलासपुर ने दी।

अधिग्रहण के लिए जिन गांवों का चयन किया गया है, वे हैंरू मानवां, रामपुर, खनसरा, रघुनाथपुरा, उप महाल बिलासपुर और बध्यात है। इन गांवों में कुल 18-13 बीघा भूमि अर्जित की जाएगी। अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि भूमि मालिकों और अन्य संबंधित व्यक्तियों को अपनी आपत्तियां और आपत्ति संबंधी दस्तावेज भू अर्जन समाहर्ता, रेलवे बिलासपुर के समक्ष 60 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने का अधिकार



### भूमि के उचित मूल्य का होगा भुगतान और मिलेगी सुविधाएं

होगा। आपत्तियों की सुनवाई के लिए भू अर्जन समाहर्ता द्वारा एक निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिसके तहत संबंधित व्यक्तियों से उनके मामलों के आधार पर स्पष्टीकरण लिया जाएगा और उचित निर्णय लिया जाएगा।

यह सुनवाई भू अर्जन समाहर्ता के नेतृत्व में की जाएगी, जो सुनिश्चित करेंगे कि सभी कानूनी और प्रशासनिक मानकों का पालन किया जा रहा है। रेलवे लाइन निर्माण के बाद, प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वासन और पुन:वस्थापन के लिए एक विशेष योजना तैयार की जाएगी। यह योजना सरकार द्वारा अनुमोदन प्राप्त करने के बाद अधीन धारा 19 के तहत अधिसूचना जारी की जाएगी। इस योजना में प्रभावित परिवारों को पुनः बसाने, उनका रोजगार सुनिश्चित करने और भूमि के बदले अन्य सुविधाएं देने का प्रावधान होगा। पिछले समय में अर्जित की गई भूमि से संबंधित कुछ मामलों में प्रभावित व्यक्तियों द्वारा आपत्तियां दायर की गई थीं। इन आपत्तियों की सुनवाई 18 जनवरी, 2025 को की गई, जिसमें सभी आपत्तियों को गंभीरता से लिया गया और अधिकारियों के साथ आवश्यक कार्रवाई की गई।

भू अर्जन समाहर्ता ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य सभी संबंधित पक्षों के अधिकारों का सम्मान करना और उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से पुनर्वासित करना है। सभी संबंधित पक्षों को उनकी भूमि के उचित मूल्य का भुगतान और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

# एसपी 11 ने क्रिकेट लीग में सात विकेट से दर्ज की जीत



क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान मौजूद खिलाड़ी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

कहलूर स्टेडियम लुहणु मैदान में शनिवार सम्मान एवं सलाम क्रिकेट लीग का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पहला मुकाबला हेल्थ वॉरियर बनाम एसपी 11 के मध्य खेला गया जिसमें एसपी 11 ने सात विकेट से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर हेल्थ वॉरियर ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हेल्थ वॉरियर की ओर से ओपनर बल्लेबाज राहुल ने 41 गेंद पर शानदार 70 रन की पारी खेली। निर्धारित 15 ओवर में हेल्थ वॉरियर की टीम ने पांच विकेट खोकर 128 रन बनाए। एसपी 11 की ओर से इरशाद ने दो विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसपी 11 की टीम ने शानदार शुरुआत की। एसपी 11 ने 11.1 ओवर में लक्ष्य को हासिल के लिया। ऑल राउंड प्रदर्शन के लिए इरशाद को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मुख्यातिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने खिलाड़ियों और आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

यह टीमें धर्मशाला स्टेडियम में अपने मैच खेलेंगी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को 21 लाख उपविजेता टीम को 11 लाख और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 5 लाख रूपये का इनाम दिया जाएगा। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी रवि शंकर, हैंडबॉल कोच मनोज ठाकुर, अंकित और अमित मौजूद रहे।

**सुरक्षा** शहर में कई घटनाएं होने पर सीसीटीवी कैमरे न होने से पुलिस के हाथ खाली

# घुमारवीं शहर में तीसरी आंख का पहरा जरूरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं शहर में तीसरी आंख से सुरक्षा का सपना अभी भी साकार नहीं हो पाया है। हालांकि कई सालों से शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की मांग होती रही है, लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से सीसीटीवी कैमरे लगाने की कोई पहल नहीं की गई है। जबकि सीसीटीवी कैमरे आज के समय और सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी हो चुके हैं।

शहर में पिछले कुछ वर्षों से लगातार चोरी तथा अन्य प्रकार की कई घटनाएं हो चुकी है, लेकिन शहर में सीसीटीवी कैमरे न होने की वजह से अक्सर पुलिस के हाथ खाली रह जाते हैं।


शहर के चौक-चौराहों, प्रमुख बाजार के साथ-साथ इस समय बस स्टैंड में सीसीटीवी कैमरों की सख्त जरूरत है, लेकिन अभी तक शहर में कही भी कैमरे नही लगाए जा

### यात्रियों के सामान चोरी के साथ छीनाझपटी की हो चुकी हैं कई वारदातें

सके है। यहां अक्सर यात्रियों के सामान चोरी होने के साथ-साथ छीनाझपटी की कई वारदाते हो चुकी हैं। एक तरफ तो शहर में छोटे-बड़े व्यापारियों का दुकानदारों की ओर से दुकानों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, लेकिन प्रशासन की तरफ से शहर में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

बस अकेले बस स्टैंड पर ही गहने चोरी, स्कूली कॉलेज के छात्रों की लड़ाई-झगड़ा तथा लड़कियों से छेड़छाड़ के कई मामले सामने आ चुके हैं। जिनमें अधिकतर मामले पुलिस तक नहीं पहुंच पाते हैं, लेकिन जो मामले पुलिस तक पहुंचे वह भी अभी आज तक नहीं सुलझ पाए है।

### चौक-चौराहों और बस स्टैंड में कैमरे लगवाने चाहिए



**शहर** वासियों का कहना है कि नगर परिषद, प्रशासन व पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से योजना बनाकर के चौक चौराहों तथा बस स्टैंड पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने चाहिए, ताकि शहर की गतिविधियों की जानकारी आसानी से मिल सके तथा लोग भी इस सुरक्षित महसूस कर सकें, क्योंकि ज्यादातर अपराध में अंजाम देने वाले अपराधी भी इस बात को जानते हैं कि शहर में कहीं भी कोई कैमरा नहीं लगा है जिसका फायदा उठाकर वह अक्सर बड़ी वारदातों को अंजाम देकर आसानी से भागने में सफल हो जाते हैं।

> **शहर** में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए एक प्रपोजल बनाकर उपायुक्त कार्यालय भेजा गया है। जैसे ही मंजूरी मिलेगी शहर में कमरों की व्यवस्था कर दी जाएगी।
> -गौरव चौधरी (एसडीएम, घुमारवीं)

> **समय** के हिसाब से शहर में कैमरा की बहुत जरूरत है। फिलहाल गांधी चौक तथा दकड़ी चौक पर कैमरों की व्यवस्था की गई है लेकिन अभी शहर में और भी कई महत्वपूर्ण स्थान है जहां पर कैमरे लगाए जाने हैं इस पर प्रपोजल बनाया गया है । उम्मीद है जल्द ही मंजूरी मिलेगी इसके बाद कैमरा की व्यवस्था हो पाएगी।
> -चंद्रपाल सिंह (डीएसपी, घुमारवीं)

## प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई: राजेंद्र



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आम नागरिकों को समय पर दवाएं, जांच और ईलाज नहीं मिल पा रहा है, जो किसी भी सरकार के लिए शर्मनाक है।

गर्ग ने दिसंबर में इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में हुई एक कैंसर मरीज की मौत का जिक्र करते हुए इसे स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता का उदाहरण बताया। मृतक देव राज शर्मा की बेटी जाह्नवी शर्मा का आरोप है कि उनके पिता की मौत समय पर इंजेक्शन न मिलने के कारण हुई। परिवार ने हिम केयर योजना के तहत इलाज के लिए पंजीकरण कराया थाए लेकिन 50 हजार रुपये का इंजेक्शन अस्पताल से नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि वह दो माह तक अस्पताल के चक्कर काटती रहीं और हर बार उन्हें टाल दिया गया। उन्हें बाहर से इंजेक्शन खरीदने के लिए कहा गया, लेकिन आर्थिक स्थिति के कारण परिवार ऐसा नहीं कर पाया। जब तक पैसा जुटाया गया, तब तक उनके पिता की मृत्यु हो गई।

# नंद नगरांव पुल का कार्य जून तक होगा पूरा

**गोपाल कपिल, झंडूता**

बिलासपुर जिला के झंडूता उपमंडल के गोबिंद सागर के बैक वाटर पर बन रहा नंद नगरांव पुल का कार्य जून माह तक पूरा हो जाएगा। यह पुल स्टील सस्पेंशन तकनीक से बन रहा है। यह पुल 388 मीटर लम्बा होगा । यह पुल 56 करोड़ की लागत से बनेगा। हिमाचल में इस तरह का यह पहला ही पुल है। इसमें लगभग 150 मीटर कंक्रीट स्लैब बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

इस पुल के निर्माण से कोटधार से झंडूता की दूरी करीब 15 किलोमीटर कम हो जाएगी। इतना ही नहीं, चंडीगढ़ जाने के लिए हमीरपुर और कांगड़ा के लोगों के लिए भी फासला करीब 60 किलोमीटर कम हो जाएगा। यह पुल जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। यह पुल जब बनकर तैयार होगा तो झंडूता के लोग केवल 20 या पच्चीस मिनट में जेजवी पहुंच जाएंगे। वहीं



### 56 करोड़ की लागत से स्टील सस्पेंशन तकनीक से बन रहा पुल

कोटधार क्षेत्र के लोगों के लिए भी यह पुल मिल का पत्थर साबित होगा।

झंडूता के कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बताया कि इसका जो पिछले पांच वर्षों में कार्य हुआ वह बहुत ही कम हुआ। इस पुल के लिए बजट नहीं था न ही कोई प्रावधान था। इसके लिए सुखविंद्र सुक्खू ने पुल के लिए पांच करोड़ रुपए स्वीकृत किए। उसके बाद हम दोबारा मुख्यमंत्री से मिले उन्होंने अश्वासन दिया है कि जितना भी पैसा और चाहिए वह देंगे। जल्द ही यह पूल बनकर तैयार होगा। स्थानीय लोगों में सुमन प्रजापति ने बताया कि यह नंद नगराव पुल झंडूता और कोटधार को जोड़ने वाला पुल है।

निर्माण कार्य पूरा होने से आवाजाही बढ़ेगी और जनता को फायदा होगा। शांति सेवा समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी अमरनाथ धीमान ने बताया कि नंद नगराव पुल बनने से झंडूता विधानसभा क्षेत्र के चहुमुखी विकास के साथ ही पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ जाएगा। इस पुल के निर्माण से कोटधार से झंडूता की दूरी करीब 15 किलोमीटर कम हो जाएगी। इतना ही नहीं, चंडीगढ़ जाने के लिए हमीरपुर और कांगड़ा के लोगों के लिए भी फासला करीब 60 किलोमीटर कम हो जाएगा।

# केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा ने भुरू नाग देवता मंदिर में नवाया शीश





**मुकेश कुमार, डलहौजी**

केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने चंबा प्रवास के दौरान शुक्रवार को जहां एनएचसी क्षेत्रीय कार्यालय बनीखेत में स्थानीय प्रशासन तथा एनएचसी प्रबंधन के साथ एक बैठक में भाग लिया और उन्होंने विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा तथा रूपरेखा तैयार की तो वहीं कई मुद्दों को लेकर उचित दिशा-निर्देश भी जारी किए। इस हम बैठक के उपरांत राज्य मंत्री द्वारा भुरू नाग देवता मंदिर में शीश नवाकर नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान उनके साथ लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज स्थानीय विधायक डीएसएस ठाकुर, उपायुक्त चंबा, पुलिस अधीक्षक चंबा के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# कुंराह कूड़ा संयंत्र में लगी आग को लेकर सड़कों पर उतरे गुस्साए लोग

## राष्ट्रीय राजमार्ग पठानकोट-भरमौर पर एक घंटे तक किया चक्का जाम, जताया विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा मुख्यालय के साथ लगते कुंराह में कूड़ा संयंत्र एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया। करीब 25 दिन पहले यहां पर आग लगने की वजह से काफी प्रदूषण फैल चुका था और आज भी वहां पर धुएं और आग से लोगों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों ने कई बार इस समस्या को लेकर प्रशासन को अवगत करवाया, लेकिन प्रशासन ने इसका उचित समाधान नहीं किया। इसकी वजह से गुस्साए लोगों ने शनिवार को पठानकोट-भरमौर हाईवे को सुबह 10 बजे बंद कर दिया करीब 1 घंटे के जाम में सड़क की दोनों तरफ वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं।

वहीं, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गुस्साए लोगों को समझने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। बाद में एसडीएम चंबा ने मौके पर पहुंचकर लोगों को आश्वासन दिया कि इसका तुरंत समाधान कर लिया जाएगा। उसके बाद लोगों ने उनकी बात को मानते हुए अपना विरोध-प्रदर्शन बंद किया और मार्ग को बहाल किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने आज यहां पर कूड़ा संयंत्र में जो आग लगी है, उससे जो धुआं उठ रहा है, उससे





### ग्रामीणों ने एसडीएम के आश्वासन पर खोला मार्ग

काफी प्रदूषण फैल रहा है। उसी के विरोध में यहां पर चक्का जाम किया हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार प्रशासन से उन्होंने गुहार लगाई है कि इस समस्या का परमानेंट समाधान करें लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है । उन्होंने एक बार फिर सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से इसका कोई समाधान किया जाए ताकि इस समस्या से उन्हें निजात मिल पाए। वहीं, एसडीएम चंबा ने कहा कि लोगों की समस्या को सुना गया है और इसका जल्द से समाधान करने का उन्हें आश्वासन दिया गया है।

# अंजली करेंगी कोजिअस्को पर्वत पर चढ़ाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में शनिवार को पत्रकार वार्ता करते हुए अंजली शर्मा ने बताया कि इस साल फरवरी-मार्च माह में से वह कोजिअस्को पर्वत को चढ़ने के लिए बनाई गई योजना के ऊपर कार्य करना शुरू कर देंगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए करीब चार लाख रुपए की आवश्यकता होगी, जबकि इस सारी योजना के लिए करीब एक साल लगेगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले वे रशिया और यूरोप के माउंट एलब्रेस की चोटी पर चढ़कर भी अपने नाम रिकॉर्ड दर्ज कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें कई बार सम्मानित किया जा चुका है, लेकिन अब आस्ट्रेलिया के पर्वत को चढ़ने के लिए उन्हें आर्थिक मदद की जरूरत है। उन्होंने शासन-प्रशासन सहित प्रदेश के लोगों से गुहार लगाई है कि उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि वे अपने इस लक्ष्य को पूरा कर सकें। इस दौरान समाजसेवी अभिषेक त्रैहण, साहिल व अन्य मौजूद रहे।



## सरोल और कियाणी स्कूल में जागरूकता शिविरों का किया आयोजन

# आत्महत्या करने वालों में 17 फीसदी भारतीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

माध्यमिक पाठशाला सरोल एवं कियाणी में स्वास्थ्य विभाग चंबा की तरफ से मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इनमें क्लास नवमी से 12वीं तक के बच्चों को उपरोक्त विषय पर जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय से आए जन सूचना एवं संप्रेषण अधिकारी छांगा राम ठाकुर ने बताया कि आत्माहत्या एक ऐसी क्षति है, जिसे रोका जा सकता है। आत्महत्या से होने वाली एक मौत से उस व्यक्ति से जुड़े 60 लोग प्रभावित होते हैं, जबकि 20 लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं। साल 2019 में भारत में आत्महत्या करने से 140000 लोगों की मृत्यु हुई, जो दुनिया भर में आत्महत्या से होने वाली मौतों का 17 प्रतिशत है। इन चिंताजनक आंकड़ों के बावजूद वैश्विक स्तर पर और भारत में आत्महत्या रोकने पर लगभग नहीं के बराबर बात होती है।

आत्महत्या को व्यक्ति के निजी मामलों के रूप में देखा जाता है, न कि ऐसे रूप में जिसे रोका जा सके। इसे शायद ही ऐसे सामाजिक मुद्दे के तौर पर देखा जाता है, जिसका समाधान सरकार, स्वास्थ्य व्यवस्था, एनजीओ, कार्यस्थल, मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और समुदायों द्वारा करने की जरूरत है। आत्महत्या की रोकथाम के उपाय केवल मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ द्वारा नहीं बताए जाने चाहिए बल्कि समुदाय के लोगों की तरफ से भी आने चाहिए। इसके साथ ही जिन में आत्महत्या का विचार आता है, उन्हें व्यावहारिक या भावनात्मक तौर पर मदद करने के लिए लोगों का एक समूह तैयार करने की आवश्यकता है। आत्महत्या से जुड़े स्टिग्मा के चलते आत्महत्या के विचार से जूझ रहे बहुत सारे लोगों को पता नहीं होता है कि किस मदद लेनी चाहिए। खुलेआम आत्महत्या पर बात करने से आत्महत्या को बढ़ावा नहीं मिलता, बल्कि किसी व्यक्ति को दूसरा विकल्प या उसे अपने निर्णय पर दोबारा सोचने का वक्त दे सकता है, जिससे आत्महत्या को रोका जा सकता है।

# गणतंत्र दिवस परेड को चंबा से शिमला जाएंगे 36 पूर्व सैनिक



**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला सैनिक बोर्ड चंबा की ओर से 26 जनवरी के परेड के लिए 36 पूर्व सैनिक परेड कमांडर कैप्टन पूर्ण सिंह तथा की अगुवाई में शिमला जा रहे हैं। हर साल की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी के गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेने के लिए जिला सैनिक बोर्ड चंबा की तरफ से 36 पूर्व सैनिक 26 जनवरी की परेड में भाग लेने के लिए चंबा के विभिन्न स्थानों से चयनित किए गए हैं। जिला चंबा के जिला सैनिक बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर कैप्टन अनुपम पराशर ने पूर्व सैनिकों केआने जाने का तथा वर्दी इत्यादि का सुचारू रूप से प्रबंध किया गया है। शिमला में 26 जनवरी 2025 को पूर्व सैनिक के परेड कमांडर 85 वर्षीय वृद्ध सेनानी एवं अध्यक्ष ककीरा एक्स सर्विस मैन लीग ककीरा के अध्यक्ष ओनेरी कैप्टन पूरन सिंह थापा के अगुवाई में किया जा रहा है।

# चंबा की संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की जरूरत: एसएल शर्मा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जनहित संगठन के प्रमुख एसएल शर्मा ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को एक रिपोर्ट सौंपी, जिसमें कहा गया है कि अब चंबा की संस्कृति को पहचान दिलाने का समय आ गया है और इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की आवश्यकता है, ताकि इस सुंदर संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान मिल सके।

चंबा की संस्कृति वास्तव में बहुत समृद्ध और विविध है, जिसमें प्राचीन मंदिर, त्योहार, लोक संगीत और नृत्य शामिल हैंह। चंबा का इतिहास भी बहुत पुराना है, जिसमें राजवंशों और साम्राज्यों का उदय और पतन शामिल है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि चंबा की संस्कृति को पहचान दिलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की आवश्यकता है, ताकि विश्व को इस सुंदर और समृद्ध संस्कृति से परिचित कराया जा सके। इसके लिए चंबा के प्रमुख सांस्कृतिक आकर्षणों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

### ये हैं चंबा जिले की संस्कृति की विशेषताएं

**ऐतिहासिक मंदिरः** चंबा में कई प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें लक्ष्मी नारायण मंदिर भी शामिल है, जो 10वीं शताब्दी में बनाया गया था।

**त्योहार और मेले :** चंबा में विभिन्न रंगीन त्योहार मनाए जाते हैं, जिनमें मिंजर मेला भी शामिल है, जो जिले के सांस्कृतिक कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण घटना है।

**पारंपरिक संगीत और नृत्य :** चंबा में लोक संगीत और नृत्य की एक समृद्ध परंपरा है, जो इसकी सांस्कृतिक विरासत का एक अभिन्न अंग है।

### ये होंगे फायदे

**चंबा** की संस्कृति को बढ़ावा देने से इसकी समृद्ध विरासत को भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित किया जा सकता है। चंबा के सांस्कृतिक आकर्षणों को बढ़ावा देने से पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है, जिससे राजस्व और रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं।

# बीएमएस के प्रदेशाध्यक्ष प्यार सिंह धर्मपुर में गरजे

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** हिमाचल प्रदेश परिवहन मजदूर संघ के प्रदेशाध्यक्ष प्यार सिंह, महामंत्री हरीश पराशर व कार्यकारी अध्यक्ष राजन वर्मा के नेतृत्व में परिवहन निगम धर्मपुर के कर्मियों ने शनिवार को सांकेतिक धरना प्रदर्शन बस अड्डे पर किया और मुख्यमंत्री व महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन भेजा।

### मुख्यमंत्री व राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

संघ के सदस्यों ने परिवहन निगम धर्मपुर के आरएम विनोद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तुरंत गिरफ्तार कर संजय चालक द्वारा की गई आत्महत्या मामले की न्यायिक जांच करवाने की मांग की। बता दें कि हिमाचल प्रदेश परिवहन मजदूर संघ के सदस्य व पदाधिकारी लगातार नारेबाजी करते रहे और आरएम को गिरफ्तार करने की मांग करते रहे।

# भाजपा के मंडलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

**रूपी ठाकुर, बरोट**

द्रंग विधानसभा क्षेत्र के पद्धर मंडल के भाजापा के नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर शनिवार को केंद्र स्थल ग्राम केंद्र तरस्वाण में धमरेहड़, तरस्वाण तथा गढ़ गांव बूथों के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ संयुक्त बैठक में शिरकत की, वहां पर पहुंचने पर पधर मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष इंद्र सिंह ठाकुर ने वहां पर उपस्थित हुए भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उस दायित्व को वे बखूबी निभाएंगे तथा इसके लिए उन्होंने प्रतिपक्ष नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल, संगठन मंत्री सिद्धार्थ तथा द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्ण ठाकुर का आभार जताया है।



नवनियुक्त मंडलाध्यक्ष इंद्र सिंह सहित उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

### इंद्र सिंह ठाकुर का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

इस मौके पर उनके साथ ब्लॉक समिति की अध्यक्षा शीला ठाकुर, द्रंग भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दलीप विष्ट, लटराण पंचायत के प्रधान जोगिंद्र पाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य कली राम, पूर्व बीडीसी सदस्य राजपाल, धमच्यान पंचायत के उपप्रधान नरेश कुमार, पूर्व प्रधान रोशन लाल, बूथ अध्यक्ष लाल सिंह, अन्य बूथों के अध्यक्ष सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।( अनंत ज्ञान)

# जोगिंद्रनगर में मारपीट का मामला दर्ज



**अनंत ज्ञान, मंडी।** जोगिंद्रनगर थाना में मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार जोगी ठाकुर पुत्र भीम सिंह गांव गोरा डा. व तहसील लडभड़ोल मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि प्रवीण शर्मा व कै. विचित्र सिंह इनके पिता भीम सिंह के साथ मारपीट कर रहे थे कि मैंने बीच बचाव किया तो मेरे साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है।

# जाहू से चंदरुही बनेगी नई सड़क : सुरेश

**अनंत ज्ञान, जाहू**

जाहू से सरकाघाट को जोड़ने के लिए नई सड़क जाहू से चंदरुही वाया हौड़ जोल कोटा बनेगी। विधायक सुरेश कुमार ने सड़क के निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए भूमि पूजन के साथ किया। यह सड़क सीर खड्ड के किनारे बनेगी। इससे जाहू से सरकाघाट की दूरी 12 से 13 किलोमीटर रहेगी।

विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि लोगों को आवश्कताओं के अनुसार भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य किए जा रहे हैं। जाहू से चंदरूही सड़क के बनने जाहू, बडैहर, धमरोल व कक्कड़ पंचायत के करीब 10 गांवों को सड़क की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भोरंज विधानसभा क्षेत्र शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश में नंवर वन पर है उसी तरह सड़कों के घनत्व में भी सबसे उपर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने दो वर्षों में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण सड़कों के निर्माण पर 40 करोड़ 45 लाख स्वीकृत किए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में एंबुलेंस रोड बनाकर मुख्य मार्गों से जोड़ने तथा सड़क सरंचनात्मक विकास कार्य को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है।

### कहा-भोरंज विधानसभा क्षेत्र विकास कार्यों पर खर्च हो रहे साढ़े 500 करोड़

उन्होंने कहा कि लोगों को सड़क के निर्माण में सहयोग करना चाहिए क्योंकि सड़क का निर्माण जमीन के बिना संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि सड़कें मनुष्य के भाग्य की रेखाएं मानी जाती है और इनके अभाव से विकास की कल्पना नहीं की जाती। भोरंज विधानसभा क्षेत्र को आर्दश विधानसभा क्षेत्र बनाने के लिए विभिन्न विकास कार्यों पर साढ़े 500 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

इस दौरान भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, पूर्व प्रधान चमल लाल काकू, उप प्रधान चमन, लक्की शर्मा, पंचायत प्रतिनिधि जोगिंद्र सिंह, जगदीश चंद शर्मा, कंज्याण पंचायत प्रधान संदीप चौहान, सहायक अभियंता राकेश कुमार, कनिष्ठ अभियंता जाहू मनोज कुमार, पवन कुमार, रोशन लाल, रमेश कुमार, संजू, कुलदीप शर्मा, हरी कमल वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

## सूडोकु 0048 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

19 जनवरी, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** पंचमी (7:33): **नक्षत्र** फाल्गुनी (5:31), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** अतिगंड (01:56) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:10-12:53), **राहुकाल** (04:29 -05:49)।

**विशेष दिन**

- 19 जनवरी : महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि आज।
- 19 जनवरी 2025 : विश्व क्वार्क दिवस आज।

**मेष:** तनाव व चिंता हावी रहेगी। आप अपने प्रोफेशन में परिवर्तन की कामना करेंगे। पढ़ाई में रुचि की कमी रहेगी। पैरों में दर्द की वजह से अस्त-व्यस्त रहेंगे।

**वृषभ:** यात्रा होगी। प्रोजेक्ट के लिए नए साझेदार मिलेंगे। घर के किसी सदस्य की चिंता रहेगी। अस्वस्थता रहेगी। बकाया वसूली होगी। यात्रा लाभकारी रहेगी।

**मिथुन:** परिवार में पूछ परख कम होगी। पिता के साथ आजकल अच्छी घुल-मिल रही है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। भय, चिंता तथा तनाव का माहौल खत्म होगा।

**कर्क:** आज का दिन महत्वपूर्ण है। नए लोगों से जरा संभल कर मित्रता करें। किसी देव स्थान का भ्रमण संभव है। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा।

**सिंह :** दिन की शुरुआत में आलस हावी रहेगा। संतों का सान्निध्य मिलेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से बचें।

**कन्या :** झुकना आप को पसंद नहीं है। वैवाहिक यात्रा सफल रहेगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कार्य में बाधा संभव है।

**तुला:** अपने कॅरियर को लेकर आप ईमानदार नहीं हैं। संभल जाएं। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं जो लाभ देंगे। कार्यस्थल में उन्नति होगी।

**वृश्चिक:** समय के परिवर्तन से राहत महसूस करेंगे। विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। अनाज में निवेश शुभ रहेगा।

**धनु :** आप के हौसले से ही आप उन्नति करेंगे। नए वस्त्र की प्राप्ति संभव है। माता-पिता को अस्वस्थता रहेगी। आपसी विवाद न करें। शुभ समाचार मिल सकता है।

**मकर :** कार्यस्थल पर अधिकारियों से विवाद होंगे। बातचीत से काम बन जाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धनलाभ होगा। अधिकारों का गलत प्रयोग न करें।

**कुंभ :** बड़ों की बात भी मान लेनी चाहिए। पुराने मित्र-संबंधी से मुलाकात आज संभव है। मित्रों से शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मसम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** विवाद न करें। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। यात्रा लाभकारी रहेगी। मेहनत से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। निवेश आदि कार्य में सफल होंगे।

# बंद रहेगी बिजली




**अनंत ज्ञान, बरोट।** विद्युत विभाग के विद्युत उपमंडल बरोट के सहायक अभियंता राहुल ठाकुर ने बताया कि 33/11 केवी टिक्कन उपकेंद्र की मरम्मत का कार्य 22 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक प्रस्तावित है। इसके चलते 22 जनवरी को सुबह 10 बजे दोपहर बाद 3 बजे तक विद्युत उपमंडल बरोट के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी।

# चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए 16 जनवरी 2025 को दर्ज चोरी के मामले को सुलझा लिया है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस ने मंडी-पठानकोट हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज में सुराग मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को चुराए गए सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

इस मामले में तीन आरोपियों में रिंकू काला (24 वर्ष), मंगल सिंह (22 वर्ष), और सोनू (19 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया है।



आरोपियों ने जोगिंद्रनगर के समीप एक कबाड़ की दुकान से लोहे, तांबे और निकल सहित अन्य कीमती सामग्री चुराई थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल चोरी का सारा सामान बरामद किया, बल्कि तीनों आरोपियों को हिरासत में भी ले लिया।

जोगिंद्रनगर पुलिस ने अपनी इस सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और स्थानीय लोगों के सहयोग को दिया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र के लोगों ने सराहा है और इससे कानून व्यवस्था पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

वहीं पुलिस ने शनिवार को तीनों शातिरों को न्यायालय में पेश किया गया।

# बल्ह के बैहना से 70 हजार के गहने चोरी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बल्ह थाना में पूजा देवी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि बैहना में मेरे घर से नथ, चैन, अंगूठी व कांटे की जोड़ी सभी सोने के जिनकी कीमत 70 हजार रुपए है। पूजा ने बताया कि यह सब गहने कमरे में टीन के डिब्बे में रखे थे और कमरे में कोई सोता नहीं है।

रात के समय कोई व्यक्ति घर से यह सब गहने चोरी करके ले गया। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि उस तरफ के सभी सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं, चोरों की तलाश जारी है।

# बल्ह थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** थाना बल्ह के तहत चमन लाल पुत्र शोभाराम गांव करेहडी डाकघर भंगरोटू तहसील बल्ह जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि 17 जनवरी को उसकी 35 वर्षीय पत्नी अनीता देवी घर से कहीं चली गई, जिसकी हर जगह तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने इस संबंधी पुलिस से संपर्क कर अनीता देवी की गुमशुदगी संबंधी रिपोर्ट दर्ज करवाई। वहीं एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला दर्ज कर लिया है तलाश जारी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया की किसी भी व्यक्ति को अनीता देवी संबंधी सूचना मिलती है तो तुरंत जानकारी दें।

**पहल** | मंडी-पठानकोट हाईवे पर हादसे रोकने के लिए एनएचएआई ने बनाई योजना

# हाईवे पर सभी ब्लैक स्पॉट्स का होगा सुधार

**अनंत ज्ञान, मंडी**

मंडी-पठानकोट नेशनल हाईवे पर हादसों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह सड़क अब लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है, खासकर घट्टा से घटासनी और ग्वालि तक का हिस्सा। यहां पर ब्लैक स्पॉट्स और खराब सड़क की वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ी है, और यह सड़क एक 'मौत का कुआं' बन गई है।

पिछले साल बरसात के दौरान भारी बारिश और लैंडस्लाइड ने इस सड़क को बहुत नुकसान पहुंचाया था। कई जगह सड़क टूट चुकी है, और कुछ हिस्सों में इतनी बुरी हालत हो गई है कि एक समय में केवल एक ही वाहन गुजर सकता है। सड़क पर मौजूद गहरे गड्ढे और खतरनाक मोड़ हादसों की वजह बन रहे हैं। सड़क की खराब हालत के कारण सड़क हादसों में भी बढ़ोतरी हुई है।



इस सड़क पर टू-व्हीलर चलाने वालों के लिए यह और भी खतरनाक हो गया है। मंडी जिला के निवासियों का कहना है कि इस सड़क की हालत पिछले पांच महीने से खराब है। गड्ढे और कीचड़ के कारण टू-व्हीलर चलाने वालों को बहुत समस्या हो रही है। वे कहते हैं कि एनएचएआई को इस सड़क की हालत पर ध्यान देना चाहिए और जल्द सुधार करना चाहिए। वे सरकार से अपील करते हैं कि इस सड़क को जल्द ही ठीक किया जाए ताकि लोग सुरक्षित यात्रा कर सकें। वहीं अब नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया इस घट्टा से घटासनी और ग्वालि तक के रोड को फिर बनाएगा और सारे ब्लैक स्पॉट्स को भी सुधारा जाएगा ताकि किसी प्रकार की दिक्कत वाहन चलाने वाले को न हो. इसके लिए नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया अब इस रोड के पैच पर 14 करोड़ खर्च करेगी और इसे ठीक करवाएगी, जिससे लोगों को राहत मिले।

कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता, क्योंकि ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है। –टी. कृष्णमाचार्य

## संपादकीय

# जानलेवा वायु प्रदूषण

दिल्ली में वायु प्रदूषण एक बेहद गंभीर समस्या है, जो न केवल लोगों के स्वास्थ्य को प्रभावित कर रही है, बल्कि शहर की अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को भी अच्छा खासा नुकसान पहुंचा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी वायु प्रदूषण को एक गंभीर समस्या बताया है और इसके लिए सख्त उपाय करने के आदेश भी जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों से कहा है कि वह दिल्ली की सेहत का ध्यान रखें और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर के अंतर्गत आने वाले अपने क्षेत्र में पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएं। अदालत ने ये आदेश 1985 में एमसी मेहता की ओर से दायर एक याचिका पर सुनवाई के दौरान दिए हैं। याचिका में वायु प्रदूषण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट को खुद हस्तक्षेप करना चाहिए। आम तौर पर दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुख्य कारण वाहनों से निकलने वाला धुआं माना जाता है, क्योंकि यहां बेतहाशा वाहन दिन-रात दौड़ते हैं। दिल्ली में बढ़ती वाहनों की संख्या वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। हालांकि, सिर्फ वाहनों को ही दोषी ठहराना उचित नहीं है, बल्कि वायु प्रदूषण बढ़ाने के लिए अन्य कारक भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जिस कारक पर चिंता जताई है, वे हैं पटाखे और आतिशबाजी। मौजूदा दौर में पर्यावरणीय समस्याएं विकट हो गई है, इसलिए कठोर उपायों की आवश्यकता और भी बढ़ गई है। जब सरकार के अन्य अंग सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को गंभीरता से नहीं लेते तो सुप्रीम कोर्ट को दोबारा हस्तक्षेप करना पड़ता है।

इसे विडंबना ही कहेंगे कि ऐसी नौबत आखिर आती क्यों है? सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनदेखी आखिर क्यों की जाती है, यह अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रश्नचिन्ह है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले भी उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों को अगले आदेश तक पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था। दोनों राज्यों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को अनदेखा करना वाकई ही चिंताजनक है। तारीफ करनी होगी राजस्थान सरकार की, जिसने एनसीआर क्षेत्र में पटाखों की बिक्री और जलाने पर स्थायी और पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसे कहते हैं दृढ़ इच्छा शक्ति। जब तक इस तरह की भावना अंदर नहीं आएगी तो फैसले लेने में दिक्कत अक्सर आ ही जाती है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा को राजस्थान से सबक लेना चाहिए। आखिर वायु प्रदूषण लोगों की जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है। दोनों राज्यों को संवेदना दिखानी चाहिए और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को जितना जल्द हो सके अक्षरश: लागू करना चाहिए। इसी में जनहित और भलाई है।

दिल्ली में निर्माण और ध्वस्तीकरण की गतिविधियों से निकलने वाली धूल भी वायु प्रदूषण में महत्वपूर्ण योगदान कर रही है। इससे भी बड़ा कारण है पराली जलाना। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से निकलने वाला धुआं दिल्ली में वायु प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है। पराली जलाने की समस्या मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में देखी जाती है, जहां धान की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। समय और श्रम की बचत के लिए किसान पराली जला देते हैं, क्योंकि इससे उन्हें अगली फसल के लिए तैयारी करने में आसानी होती है। पराली जलाने से खेत की मिट्टी को तैयार करने में मदद मिलती है, जिससे अगली फसल के लिए मिट्टी को उपयुक्त बनाया जा सकता है। कीट और रोगों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। पराली जलाने से किसानों को आर्थिक लाभ भी होता है, क्योंकि इससे उन्हें अगली फसल के लिए कम पैसे खर्च करने पड़ते हैं। कुछ किसानों का मानना है कि सरकार पराली प्रबंधन के लिए पर्याप्त समर्थन प्रदान नहीं करती है, जिससे उन्हें पराली जलाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। दिल्ली में स्थित औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाला धुआं भी वायु प्रदूषण बढ़ाने के लिए कम जिम्मेदार नहीं है।

बहरहाल, दिल्ली में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सबसे पहले तो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में सुधार किया जाना चाहिए। निर्माण और ध्वस्तीकरण में धूल पर नियंत्रण भी आवश्यक है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने से निश्चित रूप से वायु प्रदूषण कम होगा। इसके अलावा वायु प्रदूषण की गंभीरता को देखते हुए ग्रैप-3 और ग्रैप-4 प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए तथा बारिश न होने पर प्राकृतिक बारिश करवानी चाहिए। इन उपायों से वायु प्रदूषण से काफी हद तक काबू पाया जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# फिल्म जगत के मशहूर उर्दू शायर

कैफी आजमी फिल्मजगत के मशहूर उर्दू शायर थे। कैफी आजमी का मूल नाम अख्तर हुसैन रिज्वी था। कैफी आजमी में नैसर्गिक काव्य प्रतिभा थी और वह छोटी उम्र में ही वह शायरी करने लगे थे। कैफी आजमी का जन्म उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में हुआ था। कैफी आजमी के तहसीलदार पिता उन्हें आधुनिक शिक्षा देना चाहते थे, किंतु रिश्तेदारों के दबाव के कारण कैफी आजमी को इस्लाम धर्म की शिक्षा प्राप्त करने के लिए लखनऊ के 'सुलतान-उल-मदरिया' में भर्ती कराना पड़ा, लेकिन वह अधिक समय तक वहां नहीं रह सके, बाद में उन्होंने लखनऊ और इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा पाई और उर्दू, अरबी और फारसी भाषाओं का ज्ञान प्राप्त किया। कैफी आजमी में नैसर्गिक काव्य प्रतिभा थी। छोटी उम्र में ही वह शायरी करने लगे थे। यद्यपि उनकी आरंभिक रचनाओं में प्रेम-भावना प्रधान होती थी। राजनीतिक दृष्टि से वे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य थे। कैफी आज़मी पार्टी के काम के लिए मुंबई गए थे। वहां उनका संबंध इंडियन पीपुल्स थियेटर से हुआ और आगे चलकर वे उसके अध्यक्ष भी बने। कैफी आजमी बहुत कम उम्र में जाने-माने शायर हो चुके थे। कैफी आजमी ने 1951 में पहला गीत 'बुझदिल फिल्म' के लिए लिखा 'रोते-रोते बदल गई रात'। हीर रांझा (1970) में कैफी साहब ने एक इतिहास कायम कर दिया। उन्होंने पूरी फिल्म शायरी में लिखी। हिंदी सिनेमा के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। कैफी आजमी को अपनी विभिन्न प्रकार की रचनाओं के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ■



कैफी आजमी
जन्म : 19 जनवरी, 1919

## कविता

# धूप



राजेंद्र पालमपुरी

*'धूप' सुंदर धूप सुहानी धूप, सबकी जैसे नानी धूप।*
*आगे पीछे सब बैठें हम, जैसे कहे कहानी धूप।*
*बहुत चमकती है लगती पर, सर्दी में यह पानी धूप।*
*धौलाधार में बसने वाली, हम सबकी बर्फानी धूप।*
*कभी है बच्चों जैसी तुतली, कभी है बड़ी सयानी धूप।*
*और है देती कभी पसीना, जैसे चढ़ी जवानी धूप।*
*पेड़ों से जब आती छनकर, हां लगती है कानी धूप।*
*अलसाई आंखों को सुबह, सदा लगे यह धानी धूप।*
*सूरज से है नाता गहरा, है सूरज की रानी धूप।*
*सदियों से है गर्मी देती, है यह बहुत पुरानी धूप।*
*लगती कभी यह नानी तो है, कभी लगे परनानी धूप।*
*बड़े बड़ों की करके छुट्टी, बन जाती जेठानी धूप।*
*कुछ भी समझो लेकिन देखो, देती है कुर्बानी धूप।*
*गर्मी-सर्दी करे हमेशा, अपनी ही मनमानी धूप।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**


# अफगानिस्तान के साथ भारत का जुड़ाव और तालिबान

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव क्षेत्रीय स्थिरता, आतंकवाद-रोधी और संपर्क जैसे राष्ट्रीय हितों को सहायता, शिक्षा और लैंगिक समानता जैसे मानवीय मूल्यों के साथ संतुलित करने वाले एक सूक्ष्म दृष्टिकोण को उजागर करता है। रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखते हुए, भारत की अफगानिस्तान नीति विकसित वास्तविकताओं के अनुकूल है, जो संयुक्त राष्ट्र के मानवीय आवश्यकताओं के अवलोकन (2023) में उल्लिखित विकासात्मक सहायता प्रदान करते हुए इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करती है।



लेखिका : प्रियंका सौरभ
कवयित्री, स्वतंत्र पत्रकार

तालिबान के साथ भारत का जुड़ाव राष्ट्रीय हितों और मानवीय मूल्यों जैसे संकट के दौरान मानवीय सहायता के बीच संतुलन को दर्शाता है। भारत ने कोविड-19 महामारी के दौरान 50, 000 मीट्रिक टन गेहूं और आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति प्रदान की, जो संकट के बीच अफगान लोगों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि अफगान धरती का इस्तेमाल उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ नहीं किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करते हुए कि जुड़ाव मानवीय सहायता और आतंकवाद-रोधी प्रयासों दोनों को प्राथमिकता देता है। बुनियादी ढांचे, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं में भारत के निवेश ने क्षेत्रीय स्थिरता और अफगान नागरिकों के बीच सद्भावना को बढ़ावा देने के उसके दोहरे उद्देश्य को उजागर किया। सलमा बांध और इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान अफगान पुनर्निर्माण और क्षेत्रीय विकास के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। भारत लगातार अफगानिस्तान को स्थिर करने और सद्भावना बनाए रखने के लिए संवाद को बढ़ावा देते हुए अपने भू-राजनीतिक हितों को सुरक्षित करने के लिए तालिबान नेतृत्व से जुड़ता है।



भारत अकादमिक आदान-प्रदान के माध्यम से अफगान छात्रों का समर्थन करता है और चिकित्सा पर्यटन की सुविधा देता है, जो दीर्घकालिक सांस्कृतक और मानवीय संबंधों को दर्शाता है। हजारों अफगान छात्र भारत में शिक्षित होते हैं, जो लोगों से लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत के जुड़ाव का आगे का रास्ता क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

भारत को अफगान स्थिरता सुनिश्चित करने और पाकिस्तान या चीन जैसे विरोधी देशों पर निर्भरता कम करने के लिए मध्य एशिया, ईरान और रूस को शामिल करते हुए बहुपक्षीय प्रयासों का नेतृत्व करना चाहिए। काबुल में राजनयिक मिशनों को मजबूत करना और उदारवादी तालिबान गुटों के साथ संवाद बढ़ाना संबंधों और मानवीय सहायता वितरण को संतुलित कर सकता है। अफगानिस्तान में भारतीय सांस्कृतिक केंद्रों को फिर से खोलना आपसी समझ के केंद्र के रूप में काम कर सकता है। अक्षय ऊर्जा, कृषि और छोटे उद्यमों में निवेश का विस्तार भारत के क्षेत्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करते हुए अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था को स्थिर कर सकता है।

भारत को स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहायता बढ़ानी चाहिए, ताकि अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास सुनिश्चित हो सके। भारत को तालिबान पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए और उसके साथ मिलकर काम करना चाहिए, ताकि आतंकवादी संगठनों को बेअसर किया जा सके और उसके राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके। सीमा पार आतंकवाद को रोकने के लिए खुफिया जानकारी साझा करने पर सहयोग करने से भारत के सुरक्षा उद्देश्यों को बढ़ावा मिल सकता है।

भारत-अफगानिस्तान संबंधों में कई बाधाएं हैं, जिनमें पाकिस्तान की भूमिका शामिल है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान में भारत की बढ़ती उपस्थिति को अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव के लिए खतरा मानता है तथा उसने अफगानिस्तान के साथ अपने संबंधों को गहरा करने के भारत के प्रयासों को अवरुद्ध करने का प्रयास किया है। भारत और अफगानिस्तान दोनों ही आतंकवाद के निशाने पर हैं और अफगानिस्तान में अल-कायदा जैसे आतंकवादी समूहों की निरंतर उपस्थिति भारत के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे गरीब और कम विकसित देशों में से एक है और सलमा बांध और संसद भवन जैसे बुनियादी ढांचे के निर्माण और देश में निवेश करने के भारत के प्रयास सुरक्षा मुद्दों, भ्रष्टाचार और अन्य चुनौतियों के कारण बाधित हुए हैं। हाल के वर्षों में चीन अफगानिस्तान में तेजी से सक्रिय हो गया है और इससे क्षेत्र में तालिबान के साथ चीन के बढ़ते प्रभाव और जुड़ाव को लेकर भारत में चिंताएं पैदा हो गई हैं। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने काबुल में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है।

भारत ने अब तक केवल तालिबान को अलग-थलग करने पर ध्यान केंद्रित किया है। हालांकि, एक सीमा के बाद, यह विकल्प कम लाभ देगा, क्योंकि कई अन्य देश अब तालिबान से जुड़ना शुरू कर रहे हैं और भारत अफगानिस्तान में एक महत्वपूर्ण हितधारक है। तालिबान के लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ संबंध हैं। तालिबान के साथ बातचीत से भारत में आतंकवादी गतिविधियों के बारे में भारतीय चिंताओं को व्यक्त करने का अवसर मिलेगा। तालिबान ने भारत को काबुल में अपना मिशन पुन: खोलने के लिए प्रोत्साहित किया, देश के लिए सीधी उड़ानें पुन: शुरू कीं तथा अफगान सैन्य प्रशिक्षुओं को भी स्वीकार किया। भारत को अफगानिस्तान के प्रति एक दीर्घकालिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जो राजनीतिक, आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक आयामों को एक व्यापक रणनीति के ढांचे के भीतर एक सुसंगत समग्रता में पिरो सके।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सक्षमों से बिजली सब्सिडी छोड़ने का आह्वान, अच्छी पहल

जैसा कि हम सभी को मालूम है कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति कई सालों से अनूकूल नहीं है, जिसके कारण समय-समय पर प्रदेश सरकारों ने आर्थिक स्थिति से उभरने के लिए अनेक सराहनीय प्रयास किए हैं तो वहीं वर्तमान में हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति और अधिक खराब होती जा रही है।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इसमें वर्तमान सरकार जनहित में अनेक फैसले लेने का प्रयास कर रही है, तो वहीं प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड की आर्थिक स्थिति को उबारने के लिए विशेष कदम उठाने का प्रयास कर रही है, जो बिजली बोर्ड वर्षों से भारी आर्थिक स्थिति से जूझ रहा है तो वहीं मुख्यमंत्री सुक्खू ने बोर्ड को अपने पांव पर खड़ा होने और फिर से आत्मनिर्भर बनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के साधन संपन्न और आर्थिक रूप से मजबूत लोगों से अपील कि है कि वे बिजली सब्सिडी छोड़ने का साहसिक और प्रदेश हित में प्रयास करें ताकि भविष्य में बिजली बोर्ड फिर से आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सके।

बोर्ड के अनुभवी एवं विशेषज्ञ के अनुसार कहां भी जाता है कि बिजली बोर्ड किसी समय में आर्थिक रूप से इतना सक्षम माना जाता था कि प्रदेश सरकार तक को ब्याज दरों में लोन मुहैया करवाता था। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि प्रदेश बिजली बोर्ड आर्थिक रूप से कितना मजबूत रहा, जबकि वर्तमान में यह स्थिति हो गई है कि अनेक बार कर्मचारियों एवं अधिकारियों को वेतन तक समय से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं, तो वहीं जिस प्रकार हर व्यक्ति और समाज के हर तबके के लिए बिजली आपूर्ति जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है, जिसके बिना मानों जीवन अधूरा सा लगता है, परंतु हिमाचल जैसे पहाड़ी राज्यों में बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से बनाए रखना भी एक बड़ी चुनौती और अनेक प्रकार की समस्याएं देखने एवं सुनने को मिलती हैं, तो वहीं जिस प्रकार प्रदेश सरकार ने प्रदेश के आर्थिक रूप से सक्षम लोगों से बिजली सब्सिडी छोड़ने का आह्वान किया है।



इस पर अनेक क्षेत्रों के सक्षम लोगों ने प्रदेश हित और बिजली बोर्ड को आर्थिक रूप से सहयोग करने में बिजली सब्सिडी छोड़ने का साहसिक एवं सराहनीय प्रयास भी किया है। इसके लिए प्रदेश सरकार उन तमाम लोगों का आभार व्यक्त भी कर रही है, जिसमें कि मुख्यत: पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने प्रदेश हित में अपने बिजली बिलों की सब्सिडी छोड़ने का सराहनीय फैसला लिया तो वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सभी केबिनेट मंत्रियों ने भी बिजली सब्सिडी छोड़ने का सराहनीय कदम उठाया है। इसमें भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने इस फैसले को खुद से लागू करने का भी नैतिक कर्तव्य निभाया है, जिस फैसले से जनता में भी एक सकारात्मक संदेश जा रहा है। प्रदेश हित के इस फैसले को प्रदेश की जनता के साथ-साथ प्रदेश के बुद्धिजीवी एवं इतिहासकार भी कहीं न कहीं उचित कदम मान रहे हैं, इसलिए उम्मीद करेंगे कि भविष्य में प्रदेश के अधिकांश आर्थिक रूप से सक्षम लोग बिजली सब्सिडी छोड़ने का सराहनीय प्रयास करते नजर आएंगे तो वहीं हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सभी राजनीति से ऊपर उठकर अपने अपने स्तर पर किसी न किसी रूप से सहयोग करने का प्रयास करें, तो वहीं बिजली बोर्ड फिर से आत्मनिर्भर बनेगा, ऐसी उम्मीद एवं विश्वास करते हैं।

जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश के विभिन्न विभागों में ओपीएस जैसी सुविधाएं कर्मचारियों एवं अधिकारियों को प्राप्त हो रही है तो वहीं आर्थिक स्थिति के अनुकूल न होने से एकमात्र हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में ओपीएस का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। उम्मीद करते हैं कि बिजली बोर्ड के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को भी इसका लाभ जल्द प्राप्त हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

सड़क पर वाहन चलाना तथा पैदल चल रहे लोगों की जिंदगी बचाना बड़ा चैलेंज होता है। सड़कों पर ट्रैफिक जाम यातायात की गति को धीमा कर देता है और लोगों को परेशानी का कारण बनता है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए हमें सड़कों के निर्माण और रखरखाव में नवाचार और तकनीक का उपयोग करना चाहिए। हमें सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करनी चाहिए और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने चाहिएं। सड़कों पर सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिएं और यातायात की भीड़ को कम करने के लिए समाधान ढूंढने चाहिएं। चूंकि परिवहन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए सड़कों का गुणवत्तापूर्ण होना लाजिमी है। सड़कें हमारा जीवन सुखमय बनाती हैं और वे हमें जिंदगी जीने की राह दिखाती हैं।आओ हम सब मिलकर सड़कों के रखरखाव का बीड़ा उठाएं।

–अरुण शर्मा, सुलह

# चिट्टा क्यों लगातार चाट रहा देवभूमि के युवाओं का जीवन

चिट्टे के साथ कितने लोग पकड़े गए, कितने युवा ओवरडोज लेने से मर गए, आखिर यह कब तक सुनने को मिलेगा तथा यह सिलसिला कब तक चलेगा? समाज के प्रबुद्ध लोग इस समस्या के समाधान के लिए कब एकजुट होकर आगे आएंगे। हिमाचल प्रदेश जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है, वह अब चिट्टे रूपी नशे के कारण सुर्खियों में है। हिमाचल प्रदेश में चिट्टा तस्करी और नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।



लेखक : लकेश चंदेल
हिप्र राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

युवाओं में जागरूकता फैलाना, चिट्टे तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाना, समाज के हर वर्ग को चिट्टे के विरुद्ध लड़ाई में आगे आना ही एकमात्र उपाय है, जो समय रहते हमारे देश की आने वाली नस्लों को उजड़ने से बचा सकता है। कोई भी बच्चा किसी भी परिवार में पैदा होता है तो उसके माता-पिता उसकी परवरिश में कोई कमी नहीं रखते हैं, उसे अच्छा खाने-पीने, पहनने को देते हैं तथा उच्च शिक्षा देकर एक अच्छा नागरिक बनाने की हरसंभव कोशिश करते हैं, परंतु वही माता-पिता कहीं न कहीं ऐसी भूल कर बैठते हैं जिस कारण उनका बच्चा चिट्टे जैसे नशे का शिकार हो जाता है।

मनोवैज्ञानिकों के अनुसार किशोरावस्था एक तनाव की अवस्था होती ह, जिसमें बच्चों में भरपूर ऊर्जा होती है। अगर बच्चों को इस उम्र में एक सही दिशा और दशा न मिले तो वह गलत रास्तों की ओर मुड़ने लगते हैं, परिणाम स्वरूप वे तनाव व असफलताओं से बचने के लिए नशे की ओर अग्रसर हो जाते हैं। बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों से हद से ज्यादा उम्मीदें रखते हैं तथा बच्चों के ऊपर अनावश्यक दबाव बना देते हैं। उन्हें यह ज्ञात नहीं होता कि हर व्यक्ति में व्यक्तिगत विभिन्नता पाई जाती है और सब का बुद्धि स्तर अलग-अलग होता है। यही कारण है कि आज इंजीनियर, डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे युवा भी इस नशे के कीचड़ में धंसता जा रहा है तथा अन्य युवा बेरोजगारी, पैसा कमाने, स्वाद चखने की ललक के कारण चिट्टे रूपी दलदल में फंस जाते हैं और यह एक ऐसा जाल है, अगर इसमें कोई भी व्यक्ति एक बार फंस गया तो वह स्वयं व समाज के लिए घातक सिद्ध होता है तथा अंत में अपनी जीवनलीला को समाप्त करके देश के विकास में बाधा डालता है।



आजकल ऐसा कोई दिन नहीं है, जब हम यह नहीं सुनते हैं कि चिट्टे के कारण लोगों की मृत्यु हो रही है, जिसमें अधिकतर युवा होते हैं। अब प्रमुख बात यह है कि यह सिलसिला कब तक चलेगा और कब रुकेगा। समाज के प्रबुद्ध लोगों को इन चीजों के ऊपर सोच विचार करना चाहिए तथा त्वरित समाधान ढूंढकर अपने समाज व देश को नशा मुक्ति बनाना चाहिए। चिट्टे के कारण न केवल व्यक्तिगत जीवन प्रभावित होता है परंतु इसका असर समाज पर भी पड़ता है। नशे की लत से पीड़ित लोग चोरी, हिंसा व लूटपाट इत्यादि अन्य अपराधों को जन्म देते हैं। प्रदेश व देश की कानून व्यवस्था व प्रशासन को नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लानी चाहिए।

किसी भी समस्या को दूर करने से पहले हमें उसका मूल कारण ढूंढना चाहिए कि आखिर यह चिट्टा हिमाचल में कहां से आ रहा है और किन-किन माध्यम से युवाओं के बीच स्थानांतरित हो रहा है। सबसे बड़ी बात कि इस सफेद जहर को कौन बनाता है। यदि इसका स्रोत ही खत्म कर दिया जाए तो सप्लायर स्वयं ही निरस्त हो जाएंगे। सभी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना तथा पाठ्यक्रम में भी इसको पढ़ाना चाहिए। परिणामस्वरूप बचपन से ही बच्चों के मन में नशे के प्रति इतनी घृणा पैदा हो जाए कि उसे किसी भी प्रकार की कोई भी बाह्य शक्ति नशे के जाल में नहीं फंसा सके। बच्चों की किशोरावस्था में उनके माता-पिता तथा अभिभावकों को मित्रता के रूप में एक अच्छे सहयोगी के रूप में भूमिका निभानी चाहिए ताकि उनके बच्चे किसी भी प्रकार के तनाव में न आए।

यदि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को नशे से बचा लेते हैं तो समझ लो कि उन्होंने एक सच्चे अभिभावक होने का फर्ज अदा कर दिया है। देश की समस्त प्रबुद्ध जनता को इकट्ठे होकर एक स्वर में चिट्टे की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयास करने चाहिएं। इस समय की सबसे बड़ी तथा प्रमुख समस्या यह चिट्टा रूपी नशा ही है। जिस दिन देवभूमि हिमाचल प्रदेश की समस्त देव तुल्य जनता इस चिट्टे रूपी राक्षस पर एकजुट होकर टूट पड़ेगी, उसी दिन से हमारे प्रदेश व देश से चिट्टे रूपी नशे का नामोनिशान मिट जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पृथ्वी के लिए गंभीर चुनौती परिवर्तित ऋतु चक्कर

बीते कई सालों से मौसम में निरंतर परिवर्तन आने से लोगों को बहुत ही कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । बदलता यह ऋतु चक्कर हमारे जीवन पर भारी पड़ रहा है । ऐसा क्यों हो रहा है? गर्मी की ऋतु में गर्मी नहीं पड़ती और सर्द मौसम की समयावधि कम हो रही है।



लेखक: वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

दोनों मौसम अपने समय की अपेक्षा आगे-पीछे रंग दिखा रहे हैं। इसके भी विपरीत अब मानसून भी कहीं खो गया सा लगता है। कभी 100 बार बरसने को सावन अब कहां बरसता है? वास्तव में मौसम चक्कर अब पूर्णता बदल चुका है। निसन्देह भारत में छह ऋतुएं अपने रंग बिखेरती हैं। बसंत, गर्मी, सावन, पतझड़, बहार एवं सर्दी अब अपने समय पर दस्तक नहीं देतीं। अब सर्दी का मौसम अपनी चरण सीमा पर है। सुबह-शाम की सर्दी व रात की कड़ाके ठंड कहर बन बरप रही है। यह ऋतु चक्कर सब को आश्चर्यचकित कर रहा है।

इससे हमारे समूचे जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह हमारे फसल चक्कर को भी बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। रबी व खरीफ की पैदावार पर इसका विपरीत प्रभाव देश की आर्थिक स्थिति के ढांचे को बिगाड़ रहा है। वर्तमान सरकारों को इस चक्कर के कारण लोगों का कोपभाजन बनना पड़ता है। विपक्ष को विरोध करने का आसान अवसर मिल जाता है। विरोधी बदलते मौसम चक्कर का अकारण अपने फायदे के लिए लाभ उठाने से गुरेज करें। अमेरिका में भी ठंड का रिकार्ड टूट रहा है।



अभी कुछ ही दिन पहले कश्मीर के ऊंचे पहाड़ी स्थानों पर हमारे सैनिक हिमसंख्लन से मौत का ग्रास बन गए। समूचे यूरोपीयन देशों में भी कहर की ठंड पड़ रही है। ऐसा मानो कि जैसे हिमयुग आ गया हो। कहर की ठंड वृद्धों और छोटे बच्चों के लिए बीमारी का कारण बन रही है। संसार के मौसम इतिहास पर अगर झांका जाए तो वर्ष 2015 सबसे अधिक गर्म रहा। ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव अब पूर्णता देखने को मिल रहा है। इसके कारण ही मौसम में बिगड़ रहा है। हमारे देश में कभी तो बे-मौसमी बारिश, ओलावृष्टि या सूखे ने जिंदगी रूपी गाड़ी को पटरी से उतार दिया है। फसलों की खराबी, किसानों पर चढ़ता भारी-भरकम कर्ज कारण देश का अन्नदाता आत्महत्या करने को विवश हो रहा है। मैदानों में सूखा और मरूस्थल क्षेत्रों में भारी वर्षा इस ऋतु चक्कर की तबदीली की अंतिम सीमा ही कहा जाएगा। अगर ऐसा ही होता रहा तो गरीबी में बहुत अधिक बढ़ौतरी, भूखमरी एवं राजनीतिक हलचल की संभावना निश्चित है।

फ्रांस देश की राजधानी पैरिस में ग्लोबल वार्मिंग पर ही विश्व के कई देशों ने बातचीत की थी, पर सिर्फ बातों से कुछ भी संवरने वाला नहीं, अब भी संभलने का समय है। प्रकृति से छेड़छाड़ बंद करना आवश्यक कदम है। बदलते ऋतु चक्कर से बचने के लिए सरकार, सामाजिक संस्थाएं, मौसम विज्ञानी व खेतीबाड़ी विशेषज्ञ आगे आएं तो हम बदल रहे ऋतु चक्कर की गंभीर चुनौती का मुकाबला आसानी से समय रहते कर सकेंगे। अधिकाधिक पेड़ लगाने, अवैध कॉलोनियों बंद करवाने और पहाड़ों की कटाई को रोकना समय की मुख्य मांग है, तब ही हम ऋतु चक्कर के बदलते मिजाज से बच सकते हैं, अन्यथा प्राकृतिक विपदाएं यूं ही आती ही रहेंगी। आइए हम बदलते ऋतु चक्कर के साथ मिलकर अपने आपको ढालने का प्रयास करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुंदरनगर में 335 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


गिरफ्तार किए गए चरस के आरोपी पुलिस टीम के साथ।

जिला मंडी के सुंदरनगर में पुलिस ने 335 ग्राम चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम मुख्य आरक्षी हंसराज के नेतृत्व में चंडीगढ़ मनाली नेशनल हाईवे पर पुंघ में नाकाबंदी पर मौजूद थी और हर आने जाने वाले वाहन की चेकिंग की जा रही थी।

इस दौरान ऑल्टो कार एचआर नंबर 51बी 6247 को चेकिंग के लिए रोका, तो कार में सवार दोनों युवक पुलिस को देखकर घबरा गए। जब कार की तलाशी ली तो डैशबोर्ड में रखें एक पैकेट से 335 ग्राम चरस बरामद हुई।

दोनों युवक चरस कहां लेकर जा रहे थे इसको लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान 34 वर्षीय तरुण कुमार पुत्र गोपाल गांव सुरड डाकघर भुंतर, फुरकान पुत्र शेरखान उम्र 36 वर्ष गांव खोखन डाकघर भुंतर तहसील भुंतर जिला कुल्लू के रूप हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

### पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर शुरू की मामले की जांच

## अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, मंडी।** औट थाना में 1100 मिलीलीटर देसी शराब का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार याद राम पुत्र सिंह गांव घार तहसील खुंह बालीचौकी जिला मंडी से 1100 मिलीलीटर अवैध शराब बरामद कर आबकारी एवं काराधान अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं मामले की पुष्टि करते हुए एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि शाम के समय दुकानों में अवैध शराब की तलाशी जारी है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उचित प्रबंधन पर किया जागरूक


सिंगल यूज प्लास्टिक के उचित प्रबंध को लेकर जागरूक करते मनोज कौशल।



**आदर्श, नेरचौक**

नाचन विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भौर व चांबी में लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उचित निपटान के बारे लोगों को जागरूक करने के लिए एक बैठकें की गई, जिसमे प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर स्थानीय लोगों को जागरूक किया गया।

आईईसी के माध्यम से स्थानीय लोगों को जानकारी देते हुए खण्ड विकास अधिकारी मनोज कौशल ने बताया कि प्लास्टिक न केवल हमारे लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है बल्कि पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है।

घरों से निकलने वाले प्लास्टिक को साफ करके एक बोरी में डाल कर उसे पंचायत घर तक भेज कर स्थानीय ग्रामीण अपना कर्तव्य निभाएं।

### प्लास्टिक स्वास्थ्य को खराब और पर्यावरण को करता है प्रदूषित

इस दौरान लोगों को स्वच्छता की स्थित को बनाए रखने तथा प्लास्टिक के निष्पादन पर आने वाले खर्च के लिए ग्राम सभा के माध्यम से स्वच्छता कर का प्रस्ताव पारित करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान स्थानीय ग्राम पंचायत भौर के प्रधान हल्का राम ने भी लोगों को संबोधित किया ।(अनंत ज्ञान)

# सहारा योजना के लाभान्वित प्रत्येक छमाही में जरूरी दस्तावेजों को करें अपडेट : बीएमओ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

खंड चिकित्साधिकारी (बीएमओ) लडभड़ोल डॉ. लाल सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सहारा योजना के सभी लाभार्थी प्रत्येक छमाही में अपने जरूरी दस्तावेजों को अपडेट करना सुनिश्चित बनाएं ताकि उन्हें निर्बाध तौर पर वित्तीय मदद मिल सके।

उन्होंने बताया कि लाभार्थियों द्वारा प्रत्येक छमाही में जीवन प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र तथा बीपीएल प्रमाण पत्र संबंधी जानकारी को अपडेट करना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि सहारा योजना के बहुत से लाभार्थियों द्वारा जरूरी दस्तावेज अपडेट न होने के कारण उन्हें समय पर भुगतान सुनिश्चित नहीं हो पाता है। डॉ. लाल सिंह ने बताया कि इस संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को प्रपत्र उपलब्ध करवाए गए हैं जिनकी मदद से लाभार्थी समय-समय पर अपने जरूरी दस्तावेजों को अपडेट करवा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए बीएमओ लडभड़ोल या फिर एमआईएस ऑपरेटर निर्देश के मोबाइल नम्बर 93179-16249 पर संपर्क कर सकते हैं। वर्तमान में लडभड़ोल चिकित्सा खंड में 248 पात्र लोग मुख्यमंत्री सहारा योजना के तहत लाभान्वित हो रहे हैं।



## बीएमओ को दे सकते हैं अपना आवेदन

**इस** योजना में गंभीर बीमारियों से पीड़ित ऐसे मरीज पात्र हैं जिनकी वार्षिक आय 4 लाख रुपए से कम है। सरकार की ओर से मिलने वाली इस आर्थिक मदद को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है। सहारा योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए पात्र लोग खंड चिकित्साधिकारी (बीएमओ) को अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन प्रपत्र के साथ मेडिकल प्रमाणपत्र, निर्धारित सीमा का आय प्रमाणपत्र, जीवन प्रमाणपत्र, बीपीएल, हिमाचली बोनाफाइड प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, एक पासपोर्ट आकार का फोटो तथा बैंक खाते की प्रथम पृष्ठ की फोटोकॉपी संलग्न करना आवश्यक है।

## गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग मुख्यमंत्री सहारा योजना में हो सकते हैं शामिल

**हिमाचल** सरकार गंभीर बीमारियों से ग्रसित आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मुख्यमंत्री सहारा योजना के माध्यम से प्रतिमाह 3 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान कर रही है। योजना के अंतर्गत गंभीर रोगों जैसे कैंसर, पार्किंसंस, पैरालिसिस, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, चलने फिरने में असमर्थ और रीनल फेल्योर यानी किडनी से संबंधित रोगियों को सहारा योजना के तहत प्रतिमाह तीन हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। ये सभी रोग गंभीर बीमारी की श्रेणी में आते हैं तथा इन रोगियों को निरंतर देखभाल की जरूरत होती है। ऐसे में प्रदेश सरकार इन्हें प्रतिमाह 3 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रभावित परिवार के लिए पंजाब नेशनल बैंक बना मददगार



**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी।** पंजाब नेशनल बैंक की औट शाखा में केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने दुर्घटना बीमा के तौर पर दस लाख का क्लेम प्रदान किया। पंजाब नैशनल बैंक की औट शाखा में ब्रांच मैनेजर संजीव कुमार की उपस्थिति में गिरिराज (नॉमिनी) को दस लाख का क्लेम सेटेलमेंट लेटर दिया। गौरतलब है कि औट शाखा में खाता धारक किशोरी लाल की पहाड़ी से पैर फिसलने से मौत हुई थी तथा दुर्घटना में मारे गए किशोरी लाल को केयर हेल्थ इंश्योरेंस के तहत लोन सुरक्षा प्रदान की गई थी। जिसके चलते नेशनल बैंक के केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने उनके परिवारजन को 10 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। इस मौके पर ऋण प्रबंधक विवेक कपूर, बैंक के अन्य स्टाफ और केयर हेल्थ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप ठाकुर तथा विनोद राणा उपस्थित रहे।

### महादेव स्कूल की प्रार्थना सभा को चाव से सुनते हैं लोग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते स्कूलों में लय के साथ गाए जाने वाले भजन, राष्ट्रीय गान एवं गीत सहित विभिन्न गतिविधियां बड़े ही चाव से देखना व सुनना लोग अपना सौभाग्य समझते हैं। इसी तरह शनिवार को ग्राम पंचायत महादेव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला मंदिर महादेव में प्रातः कालीन सभा देखते ही बनी। स्कूल के यहां प्रातः कालीन सभा में 'तुम्ही हो माता पिता तुम्ही हो, तुम्ही हो बंधु सखा तुम्ही हो.. सुनकर लोगों के पांव ठिठक गए। बुद्धिजीवी लोगों ने राष्ट्र निर्माता यानी शिक्षक वर्ग से आशा जताई है कि आगे भी रोजाना का यह अनुशासन का कर्म व अध्यापन कार्य अच्छे से चलता रहे।



### वैट कर बकाया मामलों के लिए सद्भावना योजना शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने वैट कर से जुड़े लंबित मामलों के समाधान के लिए विशेष सद्भावना योजना की शुरुआत की है। सहायक आयुक्त संगीता गुरुंग ने बताया कि इसका लाभ प्रदेश के कारोबारी उठा सकते हैं। संगीता गुरुंग ने बताया कि योजना के तहत कारोबारी अपने वैट बकाया और उस पर लगे जुर्माने को एकमुश्त जमा कर सकते हैं। जहां पहले बकाया पर 50 प्रतिशत जुर्माना वसूला जाता था, अब इस योजना में केवल 10 प्रतिशत जुर्माना ही देना होगा। यह सुविधा केवल वैट बकाया मामलों पर लागू होगी। शराब, पेट्रोल और डीजल से संबंधित मामलों को इस योजना के तहत शामिल नहीं किया गया है। सहायक आयुक्त ने कारोबारियों से आग्रह किया कि वे इस योजना का लाभ उठाकर अपने लंबित मामलों का निपटारा करें।

### नवोदय विद्यालय पंडोह के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के प्रधानाचार्य एसडी शर्मा ने सूचित किया है कि नवोदय विद्यालय पंडोह में सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं व 11वीं में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी, 2025 को आयोजित की जायेगी। उन्होंने परीक्षा में भाग ले रहे बच्चों के अभिभावकों से आग्रह किया है कि वे अपने बच्चों के साथ 8 फरवरी 2025 को परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व आधार कार्ड के साथ अवश्य हाजिर हों। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए पंजीकृत अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड होने शुरू हो गए हैं,इसलिए परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थी नवोदय विद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड कर लें।

### छातर में वर्षाशालिका बनाने की उठाई मांग

**भीम बसेड़ू, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव छातर में वर्षा शालिका बनाए जाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। पीडब्ल्यूडी के तहत आते व्यस्त मार्ग छातर के यहां विद्यार्थियों सहित कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को खुले में खड़े होकर बस का इंतजार करना पड़ता है और वर्षा एवं गर्मी के मौसम में छत का सहारा न मिलने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है जबकि वर्षा शालिका निर्मित करने को लेकर कई बार मांग उठाई जा चुकी है मगर इस दिशा में संबंधित विभाग व पूर्व सरकारों ने भी किसी किस्म की गंभीरता नहीं दिखाई जिससे बुद्धिजीवी लोगों में नाराजगी तथा गुस्सा है। लोगों ने संबंधित विभाग व सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही घनी आबादी वाले इस विशाल क्षेत्र में वर्षा शालिका बनाई जाए।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में 25 को मनाया जाएगा मतदाता दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला स्तरीय समारोह 25 जनवरी को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। एडीसी मंडी रोहित राठौर ने शनिवार को 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मंडी में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस वर्ष मतदाता दिवस के आयोजन की थीम वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों और नए मतदाताओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई जाएगी। मतदाता दिवस पर नए मतदाताओं के अलावा बीएलओ भी भाग लेंगे।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मतदाता दिवस के अवसर पर जिला आपदा प्राधिकरण द्वारा सोशल इमरजेंसी रिस्पांस वालंटियर को सम्मानित करने के लिए पहली बार सर्व दिवस भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान आपदाओं के दौरान उन्होंने कैसे लोगों को राहत पहुंचाई है कि प्रेजेंटेशन भी दी जाएगी।

# चौहार व छोटा भंगाल घाटी में मनाया सराला पर्व

**रूपी ठाकुर, बरोट**


खान पान का आनंद उठाते हुए छोटा भंगाल घाटी के बड़ग्रां के लोग।

चौहार व छोटाभंगाल घाटी में प्रतिवर्ष की भांति लोहड़ी पर्व के बाद गांववासियों द्वारा सराला नामक लोकल पर्व को भी बड़ी धूमधाम मनाया गया।

इस सराला नामक लोकल पर्व के दौरान पांच दिनों तक गांवों में 10 से 15 परिवार एकत्रित होकर खाने-पीने की सामग्री को एक चुनिंदा घर में लाया गया तथा गांव के सारे लोगों ने वहां पर एकत्रित होकर खान पान का भरपूर आनंद उठाया। चौहार घाटी में लोहड़ी मनाने का ढंग कुछ हटकर है।

इस घाटी के लोग लोहड़ी के पर्व को मकर संक्रांति की पहली रात व मकर संक्रांति के दिन ही स्वादिष्ट पकवान बनाए तथा मकर संक्रांति की सुबह सबसे पहले कुल देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के बाद खिचड़ी बनाकर सगे-संबंधियों तथा पड़ोसियों के साथ मिलकर आनंद उठाया। तीसरे दिन कुछ गांवों में कोलू-कोलू का लोकल त्योहार भी मनाया।

कोलू-कोलू के दिन गांव के सभी लोग घरों में आटे के छोटे गोले बनाकर एक चुनिंदा घर के आंगन में एकत्रित होते हैं तथा गांव के हर परिवार की एक महिला आंगन में ऊंचे से स्थान पर खड़े होकर आंगन में खड़े लोगों के ऊपर पर कोलू-कोलू का राग लगाते हुए उन आटे के छोटे-छोटे गोले की खूब बरसात की। इन सदियों पुरानी परंपरा को निभाने के साथ यह लोहड़ी का पर्व सप्ताह बाद शनिवार के दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ समाप्त हो गया है।(अनंत ज्ञान)

# टारना माता मंदिर को जाने वाली ट्रेवलर का होगा विरोध

**अनंत ज्ञान, मंडी।** गत दिन ऑटो रिक्शा यूनियन मंडी का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला और मांग की कि महाशिवरात्रि मेले के दौरान प्रशासन द्वारा टारना माता मंदिर तक गाड़ी चलाने के लिए यूनियन विरोध करती है।

यूनियन ने कहा कि ऑटो यूनियन टारना मंदिर के लिए प्रति सवारी 30 रुपए लेगी। आने वाले दिनों में जो ट्रेवलर सकोड़ी पुल से टारना माता मंदिर को चलती है उसका ऑटो रिक्शा यूनियन मंडी विरोध करेगी।

यूनियन के प्रधान कमलेश शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रशासन ने हमारी इस मांग को नहीं सुना तो ऑटो रिक्शा यूनियन मंडी इसके विरोध में सड़क पर उतर सकती है।

# पेंशन वेलफेयर एसो. की बैठक 24 को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पेंशन वैलफेयर एसोसिएशन सदर मंडी की साधारण सभा की बैठक 24 जनवरी को 11 बजे में होगी।

पेंशन वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेस सचिव वाईपी सरोच ने बताया कि बैठक में पेंशनर्ज की समस्याओं जैसे वर्ष 2016 से जनवरी 2022 तक के सेवानिवृत्त पेंशनर्ज के एरियर का भुगतान, लंबित पड़े मेडिकल बिलों का भुगतान आदि पर चर्चा होगी। तत्पश्चात 3 वर्ष में एसोसियशन द्वारा कार्य का ब्यौरा, आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके उपरांत अगले 3 वर्ष के लिए नए कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा।

# निजी स्वार्थ के लिए बिगाड़ा सड़क का ग्रेड : अनिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम के तहत पैलेस कॉलोनी में कैंची मोड़ से गदयाड़ा तक निकाली सड़क के बाद अब नए कार्य के विरोध को लेकर सदर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि पूर्व में जो सड़क निकाली गई थी वो पूर्व भाजपा कार्यकाल मुख्यमंत्री सड़क योजना में निकाली गई थी। इसका ग्रेड शुरू में तो ठीक है, लेकिन विरोध करने वालों ने अपने घर को सड़क पहुंचाने के लिए ग्रेड बीच से बिगाड़ दिया।

इस खराब ग्रेड सड़क पर उस स्थिति में सोलिंग और टायरिंग नहीं की जा सकती है, क्योंकि ये सड़क विरोधियों ने अपने निजी फायदे के

### सदर विधायक बोले- बिगाड़े ग्रेड पर नहीं चल सकती बस

लिए निकाली है न कि जनता की सहूलियत के लिए और उसका ग्रेड भी जानबूझ बिगाड़ा गया है। क्योंकि सड़क पर बस नहीं जा सकती।

विधायक ने कहा कि बाड़ी सड़क पर बरसात में भूस्खलन होने की वजह से वो सड़क अवरुद्ध रहती है यह नई सड़क उस सड़क के अवरुद्ध होने पर एक वैकल्पिक सड़क की तरह इस्तेमाल होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री से 25 लाख रुपए स्वीकृत करवा लिए हैं। इसके लिए लोगों ने अपनी निजी जमीन लोक निर्माण विभाग को गिफ्ट डीड के तहत और कुछ सरकारी जमीन इसके लिए ली जा रही है और पहली बनी सड़क के ग्रेड को सुधारने की कोई गुंजाइश नहीं लग रही है, जहां से ग्रेड बिगाड़ा गया है उसी हिस्से में ये कार्य किया जा रहा है, ताकि यह सड़क आम जनता को सहूलियत दे सके।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि जो विरोध कर रहे हैं उनको साथ लेकर इस सड़क पर बस का ट्रायल करवाया जाए और अगर बस का सड़क पर सफल ट्रायल होता है, तो उनको उस पर कोई आपत्ति नहीं है।

# करसोग के ममेल गांव में दो मंजिला मकान जलकर राख

**लक्की, करसोग**



हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के करसोग उपमंडल के अंतर्गत स्थित ममेल गांव में एक दर्दनाक घटना घटी, जब एक दो मंजिला मकान देर रात आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गया। घटना देर रात करीब 2 बजे की है, जब अचानक मकान में आग लग गई। इस भयावह घटना के कारण गांव में हड़कंप मच गया और लोग आपस में घबराहट और अफरा-तफरी में इधर-उधर दौड़ने लगे।

हालांकि आग से दो मंजिला मकान पूरी तरह से जल गया। करसोग थाना से प्राप्त सूचना के अनुसार आग ममेल गांव के जयराम, गोविंद, मनीराम के पुराने घर में लगी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एएसआई के नेतृत्व में एक टीम को मौके पर भेजा। पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया ।(अनंत ज्ञान)

# आने वाले बजट सत्र में पूरी की जाए जलरक्षकों की मांगें

**अनंत ज्ञान, मंडी**


जानकारी देते रूपलाल।

पंचायत के माध्यम से लगे जल रक्षक सरकार के समक्ष अपनी मांगे रखते रखते थक चुके हैं, लेकिन अभी भी उनकी मांगों पर उचित फैसला नहीं लिया गया है।

जल रक्षक की प्रमुख मांगें जो जल रक्षक 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं उन्हें रेगुलर किया जाए कांटेक्ट पर आने की अवधि को 12 बरस से घटकर 8 वर्ष किया जाए तथा पूर्ण रूप से उन्हें जल शक्ति विभाग के अधीन किया जाए और आने वाले बजट सत्र में उनके कार्य को देखते हुए उनके वेतनमान में बढ़ोतरी की जाए। जल रक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल उपाध्यक्ष बबलू वर्मा, सचिव डोलम चंद, टेकचंद, रजनीश, सुनील कोषाध्यक्ष, हरी चंद मीडिया प्रभारी, मीना ठाकुर, बबलू जिला अध्यक्ष, सनी आदि ने सरकार से आग्रह किया है कि उचित समय पर उचित फैसला सरकार जल रक्षक के पक्ष में ले ताकि हिमाचल के समस्त जल रक्षक अपने व अपने परिवार का पालन पोषण उचित प्रकार से कर सकें।

# बग्गी में मारपीट करने पर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** धनोटू थाना के तहत बग्गी में मारपीट को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में सुरेश कुमार निवासी गांव पाधरु ने कहा है कि शुक्रवार को वह घर से निजी काम को बग्गी गया था, जब वह बग्गी बाजार में पहुंचा तो देखा की मेरे साथ आये योगेश कुमार के साथ एक युवक मारपीट कर रहा है।

जब वह बीच-बचाव हो गया तो आरोपी ने योगेश को जान से मारने की धमकी दी। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी के खिलाफ धनोटू थाना में केस दर्ज कर कार्रवाही आरंभ कर दी गई है।

# मेहनत ही सफलता की कुंजी : जीवन

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**


डीएवी जोगिंद्रनगर में वार्षिक पारितोषिक समारोह में सम्मानित विद्यार्थी।

मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है और मेहनत ही सफलता की कुंजी है। यह बात प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव जीवन ठाकुर ने डीएवी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर के वार्षिक पारितोषिक समारोह की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षण संस्थानों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन संस्कारों का महत्व कम होता जा रहा है। डीएवी एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां बच्चों को न केवल शिक्षा बल्कि अच्छे संस्कार भी दिए जाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति और बड़ों का सम्मान जैसे गुणों का समावेश करें। कार्यक्रम का शुभारंभ जीवन ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डीएवी सीएमसी के सचिव रविंद्र तलवार ने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि इसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिली। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्कूल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान डीएवी एचपी जोन के एआरओ केएस गुलेरिया, स्कूल के मैनेजर आरएस राणा और डीएवी के विभिन्न स्कूलों से आए प्रधानाचार्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**मांग** पूर्व सुकेत रियासत के राजाओं के बेहड़े घिरे झाड़ी और घास-फूस से

# सुकेत रियासत की राजसी भूमि सफाई को तरसी

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नगर परिषद सुंदरनगर के अंतर्गत ऐतिहासिक स्थली बनेड़ के यहां पूर्व सुकेत रियासत के समय के राजाओं के बेहड़े अभी तक एक बड़ी ऐतिहासिक एवं धार्मिक भूमि पर अपनी भव्यता एवं अनोखी कारीगरी की सुंदरता लिए जरूर हैं, मगर अब चारों ओर झाड़ियां और घास-फूस ने डेरा जमा लिया है।

राजाओं के राज चले जाने के बाद पूर्व सुकेत रियासत की यह राजसी भूमि सफाई को तरस गई है। जरूरत समझी जा रही है तो एक बेहतरीन रख-रखाव की ताकि यहां पली बढ़ी वह लोक-संस्कृति, जिंदादिली के किस्से कहानियां इन बेवड़ों (महलों) के यहां महसूस करने सहित कलाप्रेमी एक कवि बन निहारे जा सके।(अनंत ज्ञान)



## राजसी संग्रहालय बनाने की मांग

**यह** मांग लंबित पड़ी है कि शाही राजसी संबंधी चीजों को नुमाइश की तर्ज पर यहां एक सुंदर ढंग का संग्रहालय निर्मित किया जाए मगर अभी तक इसलिए भी यह बात सिरे नहीं चढ़ सकी, क्योंकि राज परिवार के उन सदस्यों से इस बारे खूब बात होती रही जो अब इस दुनिया में नहीं हैं।

## राजसी निशानियों का इतिहास जरूरी

बुद्धिजीवी लोगों ने मौजूदा राज परिवार के सम्मानित सदस्यों से पुरजोर आग्रह किया है कि शीघ्र ही वे अपने बुजुर्ग शासकों का गौरवमयी इतिहास संजोने के लिए शीघ्र ही बनेड़ के यहां सुंदर ढंग का संग्रहालय बनाए ताकि भावी पीढ़ी राजसी निशानियों का इतिहास जान सके।

# अनियंत्रित टिपर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**अनंत ज्ञान, मंडी ।** थाना सदर मंडी में अनियंत्रित टिपर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत का मामला दर्ज हुआ है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता मोहमद बशीर पुत्र अब्दुल रहीम निवासी गांव सलैनिया डाकघर व जिला पूंछ जम्मू कश्मीर ने बताया कि वह 9 अन्य मजदूर साथियों के साथ ठेकेदार मोहम्मद जाहिद पुत्र मोहम्मद अली गांव डिनक डा. कनैड तहसील सुंदरनगर मंडी के पास साईं से कोट को जाने वाली सड़क की मजदूरी करने आए हैं।



नजीर हुसैन व मोहम्मद आजम इसी सड़क पर किनारे पड़े हुए रेत को ठेकेदार के टिप्पर नंबर एचपी31ए-4472 में लोढ़ कर रहे थे, तो अचानक टिप्पर पीछे खिसक गया और एकदम स्पीड से बैक हो गया और मजदूर नजीर हुसैन इसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में चमके आदिश और अर्नव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विजेता मंडी टीम व मौजूद आदिश।

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित अंडर.14 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में मंडी ने उना को मात देकर टूर्नामेंट अपने नाम किया है। बता दें कि मैच के दौरान मंडी टीम 57 रनों पर 7 विकेट खो चुकी थी, उसी दौरान बल्लेबाज आदिश मिन्हास पारी को संभालते हुए नाबाद 53 रनों का योगदान देकर मंडी टीम ने 212 रनों का स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी करती उना टीम को मंडी के आदिश ने 36 रनों पर तीन विकेट झटक लिए। अभी उना टीम संभली ही नहीं थी कि अर्नव ठाकुर ने तीन विकेट लेकर उना टीम को 155 रनों ऑल आउट कर दिया।

### आदिश मिन्हास मैन ऑफ द मैच घोषित

तत्पश्चात आदिश मिन्हास को मैन ऑफ द मैच घोषित करते हुए 3 हजार रुपए का चैक और ट्रॉफी तथा अर्नव ठाकुर को मैन ऑफ द सीरीज घोषित करते हुए 5 हजार रुपए का चैक व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

निर्णायक मंडल ने मंडी टीम को विजेता घोषित करते हुए मंडी टीम को 50 हजार रुपए व ट्राफी प्रदान की। वहीं उपविजेता टीम को 30 हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क सुरक्षा विषय पर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** उपमंडल हरोली के अंतर्गत पड़ते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोंदपुर जयचंद में सड़क सुरक्षा क्लब के स्कूली बच्चों को सड़क यातायात नियमों के तहत जागरूक किया गया। बच्चों को सड़क सुरक्षा संकेत वितरण किए गए और रैली निकालकर स्थानीय लोगों को भी जागरूक किया गया। इसमें मुख्य तौर पर पंचायत प्रधान अनूप अग्निहोत्री, प्रधानाचार्य दिलावर सिंह, अशोक कुमार, संजीव कुमार, रोड सेफ्टी क्लब इंचार्ज दविंदर सिंह, जोगिंदर सिंह, संदीप संधु और स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजोगिता और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

### नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आयोजित



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि परीक्षा केंद्र में विभिन्न स्कूलों से 127 छात्र-छात्राओं ने छठी कक्षा में नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा दी। जिला शिक्षा उच्च उपनिदेशक अनिल कुमार ने परीक्षा केंद्र एवं विद्यालय का औचक निरीक्षण किया तथा समस्त व्यवस्थाएं सुचारु पाई गईं।

### दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत तय : अजय



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए प्रचार कर रहे राष्ट्रीय ह्यूमन राइट्स बिंग के प्रदेश चेयरमैन और युवा मोर्चा के नेता अजय ठाकुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल करेगी। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण जनता का भाजपा के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

### श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण जरूरी : आचार्य



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ क्षेत्र के हिमाचल हवेली जोगीपंगा में विधायक विवेक शर्मा द्वारा अपने पिता स्व. रामनाथ शर्मा की स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा। कथा व्यास आचार्य शिव शास्त्री ने इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को विस्तार से समझाया और उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और जीवन के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान प्रदान किया। श्रीमद् भागवत कथा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। दूसरे दिन की कथाके विराम के बाद श्रद्धालुओं के लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था। कथा शुरू होने से पूर्व विधायक विवेक शर्मा ने पत्नी मृदु शर्मा के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का एडीसी महेंद्र गुर्जर ने लिया जायजा

## उपमुख्यमंत्री होंगे मुख्यातिथि, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को करेंगे सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**


गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद गणमान्य।

ऊना में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य और भावपूर्ण बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस मौके ऊना शहर को खूबसूरत रोशनी और सजावट से संवारा जाएगा। समारोह का मुख्य आकर्षण झांकियां, परेड और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने तैयारियों का जायजा लेने के लिए शनिवार को अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने समारोह को अधिक समावेशी तथा आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व के मौके पर सभी विभागाध्यक्षों को अपने स्टाफ सहित कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित बनाने को कहा। इसमें शिक्षण संस्थानों की भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऊना के नगर निगम बनने के उपरांत यहां राष्ट्रीय महत्व का यह प्रथम आयोजन हो रहा है, ऐसे में शहर में विशेष साज-सज्जा की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि उपमुख्यमंत्री 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। वह 26 जनवरी को पूर्वाह्न 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

इसके बाद 10.55 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इसके बाद वे परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और जिला वासियों को संबोधित करेंगे। समारोह में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त, प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, राजीव गांधी स्वराजगार स्टार्टअप योजना, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी और पर्यटन विकास से जुड़ी योजनाओं की झलक दिखाई देगी। इस मौके पर स्कूल परिसर में विकास प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

समारोह में उपमुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के जनसेवा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी करेंगे। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि मौसम खराब रहने की स्थिति में समारोह को टाउन हॉल में आयोजित की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

# पंचायत समिति चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पंचायत समिति गगरेट की चेयरपर्सन की कुर्सी खतरे में पड़ गई है। पंचायत समिति गगरेट के कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने चेयरपर्सन के विरुद्ध विरोध का बिगुल बजा दिया है। पंचायत समिति गगरेट के सात कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने चेयरपर्सन रीता धीमान के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। खंड विकास अधिकारी गगरेट ने अविश्वास प्रस्ताव जिला पंचायत अधिकारी को भेजा है, वहां से अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के लिए अब तिथि तय होने पर इस पर वोटिंग संभव है।

फिलहाल पंचायत समिति गगरेट पर भाजपा का कब्जा है। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कयास तो लगाए जा रहे थे कि पंचायत समिति गगरेट में भी अब तख्तापलट होगा, लेकिन प्रदेश सरकार के करीब दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद अब कांग्रेस समर्थित सदस्यों ने पंचायत समिति चेयरपर्सन के विरुद्ध मोर्चा खोला है। हालांकि पंचायत समिति गगरेट में भाजपा समर्थित सदस्यों की संख्या ज्यादा है, लेकिन माना जा रहा है कि कांग्रेस समर्थित समिति सदस्य बीना बंसल अब चेयरपर्सन पद के लिए सशक्त उम्मीदवार मानी जा रही है और उन्हें अंदरखाते कुछ भाजपा समर्थित सदस्यों का भी समर्थन प्राप्त है।

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिस प्रकार कांग्रेस समर्थित कुछ समिति सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि वर्तमान चेयरपर्सन की कुर्सी हिल सकती है। बीस सदस्यीय पंचायत समिति में अविश्वास प्रस्ताव पारित करवाने के लिए ग्यारह सदस्यों का साथ चाहिए, ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव पर क्या निर्णय आता है, इसका पता अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के बाद ही चल पाएगा।

खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र जेटली ने बताया कि वर्तमान चेयरपर्सन के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ है, जिसे संस्तुति के लिए जिला पंचायत अधिकारी को भेजा गया है।

# भाजपा नेता भुट्टो ने सरकार के व्यवस्था परिवर्तन पर उठाए सवाल


प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान भाजपा नेता देवेंद्र कुमार भुट्टो व अन्य।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने सुक्खू सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए इसे 'व्यवस्था परिवर्तन' के नाम पर जनता को गुमराह करने वाला कदम करार दिया।

भुट्टो ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार महंगाई, ठेकेदारों की 1400 करोड़ रुपए की देनदारियां और खनन माफिया को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। प्रदेश में महंगाई चरम पर है और आम जनता का जीना दूभर हो गया है। पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने जनता से किए गए वादों को भूलकर केवल राजनीतिक लाभ उठाने ओर अपने चहेतों की जेबों को भरने का काम किया है। भुट्टो ने दावा किया कि कुटलैहड़ भाजपा में कोई गुटबाजी नहीं है। पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर हमारे आदरणीय और पार्टी के सम्माननीय नेता हैं और उनके मार्गदर्शन से कुटलैहड़ के भाजपा आगे बढ़ेगी।

## जमीन को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए पटवारी से करें संपर्क

**ऊना।** अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने जिले के सभी भू-मालिकों से जमीन से संबंधित खातों को स्वेच्छा से आधार कार्ड के साथ लिंक करने का आग्रह किया है। इस प्रक्रिया के लिए जिलावासी संबंधित पटवारी हलका से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान आधार से लिंक मोबाइल नंबर अवश्य साथ रखें ताकि कोई दिक्कत न हो।

## भंडारा आज

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** धुसाड़ा गांव के पीर बाबा लखदाता (मोहल्ला भराईयां) में 19 जनवरी को विशाल वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य शमशेर मोहम्मद ने दी। उन्होंने कहा कि सुबह के समय लगभग 11 बजे झंडे की रस्म पूरी की जाएगी।

# तलवारबाजी को कोटे में शामिल करने का आग्रह

**विवेक शर्मा, अंब**


मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान तलवारबाजी संघ के पदाधिकारी।

### सीएम से मिले तलवारबाजी संघ के पदाधिकारी

हिमाचल प्रदेश तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों ने कांगड़ा प्रवास के दौरान धर्मशाला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। तलवारबाजी संघ के अध्यक्ष शादी लाल गोस्वामी की अध्यक्षता में तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि तलवारबाजी ओलंपिक गेम होने के बावजूद भी हिमाचल प्रदेश के 3 फीसदी कोटे में शामिल नहीं है, जबकि लगभग अन्य सभी राज्यों में यह गेम 3 फीसद कोटे में शामिल है। हिमाचल प्रदेश तलवारबाजी संघ के महासचिव अतुल ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस खेल को अतिशीघ्र कोटे में शामिल करेंगे। तलवारबाजी संघ के महासचिव अतुल ठाकुर ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जब से सत्ता संभाली है, तब से उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने का हरसंभव प्रयास किया है।

अभी हाल ही में हिमाचल सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को करोड़ों रुपए की इनामी राशि देना अपने आप में काबिले तारीफ है। मुख्यमंत्री की दूरगामी सोच से हिमाचल प्रदेश खेलों में नई बुलंदियां छू रहा है। खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का नाम रोशन कर रहे हैं। खासतौर पर महिला खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल को कई बार गौरवान्वित किया है।

प्रदेश तलवारबाजी संघ के पदाधिकारियों ने हिमाचल में खेलों और खिलाड़ियों को महत्ता देने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और खेल मंत्री यादविंद्र गोमाका तहेदिल से धन्यवाद किया। इस प्रतिनिधिमंडल में महासचिव कांगड़ा स्वर्ण सिंह राजपूत, ट्रेजरर कांगड़ा सुखपाल सिंह गोगी, मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा, संदीप पराशर, परविंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

अनंत Classifieds
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9015226376

Rainbow INTERNATIONAL SCHOOL
(Nur-XII) Affiliated to C.B.S.E.
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-2026
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
Nagrota Bagwan, (H.P.), Tel.: 01892-251592, 249222, 7807849222
Email:rainbowinternationalschool@rediffmail.com
Website: www.risnagrota.com

रतन ज्वेलर्स के मालिक राजू गढ़ वाले
सुनार राजू गढ़ वाले रतन ज्वेलर्स लोअर बाजार भवारना
हमारे यहां गोल्ड ज्वेलरी (HUID) हॉलमार्क 22 कैरेट में तैयार की जाती है।
RATTAN JEWELLERS
Lower Bazar Bhawarna 9882749027 9418787712

ज्योत्सना आई.टी.आई लोहारीं हमीरपुर (हि.प्र.) 177020
1. मकैनिक मोटर व्हीकल 2. इलैक्ट्रीशियन 3. फिटर, 4. बैल्डर 5. पलम्बर
मो. 9418083232, 9418583232 9418683232
Email: jyotsnaiti@ymail.com
Website: www.jyotsnaitihamirpur.com

NEERAJ AGENCIES PRIVATE LIMITED
Near Old Bus Stand, Nagrota Bagwan 176047 Distt. Kangra
Ph. 01892-252088 Mob. 98160-72088

GAYAN JYOTI PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR
(Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala)
ADMISSION OPEN
Pre-Nursery to 10th
Mob. 86288-03434, 94188-34317

Mill Approved Retail Counter of Mayur
Mob. 98164-43466 (Abhinav)
Mob. 97366-62924 (Raju Dhawan)
Prop. Girish Kumar Parminder Kumar J.R.D.
Jagat Ram Dhawan
Suiting Shirting & Dress Material
Main Bazar, Nagrota Bagwan Distt. Kangra (H.P.)

NEW BRIGHT SUN SEN. SEC. SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
+1/+2, Medical & Non-Medical
NEAR PETROL PUMP MEHRE BARSAR
CONTACT :- 82194-42097

MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health at Every Step
Complete Women's Healthcare Destination
• Obstetrics • Gynecology • Pathology
• Ultrasound • Pediatrics • Neonatology
• Laproscopy • Infertility
Dr. Vani Sharma MBBS, DGO Laproscopic Surgeon & Infertility Specialist
Motherkraft, Matour Palampur Road Near Utsav Palace, Ghurkari, Kangra
CALL US:- 01892-299088 80914-11099, 80914-11088

BHUSHAN JEWELLERS A Bond of Trust
BHUSHAN JEWELLERS
लोअर बाज़ार, सोलन संपर्क- 01792-221404, 9418876404, 8988074404

D.D.U. B.E.d. COLLEGE
अध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याक्ष स्मारक समिति एवं दीन दयाल उपाध्यक्ष बी.एड. कॉलेज मैहरे (बड़सर) जिला हमीरपुर (हि.प्र.) 174305
फोनः- 01972-288072, 288010, मो. 09816688072
मो. 8261954956, 8894915086, 9805047309

DDM SAI COLLEGE
Affiliated to HPU Shimla & Approved by BCI, NCTE
B.A.LL.B., LL.B. B.Ed., D.El.Ed.
Kalar (Nadaun) P.O. Jalari, Distt. Hamirpur (H.P.)
Tel. 01972-233720, Mob. 9418042219
Email : contactddmsai@gmail.com

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES PATHANKOT
ADMISSION OPEN
84271-84271, 94170-50602
ENGINEERING | POLYTECHNIC DIPLOMA | PHARMACY | HOTEL MANAGEMENT | MANAGEMENT | EDUCATION | COMPUTER APPLICATION
www.srisaigroup.in
B.TECH | CSE | ECE | EE | BBA IN COLLABORATION WITH IBM

अजय हेल्थकेयर
दवाईयां
लाइफ सेविंग दवाईयां | मधुमेह/कैंसर की दवाईयां
शल्य चिकित्सा उपकरण | सभी तरह के चिकित्सा उपकरण
यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाईयाँ मिलती हैं
Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com
7087432364, 8699005364

Nanda Institute of Nursing and Nanda Multi specialty Hospital
Hamirpur Road Una HP

JAIN TRADERS UNA
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.
Mob.: 9805002437

# हामटा की पहाड़ियों में पहली बार हुई हिमाचल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप

## विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने हरी झंडी दिखाकर किया प्रतियोगिता का शुभारंभ





**एम बोकटापा, मनाली**

प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली के हामटा की पहाड़ियों में शनिवार को पहली बार हिमाचल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस दौरान मनाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान कसौली विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे।

मनाली के हामटा में आयोजित की जा रही पहली हिमाचल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप में करीब 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिमसे पुरुष वर्ग में 10 और महिला वर्ग में 7 युवतियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक भुवनेश्वर गौड़ के द्वारा हरि झंडी दिखाकर की गया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि हिमाचल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप (स्किमो) का आयोजन पहली बार किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता सभी के लिए प्रेरणादायक भी है। इसका एक इवेंट आयोजित किया गया है। आने वाले दिनों में सभी इवेंट आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस इवेंट को आगे बढ़ाने के लिए पूरी मदद जाएगी। उन्होंने कहा कि आज जो प्रतियोगिता आज यहां पर आयोजित की गई है इसके लिए दो दिवसीय कैंप का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि जो अच्छे खिलाड़ी यंहा से निकलकर आएंगे उन्हें प्रोत्साहन मिले।

विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि यह स्थान काफी सुंदर है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के कायम यहां पर स्थापित हुए हैं। वह काफी अच्छी बात है और इससे युवाओं को आगे बढ़ने में प्रोत्साहन मिलेगा। स्कीमों के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सूद ने कहा कि पहली बार हामटा पास की पहाड़ियों में हिमाचल स्की माउंटेनियरिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों का चयन खेलों इंडिया विंटर गेम्स के लिए किया जाएगा। पुरुष वर्ग में हीरा लाल ने पहला स्थान प्राप्त किया। तेंजिन बोध दूसरे जबकि गिरी राज तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में साक्षी ठाकुर पहले जबकि तेंजिन डोलमा दूसरे व नताशा तीसरे स्थान पर रही। (अनंत ज्ञान)

## एचआरटीसी और ऑल्टो कार में भिड़ंत, 1 की मौत, 1 घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू से करीब 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रायसन कैच फैक्टरी के पास एक बस और ऑल्टो कार की भिड़ंत होने का मामला सामने आया है। इस हादसे में ऑल्टो कार में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे व्यक्ति को घायल अवस्था में उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल लाया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार रायसन कैच फैक्टरी के पास एक ऑल्टो कार और एचआरटीसी की बस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑल्टो कार में सवार नग्गर छाक्की गांव के दिनेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं विजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात 10 बजे के करीब हुआ। गायलविज वर्मा को उपचार के लिए कुल्लू अस्पताल ले जाया गया है । एएसपी कुल्लू संजीव शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर दिया है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सतलुज किनारे मिला क्षत-विक्षत अज्ञात शव

**अनंत ज्ञान, आनी।** लुहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की पलेई साइट पर शनिवार को सतलुज नदी के किनारे एक अज्ञात शव मिला है। शव की हालत क्षत-विक्षत बताई जा रही है। शव के मिलने की सूचना प्रोजेक्ट साइट और काम कर रही पटेल कंस्ट्रक्शन कंपनी के एचआर सतीश कुमार ने पुलिस को दी। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि शव की हालत इतनी खराब है कि यह तक बता पाना मुश्किल है कि शव महिला का है या पुरुष का। शव की हालत देख कर अंदेशा जताया जा रहा है कि शव गत 31 जुलाई की रात को समेज और बागीपुल में आई बाढ़ में बह गए किसी व्यक्ति का हो सकता है, क्योंकि उस वक्त कई शवों का आज तक पता नहीं चल पाया था। डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने शव को सिविल अस्पताल निरमंड में पोस्टमार्टम करवाने के भेज दिया है।

### रमना ने टीवी रियलिटी शो का पहला राउंड किया पार

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** निरमंड उपमंडल से संबंध रखने वाली प्रसिद्ध पहाड़ी गायिका रमना भारती मुंबई जाकर अपनी गायिकी का जलवा बिखेरेंगी। रमना भारती ने सिंगिंग टीवी रियलिटी शो इंडियाज सिंगिंग आइकॉन के पहले राउंड को पार कर लिया है। अब उन्हें मुंबई से अगले 3 राउंड्स में परफॉर्म करने के लिए कॉल आएगी। यदि वह इन राउंड्स में भी अपना जलवा बरकरार रखती है तो उन्हें टीवी रियलिटी शो इंडियाज सिंगिंग आइकॉन पूरे देश के सामने अन्य प्रतिभागियों के साथ मुकाबला करने का मौका मिल जाएगा। निरमंड उपमंडल के छोटे से गांव उरटू में जन्मी उभरती युवा प्रसिद्ध पहाड़ी गायिका रमना भारती ने बताया कि इस रियलिटी शो के जज मशहूर रियलिटी शो इंडियन आइडल के सीजन 10 के विजेता सलमान अली हैं।



## 6 माह बाद शुरू हुआ 15 मील-सोमवन हरिपुर सड़क बहाल करने का कार्य





**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

गत वर्ष दस जुलाई को बाढ़ आने से मनाली क्षेत्र में भारी तबाही होने से सड़के तबाह हो गई थ। वहीं, हरिपुर नाले में बाढ़ आने से 15 मील-सोमवन-हरिपुर सड़क बह गई थी। जिस कारण सड़क मार्ग बह जाने से वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई थी, जो आज तक प्रभावित है।

सोमवन और हरिपुर के बीच तकरीबन दो दर्जन से अधिक घर है जिन्हें किसी भी कार्य के लिए दूसरे मार्ग से होते हुए यातयात करने में मजबूर होना पड़ता था। आपातकालीन स्थिति में भी लोगो को परेशानी उठानी पड़ती थी, परंतु अब छह माह बाद इस सड़क का कार्य लोकनिर्माण विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग मनाली मंडल के सहायक अभियंता अमन सूद ने बताया कि दस जुलाई को बाढ़ आने से 15 मील सोमवन हरिपुर सड़क का 70 मीटर के करीब ढंगा बाढ़ में बह गया था, जिसका लोक निर्माण विभाग द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से कार्य किया जा रहा है। लगभग एक साल में यह सड़क यातायात के लिए बहाल कर दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## जुआणी रोपा में 3 मंजिला मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू जिला मुख्यालय के समीप जुआणी रोपा में एक ढाई मंजिला मकान में आग भड़क गई।

**50 हजार का नुकसान**

जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 7 बजे जुआणी रोपा में कुसुम गुप्ता के तीन मंजिला मकान की सबसे ऊपरी मंजिल में आग लगी। इसकी सूचना दमकल को दी गई। दमकल विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से काबू पा लिया गया। आग की घटना में 50,000 रुपए का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग के फायर अफसर प्रेम भारद्वाज ने कहा कि घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। आग छत की सीलिंग के जरिये तंदूर की पाइप से पकड़ने के कारण लगी बताई जा रही है।



## कुल्लू, पतलीकूहल व नग्गर में वन मित्रों का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, तीर्थन/पतलीकूहल**

जिला कुल्लू स्थित ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क की तीर्थन वन्य जीव रेंज में वन मित्र चयन भर्ती का परिणाम घोषित कर दिया गया है। इस भर्ती में बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 9 में से 6 स्थानों पर अपनी जगह बनाई है।



वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क तीर्थन रेंज की तिंदर बीट से नेहा ठाकुर, रोला से विवेक, भंडार से लीलाधर, शाइरोपा मुख्यालय से पल्लवी जोशी, श्रीकोर्ट से खिला देवी, गुशेनी से पल्लवी ठाकुर, चलोरी से भोले चंद, मशीयार से निर्मला देवी और बठाहड़ बीट से मीरा यादव का चयन बतौर वन मित्र हुआ है। चयनित अभ्यर्थी के अलावा दो अन्य को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। शमशी वन मंडल अधिकारी सचिन शर्मा ने बताया कि पार्क क्षेत्र की कुल 22 बीटों का वन मित्र भर्ती परिणाम घोषित किया गया है, जिसमें तीर्थन रेंज की 9 बीटें भी शामिल है। चयनित अभ्यार्थिओं को शीघ्र ही अलग से नियुक्ति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

**वहीं,** वन परिक्षेत्र पतलीकूहल और नग्गर में वन परिक्षेत्र पतलीकूहल की मंडलगढ़ बीट से पुष्कल नेगी, फोजल बीट से रानिका, नेरी बीट से पूजा, पतलीकूहल बीट से अश्मिता, बड़ागढ़ बीट से प्रोमिला, पानकोट बीट से सुदर्शना देवी का चयन वन मित्र के लिए किया गया है। नग्गर परिक्षेत्र की जगतसुख बीट से अजय, खखनाल बीट से अंकुश, सजला से दुर्गा सोनी, बरशाई बीट से अंजलि सिंह, जाना बीट से दानविंद्र, नथान से संजीव, नग्गर बीट से लक्ष्मी ठाकुर, रूमसू बीट से निखिल, हलाण बीट से रूपेंद्र ठाकुर, बटाहर बीट से हेम लता और सरसई बीट से कशिश का चयन हुआ है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी पतलीकूहल टीटू ने बताया कि वन मित्र के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं चयनित अभियार्थियों को विभागीय आदेश मिलने के पश्चात नियुक्ति दी जाएगी।

## केलांग में 25 को मनाया जाएगा 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गत वर्षों की भांति इस वर्ष 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

यह दिवस जिला स्तर पर उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में सुबह 11:30 बजे आयोजित किया जाएगा, जिसमें जिला के नए पात्र युवा मतदाताओं (18 प्लस) को मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने यह भी बताया कि देश के मजबूत लोकतंत्र में मतदाताओं की सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए 25 जनवरी को पूरे देश में 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में भी इस दिवस को जिला स्तर पर आयोजित किया जा है। उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं को पहचान पत्र प्रदान कर सम्मानित करने के साथ-साथ शपथ भी दिलवाई जाएगी। विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा लोकतंत्र की मजबूती व मतदाताओं की सहभागिता को लेकर भाषण, चित्रकला, नारा लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगाऔर इन्हें भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा।

तहसीलदार जिला निर्वाचन लाहौल-स्पीति पवन राणा ने बैठक का संचालन किया। निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी (नागरिक) केलांग रजनीश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

## तांदी अग्निकांड प्रभावितों को जारी हुई राहत राशि की अधिसूचना

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार के तांदी गांव में एक जनवरी को लगी आग से जहां 10 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। अब प्रदेश सरकार के द्वारा सभी प्रभावितों को राहत देने के लिए शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राजस्व विभाग के द्वारा जारी अधिसूचना में पूरी तरह से प्रभावित परिवार को घर बनाने के लिए सात-सात लाख रुपए की राहत राशि की दी जाएगी, जबकि कम नुकसान वाले लोगों को भी 100000 रुपए की राहत दी जाएगी। इसके अलावा गोशाला के निर्माण के लिए भी अधिसूचना के अनुसार 50000 रुपए की राहत राशि ग्रामीणों को दी जाएगी। ऐसे में अधिसूचना जारी होने के बाद अब जल्द ही यह राशि ग्रामीणों के बैंक खातों में डाल दी जाएगी।

**प्रभावितों 7-7 लाख व गोशाला के निर्माण को मिलेंगे 50 हजार रुपए**

बीते दिनों मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के द्वारा तांदी गांव का दौरा किया गया था और अग्निकांड से प्रभावित परिवारों के साथ भी मुलाकात की गई थी। ऐसे में जिला प्रशासन के द्वारा इस बार एक कमेटी भी गठित की गई थी।

कमेटी के अनुसार अधिकतर परिवारों को अस्थायी रूप से होमस्टे या फिर होटल में ठहराया गया है। सरकार के अनुसार किराए के घरों में रह रहे लोगों को हर महीने 5000 रुपए का किराया देने का भी निर्णय लिया गया है। अब सरकार के द्वारा इस बारे अधिसूचना जारी कर दी गई है और बंजार प्रशासन के द्वारा बनाई गई रिपोर्ट के अनुसार सभी प्रभावितों को धनराशि जल्द जारी की जाएगी।

गौर रहे कि इस अग्निकांड में 33 परिवार के 115 से अधिक सदस्य बुरी तरह से प्रभावित हुए थे और देवता शेषनाग का भंडार भी जल कर राख हो गया था। ऐसे में 10 करोड रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई थी और लोग सर्दियों में खुले आसमान के नीचे रात बिताने को मजबूर हो गए थे।

## कुल्लू में उचित मूल्य की दुकानों में 50 रुपए में मिल रहा हिम मक्की का आटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य के किसानों से मक्की को खरीद कर व इस मक्की की पिसाई करवाकर पचास रुपए प्रति किलो की दर से जिला कुल्लू की उचित मूल्य की दुकानों पर हिम मक्की आटा उपलब्ध करवाया जा रहा है।

इस मक्की की विशेषता यह है कि यह प्राकृतिक एवं जैविक खेती द्वारा उगाया गया है। यह मक्की का आटा गलूटोन मुक्त एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर है, जोकि स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है। यह आटा एक किलो के पैक में उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके पीछे सरकार का उद्देश्य किसानों से उनके सरप्लस उत्पाद को क्रय कर उनकी आय को बढ़ाना तो है ही, इसके अलावा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देना है।

उपायुक्त द्वारा बताया गया कि जिला नियन्त्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग को निर्देश दिए गए कि वे जिला की सभी उचित मूल्य की दुकानों में हिम मक्की आटे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। जिला कुल्लू में इस समय कुल 116355 राशनकार्ड धारक हैं तथा 455 उचित मूल्य की दुकानें कार्यरत है।



## पार्बती पावर स्टेशन बिहाली पहुंचे केंद्र सरकार के विभाग प्रमुख



**अनंत ज्ञान, सैंज**

केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले राजभाषा विभाग के उत्तरी कार्यान्वयन कार्यालय के तहत नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कुल्लू-मनाली की दूसरी छमाही बैठक पार्वती पावर स्टेशन बिहाली में आयोजित की गई।

इस बैठक में पार्वती पावर स्टेशन बिहाली के ग्रुप महाप्रबंधक प्रभारी एवं नगर राजभाषा एवं कार्यान्वयन समिति कुल्लू मनाली के अध्यक्ष प्रकाश चंद ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज की। इस बैठक में कुल्लू-मनाली स्थित केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालय प्रमुखों और राजभाषा समन्वयकों ने भाग लिया। इस बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय से कुमार पाल शर्मा, संयुक्त निदेशक (कार्यान्वयन) भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करने से पहले प्रकाश चंद ने दीप ज्योति जला कर बैठक का शुभारंभ किया। नराकास की बैठक में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए गहन विचार-विमर्श किया गया।

**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही बैठक आयोजित**

केंद्र सरकार के विभिन्न विभागाध्यक्ष को गृह मंत्रालय राजभाषा से पधारे कुमार पाल शर्मा ने राजभाषा हिंदी की प्रगति हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। बैठक के दौरान प्रकाश चंद, अध्यक्ष, नराकास ने अपने सम्बोधन में सभी कार्यालयों से एक-साथ मिलकर राजभाषा कार्यान्वयन को उत्तरोतर गति देने का आग्रह किया। इस बैठक में, राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नराकास के सदस्य कार्यालयों को राजभाषा शील्ड पुरस्कार भी वितरित कर सम्मानित किया गया।

## केलांग में विधानसभा उपाध्यक्ष फहराएंगे तिरंगा

**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस मैदान केलांग में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समस्त कार्यालय अध्यक्षों के साथ उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में बैठक आयोजित की गई।



उपायुक्त ने तैयारियों के लिए सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निर्देश जारी किए। भव्य परेड में जिला पुलिस की टुकड़ी के अलावा गृह रक्षक, आईटीबीपी, वन विभाग व केंद्रीय विद्यालय की टुकड़ियां भाग लेंगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जिसमें सांस्कृतिक दल के अलावा शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे व मुख्य आकर्षण स्नो स्कल्पचरस रहेंगे।

**धूमधाम से मनाया जाएगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस**

खेलकूद प्रतियोगिता में पारंपरिक तीर अंदाजी के साथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल केलांग के आइस स्केटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। प्रदेश व केंद्र सरकार की विभिन्न विभागों के माध्यम से जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर प्रदर्शनियों के स्थानीय लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभागों से संबंधित विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के नाम की सूचियां समय पर भेजना सुनिश्चित करें। बैठक की कार्रवाई का संचालन एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## आपस में टकराए पैराग्लाइडर एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू में पैराग्लाइडिंग के दौरान हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला की गड़सा पैराग्लाइडिंग साइट में भी एक और हादसा पेश आया है। इस पैराग्लाइडिंग हादसे में एक पर्यटक की जान चली गई जबकि पैराग्लाइडर के पायलट को भी चोटें आईं, जिसे इलाज के लिए पीजीआई चंडीगढ़ भेजा गया है। यह हादसा उस समय पेश आया जब 2 पैराग्लाइडर आपस में टकरा गए। हादसे में मारे गए पर्यटक की पहचान 28 वर्षीय जयेश राम पुत्र स्व. एनबी आनंद निवासी 3/846 विग्नेश्वर नगर, 4थी स्ट्रीट वीरापंडी रैलाडोम रोड त्रिपुरा, तमिलनाडु के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार जयेश अपने दोस्तों के साथ कुल्लू घूमने आया था। हादसे के समय वह अपने पायलट के साथ उड़ान भर रहा था। अचानक दोनों पैराग्लाइडर आपस में टकरा गए, जिसके परिणामस्वरूप जयेश की मौत हो गई और पायलट गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति अश्वनी कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार निवासी डब्ल्यू नं. 3, डाकघर गड़सा तहसील भुंतर जिला कुल्लू से है। वहीं, हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और घटना की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री राजकीय अस्पताल में कराया गया है। इस संबंध में थाना भुंतर में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

**सहायता** कारसेवा संस्था बीमार व जरूरतमंद की मदद के लिए आई आगे

## पीजीआई चंडीगढ़ के लिए देंगे निशुल्क एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू की समाजसेवी कार सेवा दल संस्था एक बीमार व जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आई है। संस्था के अध्यक्ष मनदीप सिंह डांग ने बताया कि मंडी जिला के पधर निवासी राजेंद्र पर बीते दिसंबर महीने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हमला किया गया। जिससे उन्हें काफी गंभीर चोटें आई। उसके बाद डॉक्टरों द्वारा इन्हें चंडीगढ़ रेफर किया गया। जहां पर इनका ट्रीटमेंट लगातार हो रहा है।




बीच में उन्हें नर्सिंग केयर के लिए क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के लिए रेफर कर दिया गया। राजेंद्र का बेटा राहुल जो कि मनाली में किसी निजी होटल में काम करता है ने नौकरी छोड़कर अपने पिता की देखभाल शुरू कर दी। घर में इनके अलावा कमाने वाला कोई नहीं है। उनकी दवाइयों का खर्चा भी लगभग एक दिन का 1000 रुपए के करीब आता है। इसलिए इनका बेटा राहुल अपनी समस्या को लेकर कार सेवा दल संस्था के कार्यालय में पहुंचा। उसने संस्था के सेवादारों को बताया कि उसे अपने पिता के इलाज के लिए चंडीगढ़ जाना है। परंतु उसके पास आने-जाने के लिए कोई भी सुविधा नहीं है।

आर्थिक तंगी के कारण वह प्राइवेट एंबुलेंस भी नहीं कर सकता। संस्था द्वारा उसकी समस्या को देखते हुए उस पर तुरंत कार्रवाई शुरू की गई और राहुल को आप सभी के सहयोग से कुल्लू से चंडीगढ़ पीजीआई आने-जाने की सुविधा के लिए कार सेवा दल संस्था की एम्बुलेंस सहयोग के तौर पर दी गई और उनकी आर्थिक तंगी को देखते हुए उन्हें हर महीने दवाइयों की मदद भी दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिगा से यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महिला थाने में शिकायतकर्ता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी बेटी जिसकी उम्र 16 वर्ष है, 14 जनवरी को घर से बिना बताए कहीं चली गई है, लेकिन तलाश करने पर भी कहीं नहीं मिली, जिस पर महिला थाना सोलन में अपहरण की धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले की जांच के दौरान महिला थाना सोलन की पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए गुम हुई नाबालिगा को बरामद करके उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। नाबालिगा का चिकित्सा परीक्षण करवाया गया और उससे पूछताछ की गई। जांच के दौरान पाया गया कि पीड़िता के साथ यौन शोषण भी हुआ है, जिस पर उक्त मामले में यौन शोषण की धारा 64 बीएनएस व 4 पोक्सो एक्ट दर्ज की गई तथा उक्त वारदात में संलिप्त आरोपी अक्षय कुमार (21) पुत्र गोपाल सिंह निवासी रामशहर जिला सोलन को शुक्रवार को महिला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।



### देवठी मझगांव में हाटी समिति की बैठक संपन्न



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हाटी समिति तहसील यूनिट नौहरी-पझोता (रासुमांडर) की एक बैठक देवठी मझगांव में इकाई के अध्यक्ष रमेश मेहता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पधारी विधानसभा सरैक सहित करीब 50 सदस्यों ने भाग लिया। मेहता ने बताया कि बैठक में सहयोग राशि एकत्र करने, पंचायत स्तर पर हाटी समितियों का गठन करने, महिलाओं और युवाओं को हाटी समिति से जोड़ने के लिए सदस्य बनाने, बैंक में हाटी यूनिट का एक बचत खाता खोलने तथा क्षेत्र में सभी जाति समुदायों के बीच आपसी सद्भाव बनाए रखने पर गहनता से विचार-विमर्श किया गया, जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रयास करने के लिए सहमति व्यक्त की। बैठक में यूनिट के उपाध्यक्ष नेत्र सिंह ठाकुर, दलीप सिंह ठाकुर, मानसिंह जी, प्रवक्ता जगमोहन मेहता, राजेश भंडारी सचिव सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

### ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए 50 साइटें चयनित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पहले चरण में वन विभाग की 50 साइटों का चयन किया है। इन्हें विकसित करने के लिए सरकार जल्द टेंडर करेगी। इस वर्ष सरकार का ईको टूरिज्म से 200 करोड़ रुपये का राजस्व एकत्रित करने का लक्ष्य है। सरकार ईको टूरिज्म के तहत वन विभाग के विभिन्न विश्राम गृहों को अपग्रेड करने जा रही है। इसको लेकर हट निर्माण के अलावा ट्रैकिंग, कैंपिंग साइटों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। शुरुआती चरण में कुल्लू, मंडी, सिरमौर, कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा आदि जिलों से विभाग की ऐसी 50 साइटों का चयन किया गया है, जहां पर्यटन की अधिक संभावनाएं हैं। इन साइटों को विकसित करने के लिए जल्द टेंडर किए जाएंगे। इसके तहत पर्यटकों को दी जाने वाली सुविधाओं को बढ़ाया जाएगा।



### राजगढ़ में तेंदुए की दहशत, लोग सहमे

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** नगर पंचायत राजगढ़ के वार्ड नंबर एक, पांच और सात के अतिरिक्त ग्राम पंचायत शलाना के कड़ीयूट इत्यादि क्षेत्रों में स्थानीय लोगों द्वारा तेंदुएं को घूमते देखा गया है। जिससे लोगों में भयावह की स्थिति बनी हुई है। वन मंडल अधिकारी राजगढ़ समीर राज ने एडवायजरी जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति सांयकाल के बाद अकेले घर के बाहर न जाएं। रात्रि होने से पहले अपने मवेशियों को उचित समय पर गोशाला में बंद कर दें। अपने घर के खिड़की व दरवाजे भी सायंकाल के उपरांत बंद कर दें, ताकि तेंदुआ किसी व्यक्ति को न झपट ले। वन विभाग के एक कर्मचारी का कहना है कि वन मंडल कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी तेंदुआ घूमते हुए नजर आया है। इसी प्रकार कड़ीयूट वार्ड नंबर सात के पायलन में भी स्थानीय लोगों द्वारा तेंदुए को देखा गया है।

### जिला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** ज़िला परिषद सोलन की त्रैमासिक बैठक 21 जनवरी को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी ज़िला परिषद सोलन के सचिव जोगिंद्र प्रकाश राणा ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक प्रातः 11 बजे जिला परिषद भवन सपरुन के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी।

# प्रदेश में पेड़ कटान पर प्रतिबंध का असर दोगुने हुए श्मशान की लकड़ी के दाम

## सोलन के शमशानघाट में शवदाह के लिए पहले चुकानी होगी दोगुने रकम

**आर मोहन चौहान, सोलन**



प्रदेश में पेड़ कटान पर लगे प्रतिबंध का असर अब मोक्षधाम में भी दिखने लगा है। दरअसल पेड़ कटान पर प्रतिबंध लगने से वन निगम की लकड़ी भी महंगी हो गई है। इसका असर शहरी क्षेत्रों के मोक्षधाम यानी श्मशानघाट में भी देखने को मिला है। अब नगर निगम सोलन टेंडर कर ठेकेदार से श्मशान की लकड़ी खरीदता है, लेकिन पेड़ कटान में लगे प्रतिबंध के बाद ठेकेदार ने सप्लाई बंद कर दी है। ऐसे में अब श्मशानघाट में शवदहन करना महंगा हो जाएगा। इसका सीधा असर जनमानस पर पड़ेगा।

जानकारी के मुताबिक सोलन के चंबाघाट स्थित श्मशानघाट में पहले एक ठेकेदार करीब 540 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से लकड़ियां उपलब्ध करवाता था, पर कटान पर प्रतिबंध लगाने के बाद ठेकेदार ने सप्लाई बंद कर दी है। अब नगर निगम वन विभाग से लकड़ियां खरीद रहा है, लेकिन लकड़ी के दाम में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी की है। लिहाजा अब सोलन नगर निगम शहर के चंबाघाट स्थित श्मशानघाट में डिपो की लकड़ी महंगी कर सकता है। फिलहाल वन विभाग लगभग 1140 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से नगर निगम को लकड़ियां दे रहा है। जो कि ठेकेदार के मुकाबले बहुत ज्यादा है।

ऐसे में चंबाघाट में श्मशानघाट में शव दहन करने में पहले से दोगुने दाम चुकाने पड़ेंगे। हालांकि, कई लोगों का यह भी मानना है कि सरकार यदि कई प्रकार की लकड़ियों से बैन हटा दे तो फिर एक बार ठेकेदार लकड़ियां सप्लाई करना शुरू कर देगा। इस बीच लकड़ियों के रेट में हुए डबल इजाफे से नगर निगम भी परेशान है।

चंबाघाट स्थित श्मशानघाट में अब भी शव दहन महंगा है। यहां करीब एक शव जलाने के लिए लगभग 6 से 7 क्विंटल लकड़ी लगती है। जिसकी कीमत 650 रुपए क्विंटल के हिसाब से लगभग 5200 रुपए आती है। चंबाघाट में लगभग रोजाना तीन से चार शव जलाने के लिए लाए जाते है। प्रदेश सरकार द्वारा सफेदा, खैर, पपलर और बांस के अलावा सभी प्रकार की लकड़ियों पर बैन लगा दिया गया है। मुसीबत यह है कि यह सभी लकड़ियां महंगे दामों पर मिलती है। लिहाजा ठेकेदार इसे प्रोवाइड करवाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है, इसलिए ठेकेदार ने अपनी सप्लाई बंद कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### श्मशानघाट में लकड़ी की कमी

**प्रदेश** सरकार द्वारा लकड़ी काटने पर लगाए गए प्रतिबंध के चलते सोलन के श्मशानघाट में लकड़ी की आपूर्ति ठप हो गई है। इस गंभीर समस्या के कारण नगर निगम को आनन-फानन में वन विभाग से लकड़ी का प्रबंध करना पड़ा। नगर निगम के अनुसार फिलहाल ढाई सौ क्विंटल लक्कड़ वन विभाग से मांगी गई है। जल्द ही ओर लकड़ियों को मागवाने पर भी निगम विचार कर रहा है।

### लकड़ी की कमी नहीं : कमिश्नर

**नगर** निगम कमिश्नर एकता कापटा ने बताया कि ठेकेदारों ने सरकार के प्रतिबंध के कारण लकड़ी की आपूर्ति बंद कर दी है। पहले ठेकेदार 540 रुपए प्रति क्विंटल के दर से लकड़ी सप्लाई कर रहे थे, लेकिन अब वन विभाग 1140 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से लकड़ी उपलब्ध करवा रहा है। इस दोगुने मूल्य के चलते अंतिम संस्कार के लिए निर्धन परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि निगम की पूरी कोशिश है कि शमशानघाट में लकड़ियों की कमी न आए।

## ट्रक मालिक से नकदी और चाबियां लूटने का एक और आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**



पुलिस थाना परमाणु की टीम ने हिमाचल-हरियाणा सीमा पर मंडी निवासी ट्रक मालिक से नकदी व ट्रक की चाबियां लूटने की वारदात में संलिप्त एक अन्य आरोपी रणजीत (22) पुत्र मोहन निवासी गुमला झारखंड को तकनीकी विश्लेषण और जांच के आधार पर परमाणु से गिरफ्तार किया है।

जांच के दौरान पाया गया है कि यह आरोपी अपने माता-पिता, जो एक प्राइवेट फैक्टरी में काम करते हैं, के साथ पिछले काफी समय से परमाणु में ही रहता है तथा कोई भी काम-धंधा नहीं करता है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके इसका 4 दिन पुलिस हिरासत रिमांड हासिल किया गया है। इसके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। अभियोग का अन्वेषण जारी है गिरोह के एक सदस्य को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

बता दें मंडी के करसोग निवासी हिमेंद्र कुमार ने परवाणू पुलिस थाने में दी गई तहरीर में 15 जनवरी को बताया था कि वह अपने अपने ट्रक संख्या एचपी 07ई-5768 को लेकर तत्तापानी से हरियाणा के कालका स्थित चरनियां में ईंट खरीदने के लिए जा रहे थे, तो दिन में सवा 12 बजे के लगभग जब यह टिपरा के नजदीक हिमाचल की सीमा में लघुशंका के लिए रुके।

इसी दौरान 2 लड़के पहले एक बाइक नंबर एचआर 49 के-9706 पर सवार होकर उनके पास पहुंचे। देखते ही देखते इसी समय सड़क के किनारे अपनी बाइक के साथ खड़े दो अन्य लड़के भी इनके ट्रक के पास आ गए। इनमें से दो लड़कों ने हिमेंद्र को धक्का मारकर पकड़ लिया व अन्य दो ने गाड़ी के अंदर रखे इनके पर्स से 12,400 रुपए निकाल लिए। इस बीच युवकों ने ट्रक की चाबी निकाल ली।

## तुरंत सुलझें क्राइम के मामले : एसपी

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



पुलिस जिला बद्दी की मासिक अपराध समीक्षा बैठक और पुलिस कल्याण बैठक का आयोजन पुलिस अधीक्षक बद्दी विनोद धीमान की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों, थाना प्रभारियों और अन्य पुलिस इकाई प्रमुखों ने हिस्सा लिया। अपराध समीक्षा बैठक में विगत माह हुए गंभीर अपराधों अनसुलझे मामलों की प्रगति पर चर्चा की गई, त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए, जिले में चल रहे नशा मुक्त अभियान की समीक्षा की गई। ड्रग तस्करों पर कड़ी, जनजागरूकता अभियान तेज करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों के सख्त पालन पर जोर दिया गया और विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त जिन मुकदमों मे जांच लंबित है उन्हे जल्द से जल्द निपटाने के आदेश दिए गए व मुकदमों मे जब्त किया गया माल मुकदमा को निपटाने बारे आदेश दिए गए। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करने की अपील की।

## सीमेंट के दाम बढ़ाकर सुक्खू सरकार ने लोगों को दिया महंगाई का तोहफा : मेलाराम शर्मा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर महंगाई बढ़ाकर गरीबों को पर अत्याचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने प्रदेश में एक महीने के अंतराल में ही सीमेंट के दाम दो बार बढ़ा दिए हैं, जिससे महंगाई की मार झेल रहे गरीबों का जीवन बहुत दूभर हो गया है।

उन्होंने कहा कि डिपो में सस्ता राशन उपलब्ध न होने के कारण प्रदेश की जनता महंगाई की मार से पहले ही त्रस्त है और अब सरकार ने सीमेंट के दामों में एक महीने में ही दूसरी बार बढ़ोतरी करके आम लोगों की कमर तोड़ दी है। प्रदेश की सुक्खू सरकार मात्र मित्र मंडली की सरकार बनकर रह गई है और आम जनता की सुध लेने वाला इस सरकार में कोई नहीं है।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आर्थिक दिवालियापन के कारण कर्मचारियों और पेंशनधारकों को महंगाई भत्ते की बकाया राशि दबाकर बैठ गई है और पिछले लगभग ढाई वर्षों के दौरान इस सरकार के उदासीन रवैया के कारण अनेक सेवानिवृत्ति कर्मचारी और अधिकारी अपना बकाया लिए बिना ही स्वर्ग सिधार चुके हैं। यह सरकार पेंशनधारियों के लाखों रुपए के बकाए पर कुंडली मारकर बैठ गई है। सुक्खू सरकार अपने मित्र मंडली को आम जनता का पैसा लूटाने में व्यस्त है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश का बेरोजगार युवा पिछले दो वर्षों से कांग्रेस सरकार के वायदे के अनुसार हर वर्ष 100000 नौकरियां उपलब्ध कराने के झूठे वादे से परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार को तुरंत विभिन्न खाली पदों के लिए बेरोजगार युवाओं द्वारा दी गई परीक्षाओं के परिणाम घोषित करने चाहिए ताकि युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो सके।

## अक्षिमा ने हिमाचल का नाम किया रोशन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब में जन्मी अक्षिमा क्लेयर गिल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा पांवटा साहिब के गुरु नानक मिशन पब्लिक स्कूल से ली, तत्पश्चात हिमाचल प्रदेश की प्रतिष्ठित शूलिनी यूनिवर्सिटी से फूड टेक्नोलॉजी में बी-टेक की डिग्री लेने के बाद पंजाब की कुछ प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी सेवाएं देने के पश्चात इंग्लैंड की बहु-प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी में मास्टर डिग्री के लिए आवेदन किया। प्रतिस्पर्धा बहुत कठिन थी पूरे विश्व भर से कई देशों से अति विद्वान छात्र-छात्राएं इस विश्वविद्यालय का रुख करते हैं स्पर्धाएं कितनी भी कठिन हो किंतु हिम्मत न हारते हुए अक्षिमा क्लेयर गिल ने न सिर्फ दाखिला हासिल किया उपरांत उसके अति कठिन प्रतिस्पर्धा में अपना जौहर दिखाते हुए जहां पर अनेक विदेशी छात्र-छात्राओं के बीच मेरिट में अपना नाम दाखिल करने में सफलता हासिल की।

अक्षिमा एक मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखती है, उसकी माता डोरिस गिल एक निजी स्कूल में शिक्षिका है। वहीं उनके पिता अक्षय गिल राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कार्यरत हैं व बॉलीवुड में भी अपनी दस्तक दे चुके हैं।

## पार्क की कार के चारों टायर चोरी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने एनएच-5 पर पार्क कार के टायर चोरी होने दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक फूलचंद पुत्र गुलाब सिंह गांव कलोल, जिला सोलन ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह अपनी गाड़ी नंबर एचपी64सी 0656 को घर के साथ एनएच-5 सड़क पर खड़ा किया था, 16 जनवरी की मध्य रात्रि को अज्ञात व्यक्ति इसकी कार के चारों टायर चोरी कर ले गया तथा कार को सीमेंट पत्थर के ऊपर खड़ा कर दिया। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग अधीन धारा 303(2) भारतीय दंड संहिता में पंजीकृत करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पार्क से ब्लैक स्पॉट हटाने के विधायक सोलंकी ने दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, नाहन**

बिरोजा फैक्टरी नाहन एनएच 907-ए के साथ लगते नाले पर बनाए जा रहे पार्क का विधायक अजय सोलंकी ने निरीक्षण किया। विधायक ने मोड़ पर ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही बाउंड्रीवॉल को ब्लैक स्पॉट करार देते हुए हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि तीखे मोड़ पर ऊंची की गई दीवार दुर्घटना का कारण बन सकती है। बताना जरूरी है कि बिरोजा फैक्टरी से नाहन की और गंदे नाले के करीब 80 मीटर एरिया को कवर कर एक सुंदर पार्क बनाया जा रहा है। इस पार्क के निर्माण को लेकर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड से करीब एक करोड़ 11 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे। पार्क के निर्माण को लेकर 84 लाख का टेंडर अतिन बंसल को कंस्ट्रक्शन के लिए दिया गया है। नाहन नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि 84 लाख के अलावा जो पैसा है उस पार्क का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं, सड़क सुरक्षा क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र तोमर ने बताया कि पीछे मोड़ पर पाक को कवर करने के लिए बनाई गई बाउंड्री एकदम तीखे मोड़ पर थी। उन्होंने बताया कि इस बाउंड्री के कारण यहां एक बड़ा ब्लैक स्पॉट बन गया था, जिसकी बाबत विधायक अजय सोलंकी को अवगत कराया गया। विधायक के द्वारा शनिवार स्पॉट निरीक्षण करते हुए ब्लैक स्पॉट को दुरुस्त करने के आदेश दिए।

वहीं, विधायक ने नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के विकास को लेकर जो बजट उनके द्वारा स्वीकृत करवाया गया है, उसे जल्द से जल्द शहर के रुके हुए विकास कार्यों में खर्च किया जाए। उन्होंने कहा कि फिलहाल इस पार्क का नाम कारण नहीं किया गया है, बावजूद इसके नाहन की एक बड़ी शख्सियत रही स्वर्गीय श्याम शर्मा को सम्मान देते हुए उनके नाम पर पार्क का नामकरण किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

## सरकार के विरोध में उतरी ठेकेदार एसोसिएशन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

ठेकेदार एसोसिएशन राजगढ़ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। साथ ही जल्द समस्याओं का समाधान न होने की स्थिति में धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दे डाली है।

शनिवार को ठेकेदार एसोसिएशन राजगढ़ ने लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता के माध्यम से सचिव लोक निमार्ण विभाग को एक ज्ञापन भेजा गया। जिसमें कहा गया कि पिछले लगभग तीन महीनों से सरकार ने कोषागार को अघोषित बंद किया हुआ है। जिससे ठेकेदारों व अन्य लोगों के बिलों के भुगतान नहीं हो पा रहे है। हालांकि, विभाग बिलों को पास करके कोषागार को भेज रहा है। कोषागार ने पहले इन बिलों को अपने पास होल्ड रखा और अब इन बिलों को वापस विभागों को भेज दिया गया है। ठेकेदारों ने इस बाबत विरोध प्रकट करते हुए कहा कि उनके भुगतान न होने की वजह से खरीदे गए सीमेंट, स्टील, रेत, बजरी, पेट्रोल पंप सहित अन्य सामानों का भुगतान नहीं हो पा रहा है व लेबर की पेमेंट न होने की वजह से उन्हें दो वक्त की रोटी जुटा पाना मुश्किल हो गया है। ठेकेदारों ने कहा कि आज तक के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है।



लोक निर्माण विभाग के सचिव को ज्ञापन भेजते ठेकेदार।

सरकार के विकास के पहियों को ठेकेदार गति देते हैं, ठेकेदार अपने लाखों करोड़ों रुपए लगा कर सरकार के कार्यों को गति देते है, लेकिन सरकार उसका भुगतान न करके हजारों ठेकेदारों के साथ अन्याय कर रही है। ठेकेदार एसोसिएशन ने कहा कि सभी ठेकेदारों ने कार्यों को बंद करने का निर्णय लिया है। यदि शीघ्र ही ठेकेदारों का भुगतान नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन करके सरकार के नुमाइंदों व अधिकारियों का घेराव करेंगे।

## समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका अहम : वीरेंद्र

**अनंत ज्ञान, नाहन**

अधिवक्ता परिषद हिमाचल प्रदेश जिला सिरमौर (नाहन) इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवा अधिवक्ता दिवस के रूप में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह न्यायाधीश हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिन्होंने 'समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका' विषय पर अपना संबोधन दिया। उनके साथ जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिरमौर (नाहन) हंसराज विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका पर संबोधन दिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री रणबीर सिंह खरकाली ने अधिवक्ता परिषद के विजन और मिशन पर श्रोताओं को संबोधित किया। बार एसोसिएशन सिरमौर (नाहन) के अध्यक्ष अधिवक्ता अमित अत्री ने भी समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका पर अपने विचार रखे।




समारोह में उपस्थित मुख्यातिथि व अन्य।

इस अवसर पर अधिवक्ता परिषद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अधिवक्ता अविनाश शर्मा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारी, जिला सिरमौर के विभिन्न बार एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य और युवा सदस्य शामिल हुए।

स्वागत भाषण अधिवक्ता परिषद हिमाचल प्रदेश की नाहन इकाई के मंत्री युवा अधिवक्ता करुणेंद्र सिंह ने दिया। धन्यवाद प्रस्ताव अधिवक्ता परिषद हिमाचल प्रदेश नाहन इकाई की महामंत्री, अधिवक्ता चंद्रेश कुमारी ने दिया। मंच का संचालन अधिवक्ता परिषद की नाहन इकाई की उपाध्यक्ष अधिवक्ता देवयानी चंदेल और मंत्री अधिवक्ता जगदेव शर्मा ने किया। युवा अधिवक्ताओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद की पुस्तक हिज कॉल टू यूथ ऑफ नेशन भी सभी उपस्थित प्रतिभागियों को वितरित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील अत्री, टी आर शर्मा, सुरेंद्र सिंह, अभयकांत, राजेश ठाकुर, सुनील ठाकुर आदि मौजूद रहे।

**खुशखबरी** लोक निर्माण विभाग और स्वास्थ्य मंत्री करेंगे योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन

# सोलन शहर को आज मिलेंगी चार करोड़ की सौगात

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन को रविवार को करोड़ों रुपए की सौगात मिलेगी। जब लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह और स्वास्थ्य मंत्री मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। पहले यह कार्यक्रम 27 दिसंबर 2024 को होना था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के चलते यह टल गया।

जानकारी के मुताबिक करीब चार करोड़ रुपए की विकासात्मक योजनाओं को लोगों को समर्पित किया जाएगा। कई नई योजनाएं निगम शुरू करवाने जा रहा है। इसमें सबसे बड़ा उद्घाटन ओपन एयर थियेटर का है। इसका आगामी दिनों में युवाओं को इसका फायदा मिलेगा। शहर का पहला थियेटर बनकर तैयार हो गया है। इस पर करीब 21.45 लाख रुपए खर्च हुए हैं।

नगर निगम कई योजनाओं के उद्घाटन करवाएगा। इसमें वार्ड आठ में 10.83 लाख रुपए की लागत से जौणाजी रोड से धाली-नड़ोह तक सड़क का निर्माण, वार्ड 14 में 8.08 लाख रुपए की लागत से ओल्ड पिकअप यूनियन स्टैंड बाईपास सोलन पर पार्किंग का निर्माण, सपरून बाईपास पर 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले पैदल रास्ते का शिलान्यास भी किया जाना है।



डॉ. धनीराम शांडिल

विक्रमादित्य सिंह

मुख्य जल भंडारण टैंक की छत पर करीब 43.63 लाख रुपए, वार्ड छह में 21.45 लाख रुपए की लागत से जवाहर पार्क में बने ओपन एयर थियेटर, वार्ड आठ में करीब 18.23 लाख रुपए से नड़ोह में इंटरलॉक टाइल, प्राइमरी स्कूल नड़ोह स्कूल की ओर ड्रेन का निर्माण, वार्ड आठ में करीब पांच लाख रुपए से नड़ोह रोड पर लोहे की सीढियां, वार्ड-10 में 9.76 लाख रुपए की लागत से कोटला नाला से डाइट तक पेवर ब्लॉक और वार्ड 12 में 7.19 लाख रुपए की लागत से सन्नी साइड पार्क से गेरा हाउस तक एंबुलेंस रोड की रिपेयर शामिल है।

इसके अलावा छह नई विकास योजनाओं के शिलान्यास होंगे जिनके निर्माण पर करीब 2.50 करोड़ रुपए खर्च होंगे। वार्ड 10 के चौड़ीघाटी में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जल भंडारण टैंक का शिलान्यास किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कुशासन ने नगर निगम को बनाया कंगाल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी के चंडीगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर चंडीगढ़ नगर निगम को



कंगाल बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस अनैतिक गठबंधन के कुशासन ने शहर का विकास ठप कर दिया है। देवशाली ने कहा कि इस ठगबंधन की गलत नीतियों के कारण जहां एक ओर शहर की जनता टूटी हुई सड़कों, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों और स्थान-स्थान पर लगे कूड़े के ढेरों से परेशान है तो वहीं नगर निगम गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यहां तक नौबत पहुंच चुकी है कि निगम के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं। खबरें तो यहां तक आ रही हैं कि चंडीगढ़ नगर निगम द्वारा वेतन भुगतान हेतु ऋण लेने की भी तैयारी की जा रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के एक साल के कार्यकाल में ही नगर निगम का आर्थिक ढांचा ध्वस्त हो गया है।
देवशाली ने कहा ऐसा प्रतीत होता है कि आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन के महापौर और अन्य नेता शहरवासियों और चंडीगढ़ नगर निगम के हित की चिंता करने के बजाय अपना और अपनों का हित साधने में ही जुटे रहे और परिणामस्वरूप नगर निगम कंगाल हो गया।

### पुण्य स्मृति पर पत्रिका का विमोचन आज

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** श्री केदार बद्री ब्राह्मण सभा 19 जनवरी को जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री माधवाश्रम जी महाराज (ज्योतिष्पीठाधीश्वर) की पुण्य स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरूप विशेष पत्रिका का विमोचन करने जा रही है। यह कार्यक्रम चंडीगढ़ के गढ़वाल भवन, सेक्टर 29 में आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्यातिथि श्री गुग्गामाड़ी मंदिर सेक्टर-20 के अध्यक्ष पं. किशोरी लाल बडोनी होंगे। पत्रिका का विमोचन आचार्य उपेन्द्र बेंजवाल के करकमलों से होगा। सभा के प्रधान डॉ. नंदकिशोर भट्ट ने बताया कि इस दौरान गढ़वाल (उत्तराखंड) के सुप्रसिद्ध लोकगायक विवेक नौटियाल और पूनम सती सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुति भी देंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन 2:30 बजे से सायं 6:30 बजे तक होगा।

### राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से होटल इंडस्ट्री झूमी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** राष्ट्रीय खेलों से खेल विकास की प्रबल संभावनाओं के बीच होटल इंडस्ट्री भी झूम उठी है। दून-हरिद्वार से लेकर खटीमा-पिथौरागढ़ तक के होटल राष्ट्रीय खेलों के लिए आरक्षित हो गए हैं। उत्तराखंड के 12 शहरों में खिलाड़ियों और अन्य तमाम लोगों को रूकवाने की व्यवस्था की गई है। होटल इंडस्ट्री की बेहतरी के लिए इस स्थिति को शुभ संकेत माना जा रहा है। उत्तराखंड के होटल कारोबारी उत्साहित हैं। तात्कालिक लाभ तो उन्हें मिल ही रहा है, दीर्घकालिक लाभ की भी वे उम्मीद कर रहे हैं। 38वें राष्ट्रीय खेलों में दस हजार से ज्यादा खिलाड़ी उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। खेलों से संबंधित अन्य अफसर व स्टाफ अलग हैं। इन सभी के लिए राष्ट्रीय खेल सचिवालय के स्तर पर होटलों में रूकने का इंतजाम कराया गया है। इसके अलावा, जिस तरह की सूचनाएं मिल रही हैं, उसमें खिलाड़ियों के रिश्तेदार व अन्य लोग भी अपने स्तर से होटलों में कमरों की बुकिंग करा रहे हैं।

### भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर : गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वाहन उद्योग में अब तक सर्वाधिक 4.5 करोड़ रोजगार पैदा होने का जिक्र करते हुए



शनिवार को कहा कि भारत का वाहन उद्योग अगले पांच साल में दुनिया में पहले स्थान पर होगा। गडकरी ने कहा कि भारतीय वाहनों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है। भारतीय वाहन उद्योग का आकार अब 22 लाख करोड़ रुपये का है। मुझे पूरा विश्वास है कि पांच साल के भीतर भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में नंबर एक बन जाएगा। वर्तमान में अमेरिकी वाहन उद्योग का आकार 78 लाख करोड़ रुपए है, इसके बाद चीन (47 लाख करोड़) और भारत (22 लाख करोड़ रुपए) का स्थान आता है। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने 2014 में परिवहन मंत्रालय का कार्यभार संभाला था, तब वाहन उद्योग का आकार 7.5 लाख करोड़ रुपए था जो अब बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपए हो चुका है। वाहन उद्योग ने अब तक 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा की हैं, जो देश में सबसे अधिक हैं। वाहन उद्योग राज्य सरकार और भारत सरकार को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के हिस्से के रूप में अधिकतम राजस्व भी दे रहा है।

### दिल्ली में घना कोहरा, 47 ट्रेंनों के परिचालन में देरी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कुछ बाहरी इलाकों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता काफी कम हो गई और 47 रेलगाड़ियों के परिचालन में देरी हुई। भारतीय रेलवे के अनुसार, राजधानी में कोहरे के कारण सुबह छह बजे तक 47 रेलगाड़ियां देरी से चल रही थीं। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 247 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से 2.6 डिग्री अधिक है। आईएमडी ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने तथा अधिकतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना व्यक्त की है।

### 12 डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद कथित तौर पर 'एक्सपायर्ड' 'इंट्रावीनस फ्लूड' दिए जाने के कारण एक महिला की मौत के मामले में निलंबित किए गए 12 चिकित्सकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि छह स्नातकोत्तर प्रशिक्षुओं सहित चिकित्सकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है जो जीवन को खतरे में डालने और लोक सेवकों की ओर से दूसरों को चोट पहुचाने से संबंधित हैं।

### साउथ सूडान में हिंसा को रोकने को लगाया रात्रि कर्फ्यू



**जुबा।** साउथ सूडान की राजधानी जुबा में सूडानी कारोबारियों के प्रतिष्ठानों में लूटपाट और हिंसा के बाद पूरे देश में रात्रि कर्फ्यू लगाया है। पुलिस प्रमुख जनरल अब्राहम मन्युयात ने कहा कि जुबा और अन्य प्रमुख शहरों में लूटपाट की घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे से सुबह तक कर्फ्यू लागू रहेगा। अब व्यापारियों को दुकानें शाम पांच बजे तक बंद करनी होंगी। सरकारी टेलीविजन पर मन्युयात ने कहा किहम सभी बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखेंगे।

# चंडीगढ़ में 8 गोदाम जले, मार्बल मार्केट में भी फैली आग

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के धनास के पास सारंगपुर में भीषण आग लगने का मामला सामने आया है। आग में आठ गोदाम जलकर राख हो गए। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

**हादसे के कारणों की जांच जारी**

सारंगपुर में कई मार्बल और टाइल की दुकानें भी इस आग की चपेट में आई हैं। आग पर काबू पा लिया गया है। फर्नीचर मार्केट के गोदामों में आग लग गई, जिसमें करीब 8 दुकानें जलीं है। दमकल विभाग को सुबह 6.55 बजे पहली सूचना मिली। आग बुझाने के लिए सेक्टर 11, 17, 38 और इंडस्ट्रियल एरिया से 6 गाड़ियां पहुंचीं।

उन्होंने करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आग में कोई हताहत नहीं हुआ। बाकी फर्नीचर और मार्बल की दुकानें सुरक्षित हैं।

## डल्लेवाल के समर्थन में 10 और किसान बैठे आमरण अनशन पर

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** किसानों की विभिन्न मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ एकजुटता दिखाते हुए खनौरी आंदोलन स्थल पर 10 और किसान आमरण अनशन पर बैठ गए हैं।
डल्लेवाल के अलावा पंजाब के 111 किसान पिछले तीन दिन से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे हैं।

पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी बॉर्डर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि हरियाणा के हिसार, सोनीपत, पानीपत और जींद जिलों के 10 किसानों ने आमरण अनशन शुरू किया।

किसान नेता ने कहा, 'आज देश का किसान डल्लेवाल जी के दिखाए रास्ते पर चलकर अपना बलिदान देने के लिए तैयार है। देश का किसान समझता है कि डल्लेवाल अपनी जमीन, खेती और आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए 54 दिन से भूख हड़ताल पर हैं। हम सब उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।''

## सेवा भारती ने हजारों थैले, थालियां और गिलास प्रयागराज के लिए भेजे



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरित कुंभ अभियान के तहत चंडीगढ़ सेवा भारती की तरफ से थैले, थाली और गिलास की सेवा हरित कुंभ के तहत 'एक थैला एक थाली' अभियान में हरियावल पंजाब के सहयोग में सेवा भारती चंडीगढ़ की तरफ से 4000 थैले, 4000 थालियां और 4000 गिलास की विधिवत पूजन कार्यक्रम के बाद सेवा धाम, सेक्टर 29 की तरफ से तीर्थ प्रयागराज में भेजे गए।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ को प्रदूषण मुक्त, कचरा मुक्त और पर्यावरण मुक्त बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के लिए मार्ग हरियावल पंजाब दर्शन में एक थैला एक थाली अभियान चलाया गया है ताकि महाकुंभ परिसर प्लास्टिक के कचरे से मुक्त रहे।

सेवा भारती चंडीगढ़ के प्रधान राजेन्द्र जैन ने बताया कि अभी तक हरियावल पंजाब की ओर से 27,000 थाली, 16,500 गिलास और 20,000 थैले भेजे जा चुके है और 40,000 थैले भेजने की योजना है।

इस पहल से पर्यावरण के संरक्षण ओर संबर्धन के प्रति श्रद्धालुओं में जागरूकता और समर्पण की भावना आएगी। पर्यावरण मित्र भी अपनी सेवाएं महा कुंभ में जाकर दे रहे हैं और लोगों को जागरूक कर हैं।

## पीजीआई चंडीगढ़ में शुरू हुई नई उम्मीद की वर्कशॉप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ के पीजीआई में आज एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। एशिया-प्रशांत क्षेत्र की पहली ऑडिटरी ब्रेनस्टेम इंप्लांट वर्कशॉप की शुरुआत हुई, जहां देश-विदेश के शीर्ष विशेषज्ञ एक मंच पर आए। यह वर्कशॉप सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सुनने की गंभीर समस्या से जूझ रहे मरीजों के लिए एक उम्मीद की नई किरण है।

क्या आपने सोचा है कि जो लोग जन्म से सुनने में असमर्थ हैं, उनकी दुनिया कैसी होती है? खासतौर पर तब, जब कोक्लियर इंप्लांट भी उनके लिए बेकार साबित हो, लेकिन अब चमत्कार का नाम है ऑडिटरी ब्रेनस्टेम इंप्लांट। यह



तकनीक उन मरीजों के लिए तैयार की गई है, जिनकी सुनने की नसें या कान का कोक्लिया काम नहीं करते। ऐसे मरीज, जिनके लिए पहले कोई इलाज संभव नहीं था, अब इस तकनीक की बदौलत सुन सकेंगे।

वर्कशॉप के आयोजन अध्यक्ष प्रोफेसर रामदीप विर्क ने इसे एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक अभूतपूर्व कदम बताया।

### लुधियाना में छापेमारी के दौरान पुलिस दल पर हमला

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना जिले में कार छीनने की घटना के सिलसिले में छापेमारी के दौरान बदमाशों द्वारा किए गए हमले में थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस टीम शुक्रवार रात यहां से लगभग 40 किलोमीटर दूर कमालपुर गांव में छापेमारी करने गई थी। संयुक्त पुलिस आयुक्त जसकरण सिंह तेजा ने बताया कि पुलिस टीम पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया, पुलिस दल का नेतृत्व सदर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षबीर सिंह कर रहे थे।

इस घटना में हर्षबीर सिंह और मेराडो पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक तरसेम सिंह घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## शैक्षणिक संस्थानों और समाज में जेंडर सेंसिटाइजेशन के महत्व पर दिया जोर

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की पहल के तहत सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के जेंडर चैंपियंस क्लब (जीसीसी) की ओर से जेंडर सेंसिटाइजेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

बाल यौन शोषण रोकथाम और बाल अधिकार वकालत में अग्रणी सगठन बचपन सेव द इनोसेंस के संस्थापक राहुल सिंगला ने सत्र का नेतृत्व किया। जेंडर चैंपियंस को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने शैक्षणिक संस्थानों और समाज में जेंडर सेंसिटाइजेशन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने




कहा कि परिवर्तन पीढ़ियों के दौरान होता है और शिक्षा जेंडर से संबंधित धारणा को बदलने के साथ-साथ व्यक्तियों को अधिक न्यायसंगत समाज के निर्माण के लिए प्रथाओं को अपनाने हेतु सशक्त बनाने में प्रमुख भूमिका निभाती है।

सिंगला ने प्रतिभागियों को लिंग पहचान, लिंग अभिव्यक्ति, कामुकता और समावेशिता जैसी अवधारणाओं की गहन समझ प्रदान की। बाल यौन शोषण के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमें इस मिथक को खत्म करने की जरूरत है कि ज्यादातर लड़कियां यौन शोषण का शिकार होती हैं। इस संख्या में लगभग बराबर संख्या में लड़के और इंटरसेक्स नाबालिग शामिल हैं। जो लोग यौन दुर्व्यवहार का शिकार होते हैं, वे आगे चलकर दूसरों के साथ भी यौन दुर्व्यवहार करने की ओर प्रवृत्त होते हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## केजरीवाल का ऐलान : दिल्ली में किराएदारों को भी फ्री बिजली-पानी

**एजेंसी, दिल्ली**



**आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आई तो किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी की योजना का लाभ देने के लिए निर्णायक कदम उठाएगी।

राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मैं जहां भी जाता हूं, मुझे किराए पर रहने वाले लोग मिलते हैं और वे कहते हैं कि उन्हें अच्छे स्कूल और अस्पताल की सुविधा तो मिली हैं, लेकिन वे मुफ्त बिजली और पानी की योजनाओं से वंचित हैं। इस मुद्दे के समाधान का आश्वासन देते हुए केजरीवाल ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव के बाद किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ मिले।'' यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आम आदमी पार्टी पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने प्रचार अभियान को तेज कर रही है। परिणाम आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही आप ने अपने अभियान को कल्याणकारी पहलों के इर्द-गिर्द तैयार किया है और मुफ्त सुविधाओं और बेहतर सार्वजनिक सेवाओं को पार्टी की मुख्य ताकत के रूप में पेश किया है।

### जब मैंने देश छोड़ा तो मौत कुछ ही मिनटों की दूरी पर थी : हसीना

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा कि वह और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना पिछले वर्ष पांच अगस्त को केवल 20-25



मिनट के अंतर से मौत से बच गई थीं, जब छात्रों के नेतृत्व में हुए जन विद्रोह में उनकी अवामी लीग सरकार गिरा दी गई थी। अपनी पार्टी की ओर से फेसबुक पेज पर जारी एक संक्षिप्त ऑडियो नोट में हसीना ने अपनी जान बचाने के लिए ईश्वर के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने उनपर पूर्व में हुए दो हमलों को भी याद किया, जिनमें वे बाल-बाल बच गई थीं।

## कांग्रेस हर कीमत पर कराएगी जातीय जनगणना: राहुल गांधी

**एजेंसी, पटना**



**कांग्रेस** नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातीय जनगणना की मांग को दोहराते हुए कहा कि उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री मोदी से स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी इसे किसी भी कीमत पर करवाकर रहेगी। उन्होंने बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना को 'फर्जी' बताया और कहा कि यहां लोगों को बेवकूफ बनाया गया। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर देश के संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरएसएस प्रमुख मोहन का 'सच्ची आजादी' वाला बयान 'देश के संविधान के खिलाफ है'। राहुल ने पटना के बापू सभागार में 'संविधान सुरक्षा सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसदी है, लेकिन वे व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं। यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं।'

## भारत और अमेरिका के बीच साइबर अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और अमेरिका ने साइबर अपराधों की जांच में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बाइडेन प्रशासन की ओर से ट्रंप प्रशासन को प्रभार सौंपे जाने से तीन दिन पहले इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वाशिंगटन डीसी में भारतीय राजदूत विनय क्वात्रा और कार्यवाहक अमेरिकी उप गृह सुरक्षा सचिव (डीएचएस) क्रिस्टी कैनेगैलो ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। उसने कहा कि इस समझौते से दोनों देशों की संबंधित एजेंसियों को आपराधिक जांच में साइबर खतरे की खुफिया जानकारी और डिजिटल फॉरेंसिक के उपयोग के संबंध में सहयोग और प्रशिक्षण के स्तर को बढ़ाने की अनुमति मिल जाएगी। भारत की ओर से गृह मंत्रालय का 'इंडियन साइबरक्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी)' इस समझौते के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार है।

## इसराइल की गाजा में युद्धविराम समझौते को मंजूरी, आज रिहा किए जाएंगे बंधक

**एजेंसी, यरुशलम**

**इसराइल** के मंत्रिमंडल ने गाजा में संघर्ष विराम के लिए एक समझौते को मंजूरी दे दी, जिससे वहां बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को रिहा किया जा सकेगा। इस समझौते से दोनों पक्ष अपने सबसे घातक और विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे।

कतर और अमेरिका ने बुधवार को संघर्ष विराम की घोषणा की। की, लेकिन यह समझौता अधर में लटका रहा, क्योंकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि अंतिम समय में कुछ जटिलताएं उत्पन्न हो गईं। इसके लिए आतंकवादी समूह हमास को जिम्मेदार ठहराया। संघर्ष विराम रविवार से लागू हो जाएगा। पहले चरण में 700 से अधिक बंधक रिहा किए जाएंगे और उनमें से कितने अभी जीवित हैं।

## मुश्किल हालात में विकास दर को बनाए रखना चुनौती : जयशंकर

**एजेंसी, मुंबई**



**भारतीय** विदेश मंत्री एस जयशंकर शनिवार को 19वें 'नानी ए पालकीवाला मेमोरियल लेक्चर' में शामिल हुए। उन्होंने भारतीय विदेश नीति के विभिन्न पहलुओं पर बात की। साथ ही बीते 10 साल में भारतीय कूटनीति के दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया।

विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया इस वक्त बाजार संसाधनों और वित्तीय संस्थानों को हथियार बनाए जाने की चुनौती का सामना कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत की कोशिश ज्यादा से ज्यादा दोस्त बनाने और समस्याओं को कम करने की है। विदेश मंत्री ने कहा कि मुश्किल परिस्थितियों में भी अपने विकास की रफ्तार को बनाए रखना भारत के लिए बड़ी चुनौती है। इसके लिए आंतरिक विकास के साथ ही आधुनिकीकरण करने और बाहरी जोखिम को कम करने की जरूरत है।

घरेलू स्तर पर हमने स्थिर राजनीतिक स्थायित्व, समावेशी विकास और लगातार सुधारों से बेहतर काम किया है। हालांकि हमें उत्पादन, खाद्य और स्वास्थ्य सुरक्षा पर और ध्यान देने की जरूरत है। साथ ही मजबूत सहयोग संबंध बनाने की भी जरूरत है ताकि हम और प्रतिस्पर्धी बन सकें।

### नाइजीरिया को ब्रिक्स पार्टनर देश का दर्जा

**ब्राजिलिया।** अफ्रीका महाद्वीप का देश नाइजीरिया शुक्रवार को औपचारिक रूप से ब्रिक्स का पार्टनर सदस्य बन गया है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि बेलारूस, बोलीविया, क्यूबा, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, युगांडा और उज्बेकिस्तान के साथ नाइजीरिया 9वां ऑफिशियल ब्रिक्स पार्टनर बन गया है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्राजील सरकार ब्रिक्स की अपनी अस्थायी अध्यक्षता का इस्तेमाल करते हुए ब्रिक्स में पार्टनर देश के तौर पर नाइजीरिया के ऑफिशियल एंट्री की घोषणा करती है। ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा दुनिया की छठी बड़ी आबादी व अफ्रीकी महाद्वीप की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था (3.29 लाख करोड़ रुपए) होने के नाते नाइजीरिया के हित अन्य ब्रिक्स देशों से मेल खाते हैं।

## भारत की अर्थव्यवस्था 2025-26 में 6.5% की गति से बढ़ेगी : आईएमएफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2025 और 2026 में 6.5 प्रतिशत की गति से बढ़ सकती है। यह हमारे अक्टूबर में जारी किए गए अनुमान के अनुरूप है।

आईएमएफ का यह अनुमान वर्ल्ड बैंक के अनुमान के बाद आया है, जिसमें कहा गया था कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ सकती है, जो कि चालू वित्त वर्ष की विकास दर के अनुमान से अधिक है। आईएमएफ के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है। कुछ एशियाई और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं में निराशाजनक डाटा जारी होने के बाद, 2024 की तीसरी तिमाही में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर अक्तूबर 2024 के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में अनुमानित वृद्धि से 0.1 प्रतिशत कम थी। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री और शोध निदेशक पियरे-ओलिवियर गौरींचस ने कहा कि इस साल और अगले साल वैश्विक विकास दर 3.3 प्रतिशत पर स्थिर रहने का अनुमान है। महंगाई दर लगातार घट रही है। इस साल 4.2 प्रतिशत और अगले साल 3.5 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग की उम्मीदों के कारण अधिक बढ़ रही है।



# थानाकलां में कबड्डी प्रतियोगिता में 24 टीमों के 288 खिलाड़ी ले रहे भाग

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के थानाकलां में सांसद खेल महाकुंभ 3.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया। इस आयोजन में 24 टीमों के 288 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जो कुटलैहड़ के विभिन्न पंचायतों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने आए हैं।

यह खेल महाकुंभ खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान मैदान पर उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करते हुए अपनी कुशलता और



रणनीति का प्रदर्शन कर रहे हैं।

पूर्व वीरेंद्र कंवर ने कहा खेल न केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य को सुधारते हैं, बल्कि मानसिक विकास और सामाजिक समरसता में भी योगदान देते हैं। यह आयोजन युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर है।

उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे खेल को केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि अनुशासन और चरित्र निर्माण का माध्यम मानें। साथ ही, उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ जैसे आयोजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच खेल की समरसता को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं। सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन हर साल युवाओं को खेलों में आगे बढ़ाने और उन्हें लोकसभा स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से किया जाता है।

# रणजी मैच खेलेंगे रोहित शर्मा

**एजेंसी, मुंबई**



भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की शनिवार को पुष्टि की, लेकिन घरेलू मैचों में स्टार खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के व्यस्त कार्यक्रम से खिलाड़ियों के लिए समय निकालना मुश्किल है।

रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण 23 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुंबई की टीम यहां के एमसीए-बीकेसी ग्राउंड में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेगी। बीसीसीआई मुख्यालय में यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान घरेलू मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा, ''पिछले छह सात वर्षों से अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हम 45 दिनों तक घर बैठे रहे हो। ऐसा तभी होता है जब आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है।'' भारतीय कप्तान ने कहा, ''हमारा घरेलू सत्र अक्तूबर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप नहीं खेल रहे हैं और जब घरेलू क्रिकेट हो रहा है, तो वे इसमें खेल सकते हैं।''

उन्होंने कहा, '' मैं अपनी बात करूं तो मैंने 2019 से नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया दिया है। ऐसे में आपको मुश्किल से ही समय मिलता है।''

### सांसद अनुराग ठाकुर का ड्रग्स के खिलाफ क्रांतिकारी व कारगर कदम : नरेंद्र अत्री

# सांसद खेल महाकुंभ : बीड़ बगेहड़ा में 35 टीमें दिखाएंगी वॉलीबॉल में दमखम



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

सांसद खेल महाकुंभ, भाजपा सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की दूरदर्शी एवं सकारात्मक सोच का प्रमाण है। यह बात भाजपा के प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने सांसद खेल महाकुंभ-3 वॉलीबॉल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बीड़ बगेहड़ा में बतौर मुख्यातिथि खिलाड़ियों व युवाओं को संबोधित करते हुए कहीं।

अत्री ने कहा कि यह आयोजन 5वीं बार के सांसद अनुराग ठाकुर का एक क्रांतिकारी व कारगर कदम सिद्ध हो रहा है। इस मौके पर विशेष रूप से भाजपा मंडल सुजानपुर के पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र ठाकुर, युवा मोर्चा कपिल मोहन शर्मा, भाजपा जिला सचिव अनिल परमार, सुजानपुर मंडल महामंत्री जगन कटोच, युवा मोर्चा सुजानपुर अध्यक्ष शुभम राणा, महामंत्री एश्वर्य राठौर, बीड़ बगेहड़ा पंचायत प्रधान रजनी बाला व युवा मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सुजानपुर मंडल क्षेत्र से 35 टीमें भाग ले रही है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### बैडमिंटन कोच अरुण ने राष्ट्रीय टीम छोड़ी, अपनी अकादमी खोलेंगे

**नई दिल्ली।** भारत में महिला युगल बैडमिंटन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोच अरुण विष्णु ने राष्ट्रीय कोचिंग टीम को छोड़ दिया है और वह मार्च में नागपुर में अकादमी शुरू करेंगे। कोझिकोड के इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को विश्व स्तरीय जोड़ी बनाने तथा तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह अब नागपुर में बसने जा रहे हैं, जहां उनके ससुर रहते हैं। अरुण अपनी पत्नी और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अरुंधति पेंतावने के साथ एक अकादमी भी खोलेंगे।

### डेनमार्क की ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन में स्टेडियम की आलोचना की

**नई दिल्ली।** डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम की स्थितियों की आलोचना करने के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी के प्रदूषण स्तर को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक करार दिया। ब्लिचफेल्ट को पेट में संक्रमण हो गया था। वह दूसरे दौर में चीन की वांग झी यी से 21-13, 16-21, 8-21 से हार गई थी। ब्लिचफेल्ट ने इंस्टाग्राम पर लिखा, '' भारत में एक लंबे और तनावपूर्ण सप्ताह के बाद आखिरकार घर पहुंच गई हूं। यह लगातार दूसरा वर्ष है जबकि इंडिया ओपन के दौरान मैं बीमार पड़ गई थी।''

### सांसद सरोज से विवाह करेंगे रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा क्रिकेटर रिंकू सिंह जल्द ही समाजवादी पार्टी की युवा सांसद प्रिया सरोज के साथ शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। दोनों का रोका हो चुका है, जिससे यह रिश्ता आधिकारिक रूप से पक्का हो गया है। प्रिया सरोज, जो उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से पहली बार लोकसभा चुनाव जीतकर आई हैं, एक प्रभावशाली राजनैतिक परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता, तूफानी सरोज, सपा के वरिष्ठ नेता और वर्तमान में केराकत से विधायक हैं।



## ऑस्ट्रेलियन ओपन

### चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज बाहर, रयबाकिना ने यास्त्रेमस्का को किया पराजित

# स्वियातेक की राडुकानु पर आसान जीत

**एजेंसी, मेलबोर्न**

विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बेहतरीन खेल का नजारा पेश करते हुए ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु पर आसान जीत दर्ज की जबकि गाएल मोनफिल्स ने 38 साल की उम्र में भी अपना दमदार खेल दिखाते हुए शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में जगह बनाई।

स्वियातेक ने मैच के अंतिम 11 गेम जीतकर अमेरिकी ओपन में 2021 की चैंपियन राडुकानु को 6-1, 6-0 से हराया। 8वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो भी ओन्स जाबेउर को 6-4, 3-6, 6-4 से हराकर चौथे दौर में पहुंच गई हैं। नवारो ने 2024 की शुरुआत से अब तक डब्ल्यूटीए स्तर पर 30 तीन सेट वाले मैच खेले हैं, जो इस अवधि में किसी भी खिलाड़ी से सबसे अधिक हैं। इस बीच अमेरिका के 20 वर्षीय खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रूस के करेन खाचानोव को 6-3, 7-6 (5), 6-2 से हराकर पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। मिशेलसन ने पहले दौर में स्टेफानोस सितसिपास को हराया था। मिशेलसन अगले दौर में ऑस्ट्रेलिया के 8वीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनाउर का सामना करेंगे, जिन्होंने 31वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 5-7, 7-6 (3), 6-3, 6-3 से हराया।

पिछले साल अमेरिकी ओपन के उपविजेता और यहां चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज बाहर हो गए हैं। उन्हें 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स ने 3-6, 7-5, 7-6 (1), 6-4 से हराया। मोनफिल्स साल के पहले ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचने वाले 38 साल या इससे अधिक उम्र के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। स्वियातेक अगले दौर में जर्मनी की 128वीं रैंकिंग वाली ईवा लिस का सामना करेंगी। लिस ने जैकलीन क्रिस्टियन को 4-6, 6-3, 6-3 से हराया। एलेना रिबाकिना और 9वीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। विंबलडन में 2022 की चैंपियन रयबाकिना ने दयाना यास्त्रेमस्का को 6-3, 6-4 से जबकि कसाटकिना ने यूलिया पुतिनत्सेवा को 7-5, 6-1 से पराजित किया।



इगा स्वियातेक

**प्वाइंट कार्ड**

| राडुकानु | | स्वियातेक |
|---|---|---|
| 01 | एस | 02 |
| 04 | डब्ल फॉल्ट | 03 |
| 58% | पहली सर्व | 69% |
| 55% | पहली सर्व जीती | 83% |
| 28% | दूसरी सर्व जीती | 100% |
| 0/0 | ब्रेक प्वाइंट | 5/12 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 29 | प्वाइंट जीते | 59 |

### बालाजी-वरेला की जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर

**भारत** के एन श्रीराम बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला शनिवार को यहां नूनो बोर्गेस और फ्रांसिस्को कैब्राल की पुर्तगाली जोड़ी से दूसरे दौर में हार के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल से बाहर हो गए। मेलबोर्न पार्क में दो घंटे और नौ मिनट तक चले करीबी मुकाबले में बालाजी और वरेला की जोड़ी को 6-7 (7), 6-4, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। पहला सेट काफी रोमांचक रहा जो 56 मिनट तक चला। इस सेट में कोई भी जोड़ी सर्विस नहीं तोड़ पाई और मामला टाईब्रेकर में चला गया, जहां बोर्जेस और कैब्राल ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। बालाजी और वरेला की जोड़ी ने दूसरे सेट में दमदार शुरुआत की और फिर और अपनी लय बरकरार रखते हुए इस सेट को अपने नाम करके मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे और निर्णायक सेट में बोर्गेस और कैब्राल ने चौथे गेम में अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस तोड़कर 3-1 की बढ़त बना ली। पुर्तगाल की जोड़ी ने 9वें गेम में ब्रेक पॉइंट हासिल करके मैच अपने नाम किया।

### जुग्गा की राधिका हॉकी में खेलेगी नेशनल

**अनंत ज्ञान, जुग्गा।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुग्गा की 10वीं कक्षा की छात्रा राधिका शर्मा हॉकी में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपने दमखम दिखाएगी।



प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने राधिका को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हाल ही में कांगड़ा जिला के रैत में संपन्न हुई हॉकी की राज्य स्तरीय अंडर-19 मेजर खेल प्रतियोगिता में राधिका का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है जोकि 29 जनवरी से 2 फरवरी तक मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स रांची (झारखंड) में होगी, जिसमें हिमाचल प्रदेश से 18 छात्राओं का चयन हुआ है। इससे पहले राधिका का राज्य स्तर के लिए चयन सुन्नी में संपन हुई जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हुआ था।

प्रधानाचार्य ने बताया कि राधिका शर्मा जुग्गा पाठशाला की होनहार बेटी है, जिसने हॉकी खेल में पाठशाला और समूचे जुग्गा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

राधिका एक साधारण परिवार से संबध रखती है राधिका के पिता जगत राम एक किसान है, जोकि पुराना जुग्गा में रहते है। जगत राम ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर गर्व है।

### सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपर जॉइंट्स को हराया

**डरबन।** गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने लगातार तीन हार के बाद वापसी करते हुए किंग्समीड में खेले गए एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में डरबन सुपर जॉइंट्स पर 58 रन से शानदार जीत हासिल की।

सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 165 रन बनाए और इसके बाद सुपर जॉइंट्स को 107 रन पर आउट कर दिया। सुपर जॉइंट्स की तरफ से स्पिनर नूर अहमद ने 24 रन देकर चार विकेट लिए।

सुपर जॉइंट्स के बल्लेबाज हालांकि टिककर नहीं खेल पाए और उसकी पूरी टीम 18.1 ओवर में आउट हो गई। उसके चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, लेकिन कोई भी बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

# पंजाब के खिलाफ रणजी मैच से बाहर हो सकते हैं लोकेश राहुल

**एजेंसी, बेंगलुरु**

सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल कोहनी की चोट से उबर रहे हैं, जिसके कारण वह गुरुवार से यहां पंजाब के खिलाफ शुरू होने वाले कर्नाटक के रणजी ट्रॉफी मैच से बाहर हो सकते हैं।

राहुल ने बीसीसीआई के चिकित्सा दल को इस मुद्दे पर अपनी चिंता से अवगत कराया है और वे फिलहाल उनकी निगरानी कर रहे हैं। राहुल हालांकि 30 जनवरी से हरियाणा के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी मैच में खेल सकते हैं। कर्नाटक राज्य क्रिकेट



संघ पंजाब के खिलाफ मैच के लिए एक या दो दिन में टीम की घोषणा कर सकता है। भारतीय टीम में शामिल कर्नाटक के अन्य खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा और देवदत्त पडिक्कल चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। ये दोनों वर्तमान में विजय हजारे ट्रॉफी में खेल रहे हैं।

देवदत्त अच्छी लय में हैं और उन्होंने ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद खेले गए दो मैचों में एक शतक और अर्धशतक लगाए हैं। पंजाब को कर्नाटक के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल की सेवाएं मिलेंगी। बीसीसीआई ने गुरुवार को जारी 10 सूत्री आदेश में शीर्ष खिलाड़ियों के लिए घरेलू मैचों में भाग लेना अनिवार्य कर दिया है। खिलाड़ियों को इस शर्त से छूट पाने के लिए चयन समिति के अध्यक्ष से अनुमति लेनी होगी।

# क्लासिक कार वर्ग में डकार रैली पूरी करने वाले पहले भारतीय बने टकाले

**एजेंसी, रियाद ( सऊदी अरब )**

शीर्ष रेसर संजय टकाले ने क्लासिक कारों की श्रेणी में प्रतिष्ठित डकार रैली को पूरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। 'कॉम्पैनी सहरिएन' टीम के फ्रांस के सह-चालक मैक्सिम राउड के साथ टकाले ने लगभग 7,453 किमी की कठिन प्रतियोगिता में असाधारण निरंतरता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए 14 चरण के रेस के क्लासिक कारों की श्रेणी में 10 वां जबकि ओवरऑल 18वां स्थान हासिल किया।



उन्होंने टोयोटा लैंड क्रूजर एचजेडजे78 से रेस के आखिरी चरण को पांचवें स्थान पर रहते हुए खत्म किया। डकार रैली का यह 47वां जबकि सऊदी अरब में छठा सत्र है।

# अर्जुन पुरस्कार के बाद भी राज्य सरकार की अनदेखी से निराश पैरा तीरंदाज राकेश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस पैरालंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले राकेश कुमार का हौसला अर्जुन पुरस्कार मिलने के बाद 7वें आसमान पर है, लेकिन खेलों से देश का नाम रोशन करने वाला यह पैरा तीरंदाज जम्मू-कश्मीर सरकार से किसी तरह की मदद नहीं मिलने से निराश है।

राकेश कुमार और शीतल देवी की जोड़ी ने पेरिस 2024 पैरालंपिक में मिश्रित कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी ने इटली के एलोनोरा सार्टी और माटेओ बोनासिना के खिलाफ रोमांचक मैच में 156-155 के स्कोर के साथ एक अंक से जीत हासिल की थी। पेरिस ओलंपिक की सफलता के बाद जम्मू-कश्मीर के इस 40 साल के तीरंदाज को शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

साल 2013 में एक दुर्घटना के बाद राकेश के शरीर का निचला हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया था और तब से व्हीलचेयर पर आ गए।

राकेश ने अर्जुन पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई हुए कहा कि उनकी मेहनत रंग लाई। जम्मू में 'श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड' की खेल सुविधा में प्रशिक्षण लेने वाले राकेश ने कहा, '' देश में खेलों से जुड़े सबसे प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हासिल करने की काफी खुशी है।



इस पुरस्कार और पहचान से लगता है कि हमने पिछले सात साल में जो मेहनत की है वह सफल रही।''

**शीतल देवी के साथ पैरालंपिक में जीता था कांस्य पदक**

राकेश के कहा कि अर्जुन पुरस्कार पाने वाला अपने राज्य का पहला पुरुष होने के बावजूद उन्हें राज्य सरकार से कोई भी मदद नहीं मिली है। राकेश ने कहा, '' जब से अर्जुन पुरस्कार की घोषणा हुई है मेरे पास बधाई संदेशों का तांता लगा हुआ है, लेकिन राज्य सरकार के लिए शायद मेरी उपलब्धि का कोई मतलब नहीं। मैं पिछले सात साल से देश के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत रहा हूं लेकिन अभी तक मुझे राज्य सरकार से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है।'' पैरा एशियाई खेलों (चीन 2022) में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाले इस तीरंदाज ने कहा, '' नौकरी या वित्तीय सहायता की बात तो छोड़िए जम्मू कश्मीर सरकार या यहां के खेल परिषद से जुड़े किसी अधिकारी का हमें बधाई संदेश भी नहीं आता है। वे अपने सोशल मीडिया पर भी हमारी उपलब्धियों का जिक्र नहीं करते हैं।'' राकेश को हालांकि उम्मीद है कि राज्य सरकार से उन्हें और जम्मू कश्मीर के अन्य खिलाड़ियों को मदद मिलेगी।

